सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 26
न्यूनतम : 10

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-190 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025
09 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान

- असम की रैली में बोले गृह मंत्री शाह

गुवाहाटी। सोमवार को असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया। बटाद्रवा को 227 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे।

शाह ने कहा, बीजेपी पूरे देश से सभी घुसपैठियों को हटाने का संकल्प लेती है। क्या यह सही था कि शंकरदेव की इस जगह पर बांग्लादेशी घुसपैठिए थे? मैं हिमंत बिस्वा सरमा को यहां से घुसपैठियों को हटाने और नामघर को फिर से स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक राज किया, लेकिन उसने असम आंदोलन में जान देने वालों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी वर्षों तक घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही और 1983 में आईएमडीटी एक्ट लाकर उन्होंने घुसपैठियों को यहां बसने का कानूनी रास्ता बनाया।

गृह मंत्री ने असम दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में शहीद स्मारक क्षेत्र में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। इसके बाद बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का गायन-बयान (गायक और ढोल वादक) द्वारा स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां गुरु आसन (पूजनीय संत की सीट) रखी है। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव आविर्भाव क्षेत्र नाम की इस जगह को फिर से विकसित करने का फैसला पहले 2021-22 के राज्य बजट में प्रस्तावित किया गया था।

इस परियोजना को न केवल ऐतिहासिक स्थल बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी डिजाइन किया गया है। यहां महापुरुष शंकरदेव से जुड़े जीवन, आदर्शों और कलात्मक विरासत और राज्य की व्यापक सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाया गया है। सरमा ने कहा कि यह परियोजना, महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए, असम के सत्रों, नामघरों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। गृहमंत्री ने कहा, आज मैं भारत रत्न गोपीनाथ जी को बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं, जिन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू को असम को भारत में रखने के लिए मजबूर कर दिया। गोपीनाथ जी न होते तो शायद ये असम और पूरा उत्तर पूर्व आज भारत का हिस्सा न होता। इसके बाद अमित शाह ने गुवाहाटी पुलिस कमिश्नरेट की 111 करोड़ रुपये की नई इमारत और 189 करोड़ के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम का उद्घाटन किया।

एक लाख बीघा से अधिक जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

बोरदुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने एक भारत का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। अमित शाह ने दावा किया कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से 1 लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे। उन्होंने कहा, हमने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए, इन समझौतों की 92 प्रतिशत शर्तें पूरी हो चुकी हैं।

हर मंडल मुख्यालय पर बनाएंगे स्पोर्ट्स कॉलेज

- स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ कर रही सरकार: योगी
- विधायक खेल स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिले स्तर पर बड़ा स्टेडियम बनवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ सरकार हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की तैयारी कर रही है।

सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा - 2025 के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार सुदृढ़ कर रही है। गोरखपुर में बेलीपार के पास एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनने जा रहा है। गोरखपुर के रीजनल स्टेडियम का भी 63 करोड़ रुपये की लागत से नवोद्धार हो रहा है। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में भी बेहतरीन स्टेडियम बन रहा है। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का सत्र प्रारंभ हो चुका है। इस यूनिवर्सिटी का विश्व स्तरीय निर्माण जारी है। अब सरकार की तैयारी हर मंडल मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने की है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वह जल्द ही गोरखपुर महानगर की सभी संस्थाओं के साथ बैठक करने वाले हैं। उस बैठक में संस्थाओं का आह्वान किया जाएगा कि वे एक-एक खेल को गोद लें। कुछ सहयोग वे करें और कुछ सरकार करेगी। वहां पर अच्छे कोच रखे जाएंगे। इससे बच्चों को खेल के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक खेल स्पर्धा को लेकर अपनी आगामी योजना भी साझा की। उन्होंने कहा कि अगली बार बच्चों और छात्रों के स्तर के साथ ही वार्ड स्तर पर कामकाजी व रिटायर्ड लोगों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

खेलेगा युवा तो खिलेगा देश

सीएम योगी ने खेलकूद के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवा खेलेगा तो देश खिलेगा। और, विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का रास्ता यहीं से प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलताओं का मार्ग स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकता है। स्वस्थ शरीर खेलकूद और यौगिक क्रियाओं के माध्यम से ही प्राप्त होगा।

डीआरडीओ ने किया पिनाका रॉकेट का सफल परीक्षण

- 120 किमी की है मारक क्षमता
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

नई दिल्ली। डीआरडीओ ने सोमवार को 120 किमी की मारक क्षमता वाले पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट का सफल परीक्षण किया। पिनाका रॉकेट का पहला सफल परीक्षण चांदीपुर में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ और अन्य हितधारकों को बधाई दी।

पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम (एमबीआरएल) ने भारत की स्वदेशी रक्षा शक्ति को नई धार दी है। 120 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के साथ यह भारतीय सेना की आर्टिलरी क्षमता का प्रमुख आधार बनेगा। यह प्रणाली न सिर्फ लंबी दूरी तक सटीक हमला करने में सक्षम है, बल्कि आधुनिक युद्ध की बदलती जरूरतों के अनुरूप कई उन्नत खूबियों से भी लैस है।

पिनाका रॉकेट सिस्टम का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया है, जबकि इसके निर्माण और आपूर्ति में भारतीय रक्षा उद्योग की अहम भागीदारी रही है। यह पूरी तरह स्वदेशी प्रणाली है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को मजबूती देती है। पिनाका का शुरुआती संस्करण लगभग 40 किलोमीटर की रेंज तक सीमित था, लेकिन तकनीकी सुधारों के साथ इसकी मारक क्षमता पहले 60 और 75 किलोमीटर तक बढ़ाई गई। अब 120 किलोमीटर रेंज वाला संस्करण इसे दुनिया की आधुनिक रॉकेट आर्टिलरी प्रणालियों की कतार में खड़ा करता है।

पिनाका रॉकेट की एक बड़ी खासियत इसकी तेज फायरिंग क्षमता है। एक लॉन्चर से कुछ ही सेकंड में कई रॉकेट दागे जा सकते हैं, जिससे दुश्मन के बड़े इलाके को कम समय में कवर किया जा सकता है। इसे 'शूट एंड स्कूट' क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है, यानी फायरिंग के तुरंत बाद लॉन्चर अपनी स्थिति बदल सकता है, जिससे दुश्मन की जवाबी कार्रवाई से बचाव होता है। इन रॉकेट्स में विभिन्न प्रकार के वारहेड विकल्प उपलब्ध हैं।

प्रमुख खूबियां

120 किमी रेंज वाले पिनाका रॉकेट्स में उन्नत गाइडेंस सिस्टम लगाया गया है, जिससे यह अत्यधिक सटीकता के साथ लक्ष्य को भेद सकते हैं। इसमें इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम (आईएनएस) और सैटेलाइट आधारित मार्गदर्शन तकनीक का उपयोग किया गया है, जो लक्ष्य से विचलन को न्यूनतम करता है। इसके कारण कोलेटरल डैमेज कम होता है और प्रभावशीलता बढ़ती है।

ओमान जा रहा इंडियन नेवी का जहाज, जो दुनिया में नहीं है किसी के पास

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का वो जहाज, जो दुनिया में किसी के पास नहीं है। वो जहाज ओमान की यात्रा पर निकल रहा है। सबसे खास बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर खुद इसकी जानकारी साझा की है। पीएम ने कहा कि यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि आईएनएसवी कौंडिन्य पोरबंदर से मस्कट, ओमान के लिए अपनी पहली यात्रा पर निकल रहा है। पीएम ने कहा कि प्राचीन भारतीय तकनीक वाले जहाज बनाने की तकनीक से बना यह जहाज भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं को दर्शाता है।

लोक मंगल की कामना के लिए सीएम ने किया रुद्राभिषेक

- देवाधिदेव महादेव से की प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार प्रातः काल रुद्राभिषेक कर चराचर जगत पर कृपा बरसाने वाले देवाधिदेव महादेव से लोकमंगल की प्रार्थना की। हवन के साथ रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की कामना की।

वर्ष 2025 के अंतिम सोमवार को प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्वपत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल और दूध से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

प्रदेश में अब 15 जनवरी को खुलेंगे स्कूल

- कुछ जिलों में शिक्षकों को बुलाने का दिया गया आदेश बदला गया

लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में इस साल दो दिन पहले ही जाड़े की छुट्टी हो गई है। इससे बच्चों के साथ शिक्षकों को भी राहत मिली है। हालांकि, कुछ जिलों ने इस दौरान शिक्षकों को बुलाने का आदेश दिया था लेकिन निदेशालय की सख्ती के बाद उन्हें आदेश संशोधित करना पड़ा।

परिषदीय विद्यालयों में जाड़े की छुट्टियां यूं तो 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक होती हैं लेकिन इस बार भीषण शीतलहर को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने 29 दिसंबर से एक जनवरी तक 12वीं तक के विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। इस तरह विद्यालयों में दो दिन पहले ही जाड़े की छुट्टियां हो गई हैं।

अब स्कूल सीधे 15 जनवरी को खुलेंगे। अमेठी, प्रतापगढ़ जैसे कुछ जिलों ने छुट्टियों में शिक्षकों को विद्यालय आने और आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए थे। मामला बेसिक शिक्षा निदेशालय के संज्ञान में आया और वहां के कड़े निर्देश के बाद इन जिलों ने भी अपने यहां संशोधित आदेश जारी कर दिया। इससे शिक्षकों को भी इस कड़ी ठंड में स्कूल जाने से राहत मिल गई है। अब वे भी सीधे 15 जनवरी को विद्यालय जाएंगे।

प्रदेश में ठंड का कहर जारी है। सोमवार को भी प्रदेश के कई जिलों में सुबह कोहरे का असर रहा। कानपुर में सुबह दृश्यता शून्य दर्ज की गई तो वहीं कई अन्य जिलों में भी 100 मीटर से कम दृश्यता रही।

उन्नाव रेप केस : कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

- जमानत के आदेश पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उन्नाव दुष्कर्म मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उन्हें जमानत दे दी थी। यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने की।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आदेश जारी करते हुए कहा कि इस मामले में कानून के कई महत्वपूर्ण प्रश्न जुड़े हुए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आमतौर पर जमानत पर रिहा हुए व्यक्ति को सुने बिना उसके आदेश पर रोक नहीं लगाई जाती लेकिन इस मामले के तथ्य 'असाधारण' हैं। न्यायालय ने जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

इस मामले में सीबीआई ने एक विशेष अनुमति याचिका दायर 26 दिसंबर, 2025 को दायर की थी। इसमें 23 दिसंबर के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने सेंगर की अपील लंबित रहने के दौरान उनके आजीवन कारावास की सजा पर रोक लगा दी थी। सेंगर को दिसंबर 2019 में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया था और 25 लाख रुपये के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

सेंगर ने जनवरी 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की थी और बाद में मार्च 2022 में अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उच्च न्यायालय ने 23 दिसंबर को अपने आदेश में कुलदीप सेंगर की सजा पर रोक लगा दी थी और उनकी अपील के निपटारे तक कुछ शर्तों के अधीन उन्हें जमानत दे दी। हालांकि सेंगर अभी भी जेल में बंद है क्योंकि वह पीड़िता के पिता की गैर-इरादतन हत्या से संबंधित एक अलग सीबीआई मामले में 10 साल की सजा काट रहा है।

कोर्ट के फैसले से दुष्कर्म पीड़िता संतुष्ट

सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर दुष्कर्म पीड़िता ने संतुष्टी जाहिर की है। पीड़िता ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश से संतुष्ट हैं और उसे न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। पीड़िता ने कहा, मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। सुप्रीम कोर्ट से मुझे इंसाफ मिला है।

विरोध के बाद हुआ लेखपाल भर्ती में बदलाव : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया है कि सपा के विरोध के बाद आयोग ने लेखपाल भर्ती का संशोधित विज्ञापन जारी किया है। इसमें ओबीसी के 717 पद बढ़ाए गए, जबकि सामान्य वर्ग के 905 पद घटे। राजनीतिक दलों में इसका श्रेय लेने की होड़ मची है

सपा अध्यक्ष ने एक्स के माध्यम से कहा कि भाजपा के नेता वे घोटालेबाज हैं, जो संविधान द्वारा दिया गया आरक्षण भी सरेआम मार देते हैं। जानबूझकर आरक्षण की हकमारी करते हैं और सोचते हैं कि पकड़ गए तो दे देंगे। इससे साफ होता है कि ओबीसी हो, दलित, अल्पसंख्यक या महिला, ये सब भाजपा की निगाह में दोयम दर्जे के लोग हैं।

अल्पसंख्यकों पर भारत को घेरा तो विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

पाकिस्तान ने फिर करवा ली अपनी बेइज्जती

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने एक बार फिर से अपनी घनघोर बेइज्जती करवा ली है। दरअसल, पाकिस्तान ने भारत पर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया था। फिर क्या था भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय भी एक्टिव हो गया और ऐसा जवाब दिया कि जिसका जवाब देना मुश्किल हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के सारे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आरोप लगाने के अलावा पाकिस्तान के पास कोई काम नहीं बचा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उस देश के झूठे आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं जिसका इस मामले में खुद ही बेहद खराब रिकॉर्ड है। विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों पर पाकिस्तान किस तरह से अत्याचार करता है, वह पूरी दुनिया के सामने है। किसी भी तरह से आरोप लगाने से यह तथ्य छिप नहीं सकता।

विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया तब आई जब पाकिस्तानी विदेश मामलों के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाली हालिया घटनाओं, जिनमें क्रिसमस से संबंधित तोड़फोड़ और मुसलमानों पर हमले शामिल हैं, पर ध्यान देने और कमजोर समूहों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। पिछले महीने, पाकिस्तान ने राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह पर आपत्ति जताई थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया था।

विदेश मंत्रालय ने इस टिप्पणी को राजनीतिक रूप से प्रेरित और अस्वीकार्य बताते हुए कहा था कि भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, हमने इन टिप्पणियों को देखा है और इन्हें पूरी तरह अस्वीकार करते हैं।

पाखंडी उपदेश मत दो हमें : रणधीर जायसवाल

रणधीर जायसवाल ने कहा कि कहा कि कट्टरता, दमन और अल्पसंख्यकों के साथ व्यवस्थित दुर्व्यवहार के दागदार इतिहास वाले देश के रूप में, पाकिस्तान को दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। पाखंडी उपदेश देने के बजाय, पाकिस्तान को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए अपने मानवाधिकारों के दयनीय रिकॉर्ड पर ध्यान देना चाहिए।

मणिकम के आरएसएस की तुलना अलकायदा से करने पर भड़के संघ नेता

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर द्वारा संघ की तुलना आतंकी संगठन अलकायदा से किए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। अब आरएसएस नेता ने टैगोर की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की बौद्धिक और मानसिक दिवालियापन को दिखाता है।

मणिकम द्वारा दिए गए बयान पर सोमवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने कहा, जब कोई पार्टी लगातार चुनाव हारती है, तो उसकी हताशा साफ नजर आती है। यह बयान उसी हताशा का परिणाम है, जो कि कांग्रेस पार्टी की बौद्धिक और मानसिक दिवालियापन को दिखाता है। संघ नेता इंद्रेश कुमार ने आगे कहा कि कई बार राजनीतिक नेताओं ने आरएसएस के अनुशासन, देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान की प्रशंसा की है। इससे कांग्रेस पार्टी के भीतर ही उथल-पुथल मची है और यह विभाजित दिखती है।

नफरत रातों-रात पैदा नहीं होती

- देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या को लेकर भड़के राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा के साथ हुई बर्बरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश में फैल रही नफरत का ताजा उदाहरण है। राहुल गांधी ने दोनों भाईयों को न्याय देने की मांग करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा देहरादून में अंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ वह एक भयानक घृणा से उपजा अपराध है। नफरत रातों-रात पैदा नहीं होती। अब वर्षों से इसे रोजाना -विशेष रूप से युवाओं को- जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदाराना आख्यानों के माध्यम से नफरता का जहर खिलाया जा रहा है और सत्तारूढ़ भाजपा के नफरत फैलाने वाले नेतृत्व द्वारा इसे सामान्य बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, भारत का निर्माण बंधुत्व, समानता और प्रेम आधारित है तथा एकता पर हुआ है। भय और दुर्व्यवहार के लिए इस माहौल में कहीं काई जगह रही नहीं है। हमारा प्रेम और विविधता का देश हैं। हमें एक मृत समाज नहीं बनना चाहिए जो साथी भारतीयों को निशाना बनाए जाने पर आंखें मूंद लेता है। हमें इस पर विचार करना चाहिए और इसका सामना करना चाहिए कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं। कांग्रेस नेता कहा मेरी संवेदनाएं चकमा परिवार और त्रिपुरा तथा उत्तर पूर्व के लोगों के साथ हैं। हमें आपको अपने साथी भारतीय भाई-बहन कहने पर गर्व है। गौरतलब है कि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में शराब के नशे में धुत युवकों ने बीच सड़क पर त्रिपुरा के एक छात्र एंजेल को चाकुओं से गोद दिया और 17 दिन तक चले इलाज के बाद शुक्रवार को उसकी मृत्यु हो गई।

किरेन रिजिजू ने दिया क्लियर कट जवाब

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने त्रिपुरा के छात्र अंजेल की हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ इस तरह की घटनाएं कोई अलग घटना नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि समाज को ऐसी घटनाओं के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

समाजवादी व्यापार सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक रस्तोगी ने व्यापार सभा की जिला कमेटी का गठन कर नियुक्ति पत्र बांटे

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। समाजवादी व्यापार सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक रस्तोगी ने व्यापार सभा की जिला कमेटी का गठन कर नियुक्ति पत्र बांटे, लोहिया भवन पर हुए कार्यक्रम में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, मो0 कय्यूम खान, जिला महासचिव अंसार महलूद, अशोक वर्मा, तृप्ति अवस्थी, आनंद पटेल, अमित वर्मा, रियाजुल्ला खान ने नियुक्ति पत्र बांटे, सांसद उत्कर्ष वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का संकल्प दिलाया व्यापार सभा की नव नियुक्त कार्यकारिणी में दीपक रस्तोगी अध्यक्ष, मोहम्मदी निवासी रोहित गुप्ता जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है, युसूफ मंसूरी, कपूर यादव, दलजीत सिंह बग्गा, मेराज अहमद, संदीप रस्तोगी, शानू उस्मानी, रोहित गुप्ता, धर्मेंद्र राज, मो0 परवेज खान को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है इसके साथ ही पंकज गुप्ता, अमन रस्तोगी, शिवम गुप्ता, अवनीश वर्मा, रिशु यादव, रोहित यादव, मो0 अरशद सिद्दीकी, मोइन खान, रामकृष्ण अवस्थी, संतोष वर्मा, मनोज राज सभासद, मोहम्मद आलम फूलबेहड़, राजेश कुमार गुप्ता दिलीप वर्मा व विपिन वर्मा को जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया है, राहुल चौरसिया, मो0 रिजवान, जितेंद्र कुमार पिंकू, मो0 अमान, इमरान, जितेंद्र कुमार, रिशु बाजपेई, बाकर हुसैन, रोशन लाल वर्मा, बबलू, विश्वनाथ विश्वकर्मा, संतोष अवस्थी, अंकित वर्मा, गौरव कुमार गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अभय रस्तोगी, अमन रस्तोगी, मो0 आलम, अनस को जिला कार्यकारिणी में सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है कार्यक्रम में रवि शंकर वर्मा, भूपेंद्र सिंह अन्नू, अभय प्रताप सिंह बंटी, यदुवेन्द्र वर्मा पम्मू , संजीव वर्मा मौजूद रहे।

ईसानगर ब्लाक के सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की हुई बैठक

लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता) ईसानगर ब्लाक के सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक हुई, इस दौरान ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों पर मंथन किया सरदार पटेल सभागार में सोमवार को आहूत बैठक में क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि उत्तम वर्मा, ब्लाक प्रमुख आलोक कटियार , बीडीओ धनप्राप्त यादव, के अलावा ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम प्रधानों सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र में विकास को प्रस्ताव के पत्र दिए, पशु चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप चौधरी ने पशुओं के रोग, व सरकार की पशुओं की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा ने पुष्टाहार की जानकारी दी, खंड शिक्षाधिकारी अखिलानंद राय ने स्कूलों की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार ये बताया, इसके अलावा बीडीओ ने कराये गये विकास कार्यों की चर्चा की।

बुखार से पीडित किशोरी की मौत पर परिजनों ने जमकर किया जिला अस्पताल में हंगामा

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिला अस्पताल में भर्ती बुखार पीडित किशोरी मौत पर सोमवार सुबह परिजनों ने जमकर हंगामा किया परिजन शव को बेड से उठाकर अस्पताल गेट तक ले आए और वहीं रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन अस्पताल के डॉक्टरों पर डलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे है। बावजूद इसके परिजनों से बात करने कोई जिम्मेदार नहीं पहंचा। खमरिया क्षेत्र के गांव ऊंच गांव में रहने वाले कौशलेंद्र की 14 साल की बेटी प्राची को रविवार सुबह तीन बजे के लगभग बुखार आने पर मेडिकल कालेज जिला अस्पताल भर्ती कराया था पीडित परिवार का आरोप है कि प्राची को तीन मंजिल पर बने वार्ड में भर्ती किया गया भर्ती के बाद किसी भी डाक्टर ने आकर उसको नहीं देखा। देर रात उसकी तबियत बिगड गई। प्राची की मां वार्ड के डॉक्टर को खोजती रही। स्टाफ नर्स रूम में हीटर लगाकर सोई थी, लेकिन उठकर नहीं आई। कुछ देर बाद प्राची की मौत हो गई। इसके बाद वार्ड से उसका शव निकालकर परिजन गेट तक ले आए और वहीं रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

02 अदद अवैध देशी तमंचा व 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर 02 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता) थाना खीरी पुलिस द्वारा, 02 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर 02 नफर अभियुक्तगण 1.मोसीन उर्फ ईदी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला जोशीटोला कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी 2. मो0 फहीम पुत्र राहत अली निवासी मोहल्ला बाजार कस्बा खीरी थाना व जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना खीरी पर मु0अ0सं0 913/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय रवाना किया गया।

देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक गालियां देने और अभद्र भाषा के मामले में मुकदमा दर्ज

लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता) देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक गालियां देने और सोशल मीडिया/फ्री फायर आईडी पर अभद्र भाषा के मामले में बजरंग दल कार्यकर्ताओं की तहरीर पर मजगई थाना में मुकदमा दर्ज। आरोपी किस्मत अली पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल की पत्नी का लंबी बीमारी के चलते निधन

लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता) सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज के उप प्रबंधक, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल की पत्नी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो जाने से विद्यालय परिवार में शोक व्याप्त है। दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए विद्यालय परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत और सच्चे सिपाही हैं : स्वतंत्र देव सिंह

लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता) लखनऊ से शाहजहांपुर जाते समय जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मैगलगंज क्षेत्र में एक प्रतिष्ठान पर रुककर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि एकाग्रता और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। यदि व्यक्ति लक्ष्य पर केंद्रित रहकर निरंतर मेहनत करता है तो सफलता स्वयं उसके कदम चूमती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। स्वतंत्र देव सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति की जानकारी ली और कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत और सच्चे सिपाही हैं उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

ठिठुरते लोगों को डीएम साहिबा ने दिलाई राहत

डीएम मोहतरमा ने अर्धरात्रि में रेलवे स्टेशन रेल बसेरे का किया गया निरीक्षण, यात्रियों को बांटे कंबल

बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता) डीएम जसजीत कौर द्वारा कल अर्द्धरात्रि में रेलवे स्टेशन बिजनौर स्थित रैन-बसेरा एवं प्लेटफार्म का निरीक्षण कर मुसाफिरों और असहाय लोगों का हाल-चाल पूछा और उनको कम्बल वितरित किए गए। उन्होंने सभी उप जिला अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देश दिए कि सर्दी के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि अन्य स्थानों पर बनाए गए रैन-बसेरे का निरीक्षण करें और उनमें में प्रवास करने वाले यात्रियों, बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को यह भी निर्देश दिए कि शहर के स्टेशनों, बस अड्डों एवं सभी मुख्य चौराहों एवं स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जाने की व्यवस्था को बनाए रखें और यदि रात्रि में कहीं कोई असहाय व्यक्ति या यात्री सहायता योग्य पाया जाए तो तत्काल रैन-बसेरे में उसके प्रवास की व्यवस्था करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में कोई भी लाचार एवं परदेसी व्यक्ति ठंड में ठिठुरते हुए नहीं पाया जाना चाहिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर रितु चौधरी भी मौजूद रही।

किसानों समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो अनिश्चित कालीन देंगे धरना

सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता) विभिन्न समस्याओ को लेकर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समस्याओ का समाधान नही किया गया, तो किसान अनिश्चित कालीन धरना देने को मजबूर होगा। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को सौंपे गए ज्ञापन में अवगत कराया कि खाद्य इंस्पेक्टर, डीओ और चीफ से नागल, गागालेड़ी, तल्हेडी के व्यापारी बहुत परेशान है क्योंकि उनको सैंपल के नाम पर उनसे अवैध उगवाई की जा रही है। इनके खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाये। नागल बस स्टैंड पर अवैध टेंपो स्टैंड बना हुआ है, जिस कारण रोजाना बड़े हादसे होते रहते है, इसलिए वहां से अतिक्रमण हटवाया जाये। बजाज शुगर मिल पर करोड़ों रुपए बकाया है, किसानों को जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। नागल बस स्टैंड पर महिला शौचालय की सुविधा करायी जाये। नागल में वाहन ओवरलोड होकर गुजर रहे है जिनसे आये दिन हादसे हो रहे है। ओवरलोड वाहन को सीज किया जाये या उनके आवागमन पर रोक लगाई जाये। नागल, बढेडी कोली और बसेड़ा गाँव में जितने भी तालाब है उन पर कुछ लोगो ने अतिक्रमण किया हुआ है और उन तालाबो में काफी गंदगी भरी पड़ी है जिस कारण तालाब छोटे हो गये है पैमाइश कराकर उनकी सफाई करायी जाये।

ड़ाके की ठंड में धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के योद्धा

जब तक मुकदमे वापस नहीं हो धरना जारी रहेगाः अवनीश कुमार

सरफ़राज़ अहमद
अवधनामा संवाददाता

नजीबाबाद। मौसम चाहे जो भी हो बरसात हो चिलमिलाती गर्मी हो या कड़ाके की ठंड भारतीय किसान यूनियन के योद्धा अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते रहते हैं। इस कड़ाके की ठंड में भी किसानों ने अपना हौसला बुलंद रखा और अपनी मांगों को लेकर डीएफओ नजीबाबाद कार्यालय की घेराबंदी कर धरने पर बैठ गए। ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो की तादाद में किसान धरने पर आने लगे। ब्लॉक अध्यक्ष ने की किसानो की जमीनों और फसलों पर वन विभाग ने कब्जा कर लिया और उल्टा किसानों पर ही थाना नांगल में मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जबकि किसानों के पास जमीन के हर वह कागज मौजूद है जोकि एक जमीन स्वामी के होते हैं परंतु वन विभाग यह मानने को तैयार नहीं है की जमीने किसानों की है और उस पर अपना कब्जा कर बैठ गया है जिससे सभी किसानों में रोष है गुस्साए किसानों ने की बार वार्तालाप से हल निकालनी की चाभी परंतु कोइ हल नहीं निकला। जिसके चलते किसान योद्धा धरने पर डटे गये। अवनीश कुमार ने आगे कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी और 9 लोग जिनमें, युसुफ, अय्यूब, साबिर, मोहन पंडित, बाबू, बिजेंद्र, हुकुम सिंह, बलराम और पर लिखे गये मुकदमे वापस नहीं होते धरना अनिश्चितकालीन चलेगा। वहीं भारतीय किसान योद्धाओं ने डीएफओ और सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारे बाजी की, और भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद के नारे लगाए। धरने पर सैकड़ो की तादाद में किसान मौजूद रहे।

गुरुद्वारा भाई जगता ने स्टेशन पर चाय-दूध का लगाया लंगर

सहारनपुर। गुरुद्वारा भाई जगता एवं सेवादारों की ओर से रेलवे स्टेशन पर यात्रियों, श्रमिकों एवं जरूरतमंद लोगों को निःस्वार्थ भाव से गर्म चाय और दूध वितरित किया गया। रेलवे स्टेशन पर आयोजित निशुल्क शिविर को संबोधित करते हुए सेवादारों ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है, और इसी भावना के साथ यह लंगर प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित किया गया। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों ने गुरुद्वारा प्रबंधन व सेवादारों के इस पुण्य कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान महंत कहान सिंह, संत जगजीत सिंह, तेजपाल सिंह, हरजीत सिंह वालिया, गुरमीत सिंह पाहवा, परविंदर सिंह, सुरजीत सिंह भाटिया, संदीप सिंह,गुरजोत सिंह, विक्की नरूला, मनमीत सिंह, दीपक सेठी, पवनप्रीत सिंह बत्रा, प्रिंस, हरजोत सिंह, सरनदीप सिंह, मनदीप सिंह, मनपिंदर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

मानवाधिकार संरक्षण के नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

बदायूं। मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान महासचिव के आवास पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किए जाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शहर के राज महल गार्डन के सामने स्थित संगठन के महासचिव प्रमोद बजाज के आवास पर सोमवार को मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। संगठन के लोगों द्वारा नवनियुक्त महासचिव प्रमोद बजाज को भी फूलमाला पहनकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री बजाज ने कहा कि वह संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तन मन धन से कार्य करेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन की जिलाध्यक्षा दुर्गेश वर्मा एवं संचालन प्रदेश सचिव अकील अहमद एवं महेंद्र वर्मा द्वारा किया गया।

प्रदेश सचिव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की मानव की रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि गरीब, मज़लूम, असहाय लोगों को न्याय दिलाने के लिए संगठन तत्परता से कार्य करेगा।

इस मौके पर अख्तर, मोहम्मद खिजर अहमद, प्रशांत बंसल सुमन ढींगरा, अनिल शर्मा, सुरेश आहूजा, सब्बन, निदा खान, रामनिवास कश्यप, नदीम अहमद, विष्णु राठौर, कृष्णपाल सिंह राठौड़, राजू यादव, कोशी, आकिल, विनोद रावत, शगुफ्ता, पूनम बजाज आदि मौजूद रहे।

आशाओं तथा संगिनियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन रहा, 15 वें दिन में जारी

अवधनामा संवाददाता

बदायूं। उत्तर प्रदेश आशा संगिनी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले संगठन की जनपद इकाई द्वारा मालवीय आवास गृह पर अपनी मांगों को लेकर किया जा रहा धरना प्रदर्शन सोमवार को 15 वें दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में सैकड़ो की तादाद में आशा संगिनी वर्कर्स मौजूद रहीं।

प्रदर्शन में मौजूद आशाओं तथा संगिनियो को संबोधित करते हुए संगठन की जिला अध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि यदि संगठन की मुख्य मांगों को नहीं मानी गई तो संगठन लगातार विरोध प्रदर्शन कर हड़ताल करेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें कोई भी बलिदान देना पड़े हम पीछे नहीं हटेंगे। संगठन के उपाध्यक्ष निर्दोष राठौर द्वारा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई।कोषाध्यक्ष नीलम सक्सेना, सचिव मनीषा, जिला मंत्री शशि सक्सेना, तथा संगठन सदस्य राजकुमारी सहित सैकड़ो आशा कर्मियों ने अपनी मांगों को जायज बताते हुए सरकार को जमकर चेताया। जिला अध्यक्ष श्रीमती वैश्य ने बताया कि आज के धरना प्रदर्शन में इसको समर्थन देते हुए सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी गण तथा जिला अध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता,उपेंद्र उपाध्याय जिला मंत्री, राजेश कुमार जौहरी संप्रेक्षक,प्रमोद कुमार शर्मा मीडिया प्रभारी तथा जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह राठौर द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया गया है।

इस मौके पर गीता,ममता, संसारवती, पुष्पा देवी, हेमलता,नीरज, लक्ष्मी, रेखा, भगवान श्री, तुलसा देवी, सूरत देवी, विनीता आदि मौजूद रही।

विद्युत बिल संबंधी शिकायतों का समयबद्धता से करें निस्तारणः मण्डलायुक्त

शटडाउन की सूचना की समय से दी जाए जानकारी, उपभोक्ताओं को न हो कोई परेशानी

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। मंडलायुक्त डॉ.रूपेश कुमार ने सेतुओं एवं नई सड़कों के निर्माण संबंधी अद्यतन डाटा को निर्धारित मानक के अनुसार पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत कोई भी आवेदन पत्र अनावश्यक रूप से लम्बित न रहें। इसके लिए निरंतर एलडीएम एवं बैंकर्स के साथ समीक्षा की जाए। विद्युत संबंधी समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चिति किया जाए। मण्डलायुक्त डॉ.रूपेश कुमार आज यहां सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रवृति संबंधी सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए 10 दिन के अंदर आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इसके तहत जिला स्तरीय समिति शिक्षण संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों को त्वरित रूप से अनुमोदित कर पोर्टल में डाटा फीड करें। उन्होने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षण संस्थाओं से समन्वय कर कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें। व्यक्तिगत शौचालय के कार्य को 31 दिसम्बर से पहले पूर्ण करें। उन्होने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों में प्राप्त रैकिंग को उच्चतम श्रेणी में लाएं। ए रैंक वाले अपनी रैकिंग यथावत बनाए रखें। बी, सी एवं डी श्रेणी वाले विभाग कार्यशैली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें। उन्होंने शत प्रतिशत फैमिली आई डी बनाने के कार्य में अभियान चलाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। पीएम पोषण विद्यालयों के निरीक्षण के लिए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह अनिवार्य रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा इसको समय से पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने ऊर्जा के तहत विद्युत विभाग की वूसली बढाने तथा रैंकिंग बेहतर करने के निर्देश दिए। शटडाउन की सूचना का पहले से ही प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि आमजनों को कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना का लाभ दिलाया जाए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्रकरणों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। सुनिश्चित किया जाए कि समय सीमा के बाद कोई भी प्रकरण लंबित न रहे तथा शिकायतकर्ता से फीड बैक लिया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। उन्होने इस संबंध में अपर आयुक्त से सम्पर्क कर कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। गन्ना मूल्य का भुगतान यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि 31 दिसम्बर तक बजाज चीनी मिल में लम्बित कृषकों का गन्ना मूल्य का भुगतान करा दिया जाएगा। कर करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा में उन्होने निर्देश दिए कि ऊजा, आबकारी, परिवहन, वाणिज्यकर, खनन, स्टाम्प, मण्डी लक्ष्य के अनुरूप वूसली करें तथा बैकलॉग को समाप्त करना सुनिश्चित करें। खनिज में वसूली के लिए अभियान चलाकर पुलिस एवं यातायात का संयुक्त अभियान चलाया जाए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि एसडीएम संवेदनशीलता से कुर्रा-बंटवारा का कार्य यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करें। जनपद शामली को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना में रैंकिंग सुधार करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली में सुधार हेतु टेबलटॉप एक्सरसाइज करने को कहा। चकबन्दी की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि कोर्ट केस से संबंधित 05 एवं 03 वर्ष वाले मुकदमें समाप्त किए जाएं।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं की लेकर भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) ने प्रदर्शन किया और मण्डलायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का अविलम्ब निस्तारण करने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) से जुड़े पदाधिकारी आज अपनी मांगों के समर्थन में कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) के प्रदेश अध्यक्ष अशोक त्यागी ने मांग की कि गन्ने का भाव कम से कम 500 रूपये कुन्तल कर उसका भुगतान 15 दिन में होना चाहिए। यदि 15 दिन में भुगतान नहीं होता तो सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार भुगतान ब्याज सहित किसान को दिया जाये। उन्होंने कहा कि सहारनपुर जिले में पापुलर की खेती बहुतायत में होती है, गन्ने से ज्यादा रकबे में पापुलर उगाया जाता है। किसानो को अपनी लकड़ी दूसरे राज्यों में औने-पौने दामों में बेचनी पड़ती है। इसलिए सहारनपुर में प्लाइवुड फैक्ट्री लगवायी जाये। श्री त्यागी ने कहा कि आरटीओ विभाग के अधिकारियों ने एक निजी संस्था से मिलीभगत करके वाहन चालकों व नये ड्राईविंग लाईसेंस बनाने वालों पर कुठाराघात कर दिया है, जहां पहले नये लाईसेंस 1500 से 2000 रूपये में बनते थे, आज वहीं लाईसेंस 12500 से 15000 के बीच बन रहे हैं, यह आम लोगों की जेबों पर डाका डालने का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। यदि इन पर लगाम नहीं लगायी गयी तो भाकियू (संघर्ष मोर्चा) आरटीओ विभाग कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी। मण्डल अध्यक्ष नवाब चौधरी ने कहा कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में समय पर खाद नहीं मिल पाती है। यदि कुछ खाद मिलती है तो उसके साथ अन्य सामान लेने के लिए किसानों को विवश किया जाता है। जिससे क्षुब्ध होकर किसान बाजार से खाद खरीदने पर विवश हो रहा है। यही नहीं किसान को बाजारों में बिकने वाली नकली खाद, नकली दवाईयां महंगे दामों में खरीदनी पड़ती है। इसका संज्ञान लेकर इस पर अविलम्ब रोक लगवायी जाये। ज्ञापन देने वालो में मंडल उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, जिलाध्यक्ष अमर त्यागी, जिला प्रभारी श्रवण शर्मा, जिला प्रवक्ता अनिल शर्मा, प्रवेश, कुर्बान चौधरी, केपी सिंह, मनीष यादव, अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

प्रचंड ठंड में भी जारी रहा जनसेवा अनुष्ठान

- गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने किया जनता दर्शन का आयोजन, 150 लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं
- जनता से बोले सीएम - घबराइए मत, हर समस्या का कराएंगे समाधान, सबकी होगी भरपूर मदद

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। जनता के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रचंड ठंड में भी सोमवार को जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। प्रतिकूल मौसम के बावजूद उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराएंगे, सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।

सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। जहां पैमाइश की जरूरत हो, वहां पैमाइश कराकर विवाद का निस्तारण कराया जाए। पारिवारिक विवाद के मामलों में उन्होंने उभयपक्षों के साथ संवाद कर समाधान की राह निकालने के लिए निर्देशित किया। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कराकर शासन में भेजें।

हाईवे पर सर्विस लेने से हाईवे पर चढ़ने के स्थान पर ब्रेकर लगाया जाए

- परिवहन विभाग द्वारा ट्रैक्टरों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने हेतु निर्देश दिए

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। आयुक्त वाराणसी मंडल की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।आयोजित बैठक में सभी स्टाक होल्डर विभागों के साथ मनोज कुमार वर्मा,संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), आलोक कुमार,अपर जिला अधिकारी, वाराणसी के साथ-साथ वाराणसी मंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त जनपदों के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों व अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

आयोजित बैठक में वाराणसी मंडल में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा की गई। गत वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों एवं घायल व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई की निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए की ब्लैक स्पॉट चिन्हित स्थानों पर कार्यवाही के साथ-साथ हाईवे पर सर्विस लेने से हाईवे पर चढ़ने के स्थान पर ब्रेकर लगाया जाए। हिट एंड रन योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाने हेतु मंडल के सभी जनपदों में मुख्य मुख्य स्थानों/ चौराहों पर फ्लेक्स लगाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में वाराणसी एवं चंदौली जनपद के गुड सेमेरेटियन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डीएम की अध्यक्षता में गौवंश संरक्षण, जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

महोबा। सोमवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गौवंश संरक्षण / संवर्धन के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन, एवं समीक्षा समिति की बैठक का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद अन्तर्गत् राष्ट्रीय राजमार्गों सड़कों व ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशों को कैटिल कैचर के माध्यम से समस्त निराश्रित / बेसहारा गौवंशों को निकटस्थ के गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित किये जाने एवं 31 दिसंबर तक समस्त गो-आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने के लिए समस्त खण्ड विकास अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी (न0पा0प0/ न0पं0) को निर्देशित किया गया। नगर पालिका परिषद खरेला, कुलपहाड़ व चरखारी में सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशों को कैटिल कैचर के माध्यम से कान्हा गौशाला में संरक्षित कराये जाने के लिए कड़ाई से निर्देशित किया गया तथा विकास खण्ड-चरखारी का कैटिल कैचर एक सप्ताह खरेला में निराश्रित गौवंश के संरक्षण के सम्बन्ध में भ्रमण के लिए निर्देश दिये गये।

समस्त उपजिलाधिकारियों को गोचर भूमि की सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया तथा विगत वर्ष की भांति समस्त गोचर भूमि में नैपियर घास उगाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये, जिससे कि जनपद में संचालित अस्थाई / स्थायी गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों को हरा चोरा उपलब्ध हो सके। जनपद में संचालित गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए त्रिपाल, अलाव, गुड़ एवं पीने के लिए ताजे पानी की व्यवस्था तथा बीमार गौवंश का समुचित उपचार किये जाने के निर्देश दिये गये। सभी उपजिलाधिकारी / खण्ड विकास अधिकारियों को प्रत्येक माह की दिनांक 21 से 25 तक समस्त गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण कर गौवंशों की वास्तविक संख्या का फण्ड रिक्वेस्ट से मिलान कर भिन्नता पाये जाने पर संबंधित ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। गौवंशों को निर्धारित समय सारणी के अनुसार सुबह एवं शाम को चारा/भूसा, चूनी चोकर तथा हरा चारा दिया जाये, जिसकी निगरानी जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम से की जाये।

सांसद मुकेश राजपूत एवं डीएम द्वारा गरीब महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल वितरण

खुश जमाल उल्लाह खान

फर्रूखाबाद। मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में आज ऑफिसर्स क्लब, फतेहगढ़ में तहसील सदर प्रशासन द्वारा कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत एवं जिलाधिकारी श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा लगभग 400 वृद्धजनों, महिलाओं एवं निराश्रित/असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा जरूरतमंद लोगों को शीतलहर से बचाव हेतु हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

उक्त आयोजन में उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित तहसील के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अजनर के शिविर में 51 खमा में 53 तथा अकोना के 54 मरीजों का किया गया चेकअप

अवधनामा संवाददाता

महोबा। ग्रामीण अंचल मे ग्रामीणो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर आयोजन कर रही है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देशन एवं सीएचसी जैतपुर अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर, खमा एवं अकौना में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगाए गए शिविर में तीन अलग अलग स्वास्थ्य टीमों ने 158 मरीजों का चेकअप करते हुए निशुल्क दवाएं देते हुए समयानुसार दवाओं को खाने और सर्द मौसम में ठंड से बचाव की सलाह दी। विकासखंड जैतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए शिविर की जानकारी मिलते ही गांव के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के तीमारदार अपने अपने मरीजों को लेकर पहुंच गए, जहां पर स्वास्थ्य टीम ने सर्वप्रथम सभी का पंजीकरण किया और इसके बाद एक एक कर चिकित्सक के पास भेजा, जहां पर डाक्टर ने सभी मरीजों की स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं की जानकारी हासिल कर उनका उपचार किया और इसके बाद कैंप में लगाए गए दवा के स्टाल में उन मरीजों को पर्चे सहित भेजकर उन्हें निशुल्क दवाएं दी गई। अजनर के शिविर में 51, खमा में 53 तथा अकोना के स्वास्थ्य शिविर में 54 मरीजों का चेकअप किया गया। शिविर दौरान डाक्टरों ने बुजुर्गा व बच्चों को सर्दी से बचाव की जानकारी दते हुए किसी भी व्यक्ति से ज्यादा ठंड लगने पर चिकित्सक के पास जाकर उपचार कराए जाने की सलाह दी।

पत्नी और उसके प्रेमी से प्रताड़ित युवक राहुल ने वीडियो बनाकर कर ली थी आत्महत्या

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। बनकट गांव निवासी मृतक राहुल मिश्रा की मां ने वाराणसी पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर पत्नी संध्या सिंह के प्रेमी शुभम सिंह उर्फ डेंजर के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के अंदर शुभम सिंह पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो 48 घंटे बाद कचहरी के पास शास्त्री घाट पर सामाजिक संगठनों और आम जनमानस के साथ अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

बताया गया कि,राहुल मिश्रा (30 वर्ष) ने 9-10 दिसंबर 2025 को लोहता थाना क्षेत्र के बनकट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौत से पहले उन्होंने बाइक पर चलते हुए करीब 7 मिनट 29 सेकंड का वीडियो रिकॉर्ड किया था,जिसमें पत्नी संध्या सिंह पर बेवफाई,अवैध संबंध तथा मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। वीडियो में राहुल ने कहा कि, वह पत्नी और बेटे से बहुत प्यार करते थे। जीना चाहते थे, लेकिन पत्नी का शुभम सिंह के साथ संबंध और बेटे से मिलने से रोकने से टूट गए। इस मामले में राहुल की पत्नी संध्या और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन शुभम सिंह (डेंजर) अभी तक फरार है और उसके खिलाफ कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। राहुल की मां ने बताया कि वीडियो में साफ साक्ष्य मौजूद है, फिर भी शुभम पर कार्रवाई में देरी हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सीमा चौधरी अध्यक्ष युवा फाऊंडेशन जिला अध्यक्ष विकाश मौर्या,हेमंत पाठक, डेबिट मिश्रा, दुर्गेश पांडे, निमिष उपाध्याय, अक्षय मिश्रा, अमन पांडे, अमन मिश्रा,गौतम मिश्रा, बबलू सहित अन्य लोगों ने इस मामले में परिवार का साथ दिया और पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। इस मामले पर अब सामाजिक संगठन न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

महोबा। कस्बा चरखारी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज और बेटी पैदा होने के कारण प्रतड़ित करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोटमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच पड़ताल में जुट गई है।

जिला बांदा के मटोंध निवासी परशुराम ने अपनी बेटी संगीता (30) का विवाह साल 2021 में चखारी के जितेंद के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया था था। पिता ने विवाह में दो लाख रुपये नगद, जेबर सहित अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज देकर बेटी को विदा किया था। परिजनों ने बताया कि शादी के कुछ समय तक सब ठीक चलता रहा, लेकिन अचानक जितेंद्र और उसके घर वालों ने पांच लाख रुपये के साथ एक प्लाट की मांग करने लगे।

संत रविदास की जन्मस्थली में लगी आग, खुद को बचाने के लिए भक्त भागकर मुख्य मंदिर पहुंचे

अवधनामा ब्यूरो

- जांच में पता चला कि, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी

वाराणसी। वाराणसी के लंका थाना अंतर्गत सिर गोवर्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर में सोमवार सुबह लगभग 6~30 बजे आग लग गई। आग मंदिर के ही पिछले हिस्से में एक कमरे में लगी थी जिसमें लगभग सैक्रो भक्त आराम कर रहे थे। आग की सूचना मिलने पर भक्तों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

सुबह का वक्त होने की वजह से भक्त वहीं पर आराम कर रहे थे। इसके बाद भक्त भागते हुए बाहर निकले और मुख्य मंदिर में आ गए। काफी देर तक मंदिर के सेवादार आग पर नियंत्रण करने की कोशिश करते रहे, इस दौरान भक्तों ने मुख्य मंदिर के हिस्से में पहुंचकर खुद को सुरक्षित किया। फिलहाल दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।एसीपी गौरव कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि सोमवार सुबह 6:30 बजे मंदिर में आग लगी है। सूचना के बाद तत्काल मौके पर पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंच गईं। पुलिस ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और मंदिर का मुख्य हिस्सा सुरक्षित है। इसके बाद आग बुझाने की कोशिश शुरू की। 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल किसी तरह के जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। सभी लोग सुरक्षित हैं। आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है। उनका कहना है कि फायर ब्रिगेड की टीम की जांच में प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल सब कुछ नियंत्रण में है।

फूड विभाग की उदासीनता, मिलावट खोरों पर अंकुश नहीं एफएसओ करते अवैध वसूली

अवधनामा संवाददाता, अलीगढ़। जनपद में मिलावट खोरों का जाल बिछा हुआ है। दैनिक उपयोग की कोई भी वस्तु बिना मिलावट नहीं मिल पा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण फूड विभाग की मिलीभगत सामने आ रही है। जिसमें मसाला, घी, तेल , पनीर सहित सभी वस्तु मिलावट की बिक रही है। इस सबको देखे तो फूड विभाग के एफएसओ छापा मारने जाते है परंतु सैंपल भरने के नाम पर अवेध वसूली करते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि महानगर के कुछ हिस्सों में 280 रुपए प्रति किलो देशी घी बिक रहा है। इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से की गई तो उन्होंने चुप्पी साधली।

विगत कुछ दिन पूर्व सासनी गेट इलाके में एफएसओ द्वारा छापा तो मारा गया लेकिन सैंपल भरने के नाम पर आपसी सहमति बनने पर सैंपल नहीं भरा गया। इस संबंध में खाद सुरक्षा अधिकारी सहायक आयुक्त सेकंड डॉ दीनानाथ यादव से जानकारी करना चाहा तो उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया।

फर्जी दस्तावेज़ों पर बना हैसियत प्रमाण पत्र निरस्त, ठेकेदार पर जालसाजी का आरोप

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़/बरेली। फर्जी तथ्यों और कूटरचित दस्तावेज़ों के आधार पर प्राप्त किया गया हैसियत प्रमाण पत्र प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। मामला बरेली के अवध विहार, मिथिलापुरी निवासी ठेकेदार नीरज भाटिया से जुड़ा है, जिसने कथित रूप से भूमि स्वामित्व से संबंधित तथ्यों को छिपाकर हैसियत प्रमाण पत्र बनवाया था।

सूफी टोला, पुराना शहर निवासी जावेद सिद्दीकी द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रकरण की जांच अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बरेली से कराई गई। जांच आख्या में यह तथ्य सामने आया कि नीरज भाटिया ने हैसियत प्रमाण पत्र के लिए किए गए आवेदन में अपनी भूमि का पूर्ण भाग दर्शाया, जबकि अभिलेखों के अनुसार वह उस भूमि का केवल आंशिक स्वामी था।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की जांच रिपोर्ट के अनुसार, विक्रय पत्रों से स्पष्ट हुआ कि आवेदक ने अपने हिस्से की भूमि का एक बड़ा भाग पूर्व में ही विक्रय कर दिया था। इसके बावजूद आवेदन में तथ्यों को छिपाते हुए गलत विवरण प्रस्तुत किया गया और 20 अप्रैल 2023 को 22 लाख रुपये मूल्य का हैसियत प्रमाण पत्र निर्गत करा लिया गया।

जांच में जालसाजी की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने नीरज भाटिया के नाम से जारी हैसियत प्रमाण पत्र संख्या 202310000292 को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि उक्त प्रमाण पत्र का पूर्व में किया गया अथवा भविष्य में किया जाने वाला कोई भी उपयोग अवैध माना जाएगा। यदि इस प्रमाण पत्र के आधार पर किसी प्रकार की देयता बनती है, तो उसकी वसूली संबंधित व्यक्ति से की जाएगी। प्रशासनिक कार्रवाई से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि सरकारी प्रक्रियाओं में फर्जीवाड़ा और तथ्यों को छिपाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने कान्हा उपवन गहासाड का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर। नगर पंचायत सहजनवा के गहासाड स्थित कान्हा उपवन का सोमवार को उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन तिवारी ने निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान वहां की व्यवस्थाओं से संतुष्ट होते हुए वहां के केयरटेकर को बधाई दी। जैसे ही गौशाला में पहुंचे तो वहां की साफ सफाई बेहतर दिखाई दी, हराचारे की भी काफी व्यवस्था थी। इसके बाद उन्होंने गौवंशो के सेहत को भी देखा जिससे संतुष्ट नजर आए। गोदाम में जाकर भूसे का भी जायजा लिए जहा पर्याप्त भूसा मौजूद था। ठंड से गौवंश को बचाने के लिए जगह जगह अलाव की व्यवस्था गौशाला में की गई थी। पूर्व में समरसेवल लगाने का निर्देश दिए थे। जो लगाया पाया गया। हराचारा काटने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तो बताया गया कि गौशाला में अभी 165 गौवंश है। जिनका चारा इलेक्ट्रानिक मशीन से काटा जाता है। गौवंश के गोबर की व्यवस्था के बारे में पहुंचने पर बताया गया कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा जाता है। फिर नगर पंचायत द्वारा इनका निस्तारण समय समय पर कराया जाता है। गौशाला की व्यवस्थाओं से संतुष्ट होते हुए केयरटेकर सुभाष को शाबाशी दी।

शहीद उद्यम सिंह को देश हमेशा करेगा याद : यशवंत

गोरखपुर । क्रांतिकारी शहीद उद्यम सिंह की शहादत को देश को लोग हमेशा याद करते रहेंगे। जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। जिन्होंने जलियांवाल बाग कांड के दोषी माइकल ओ डायर को लंदन में जाकर गोली मारी और फांसी पर लटक गए। उक्त बाते लेखक एवं एड़ोकेट यशवंत भारती ने सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत जोगियाकोल चौराहे पर सोमवार को आयोजित शहीद उद्यम सिंह जयंती पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का संचालन बैजनाथ अध्यक्षता सेवानिवृत जिला जज सुभाष चंदा ने किया। आयोजक अमित कुमार भारती ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान नीलम आर्या,ई0 महेश कुमार ई0 संजीव राव,डा राजेश यादव,दुर्गेश कुमार,संजय कुमार,सन्नी,सहित अनेक लोग मौजूद थे।

ग्राम पंचायत ऐचांना व कुआं की गौशाला का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

महोबा। चरखारी शासनस्तर से आये नोडल अधिकारी ने विकास खण्ड चरखारी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ऐचांना व कुआं की गौशाला का निरीक्षण किया स्वास्थ्य विभाग से नोडल अधिकारी वृंदावन राठौर एवं संयुक्त टीम द्वारा गौशाला निरीक्षण किया गया निरीक्षण में व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गयी।

नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहराई से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान गौशाला में,हरा चारा,पानी और ठंड से बचाव की तैयारियां परखी। पशुओं के लिए, त्रिपाल, टट्टर, अलाव के लिए सूखी लकड़ियां, हरा चारा, भूसा, गुड ,अजवायन, दलिया,तथा साफ- सफाई,की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। एवं गौशाला में ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल पाठक एवं ग्राम प्रधान ऐंचाना दिनकर तिवारी एवं कुआं प्रधान सभाजीत यादव द्वारा जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई है एवं मौके पर पशु आहार,भूसा ,गुड अजवाइन मौके पर मिला जिससे नोडल अधिकारी ने संतोष व्यक्त किया।और भविष्य में भी ऐसी ही व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया एवं पशु चिकित्साधिकारी डा0 भगतसिंह राजपूत अपनी संयुक्त टीम के साथ पशुओं की स्वास्थ्य की जांच की और दिए आवश्यक दिशा-निर्देश देकर आगे भी बेहतर रखरखाव के लिए कहा जिससे गौवंशो को किसी भी असुविधा का सामना न कराना पड़े। ग्रामवासियों ने बताया कि पशुओं की देखभाल पर निरंतर ध्यान दिया जा रहा है।

चरखारी पुलिस टीम ने अवैध सूखे गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार द्वारा गठित उपनिरीक्षक सूरज कुमार पाण्डेय मय हमराह हेड कांस्टेबल राजाराम पाल, हेड कांस्टेबल दिनेश सिंह व कांस्टेबल महेश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित व वारन्टियों की तलाश के दौरान ग्राम सूपा थाना चरखारी के पास से एक झोले मे दो किलो 290 ग्राम सूखा गांजा के साथ एक नफर अभियुक्त बिलाल कुरैशी पुत्र साविर कुरैशी उम्र 21 वर्ष निवासी इस्लामनगर (सादाबाद) थाना सादाबाद जनपद हाथरस को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय परा अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरेका में आयोजित प्रथम अजय सिंह मेमोरियल 3x3 बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन

- बालक वर्ग में सिएट पब्लिक स्कूल की टीम विजेता एवं बरेका रनर अप रही

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका),वाराणसी के बास्केटबॉल ग्राउंड पर आयोजित प्रथम अजय सिंह मेमोरियल 3म3 बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन आज रविवार को समापन हुआ। यह टूर्नामेंट पूर्व राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं बरेका कर्मचारी स्वर्गीय अजय सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित कियागया। इस आयोजन का उद्देश्य उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना था।

इस रोमांचक प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग के बालक एवं बालिकाओं ने 3x3 बास्केटबॉल के तेज़,गतिशील और अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक प्रारूप में अपने कौशल,फुर्ती और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में बालिकाओं की 12 टीमें एवं बालकों की 18 टीमों ने प्रतिभाग किया जो इस आयोजन की लोकप्रियता और व्यापक सहभागिता को दर्शाता है प्रतियोगिता के दौरान युवा खेल प्रतिभाओं का जोश,उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक ऊर्जा चरम रहा।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच बालक वर्ग में बरेका और सिएट पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमें सिएट पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी वही बालिका वर्ग में राजर्षी डोमेनेटर और हूपर के बीच खेला गया जिसमें राजर्षी डोमेनेटर ने बाजी मारी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव, बास्केटबॉल एवं जन संपर्क अधिकारी बरेका, राजेश कुमार द्वारा विजेता टीमों एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल,शील्ड एवं अन्य नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का सफल संचालन बी.एल.डब्ल्यू. बास्केटबॉल अकादमी द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मेला रामनगरिया की तैयारियो को लेकर बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता, फर्रूखाबाद। आज कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 03 जनवरी 2026 से 03 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले मेला श्री रामनगरिया के अंतर्गत लगने वाली विकास प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित किए जाने वाले स्टॉलों की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विकास प्रदर्शनी में जो भी विभाग अपना स्टॉल लगाएगा, वह बिना पूर्व अनुमति के स्टॉल खाली नहीं करेगा। इस वर्ष विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ मेले के साथ ही 03 जनवरी 2026 को किया जाएगा। विकास प्रदर्शनी में कुल 30 विभागों के 40 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन को दी जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अयोध्या मेडिकल कॉलेज अब बड़े संस्थानों को दे रहा टक्कर

■ 2025 में साढ़े पांच लाख मरीज ओपीडी में पहुंचे, साढ़े 12 हजार के करीब हुए आपरेशन
■ ओपीडी, भर्ती और सर्जरी के मामलों में तेजी से निकल रहा आगे, 35 हजार मरीज भर्ती

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में पिछले कुछ वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखने को मिला है। योगी सरकार के प्रयासों से यहां के सरकारी अस्पतालों, विशेषकर राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है, जिसका सीधा असर मरीजों की संख्या में भारी बढ़ोतरी के रूप में सामने आया है। वर्ष 2025 में अब तक इस मेडिकल कॉलेज के ओपीडी (आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) में साढ़े 5 लाख के करीब मरीज पहुंच चुके हैं। यह आंकड़ा न केवल स्थानीय लोगों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि अब राम भक्तों और आसपास के जिलों के निवासी महंगे निजी अस्पतालों की बजाय सरकारी मेडिकल कॉलेज को ही प्राथमिकता दे रहे हैं।

आईपीडी (इनडोर पेशेंट डिपार्टमेंट) में 35 हजार से अधिक मरीजों को भर्ती किया गया है, जबकि साढ़े 12 हजार के करीब ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। इस उल्लेखनीय प्रगति का मुख्य कारण योगी सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज में की गई लगातार अपग्रेडेशन और सुविधाओं का विस्तार है। नए-नए विभागों की स्थापना, आधुनिक उपकरणों की खरीद, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और एमडी कोर्स की शुरूआत ने यहां की चिकित्सा गुणवत्ता को नई ऊंचाई दी है। पहले जहां गंभीर मरीजों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों रेफर किया जाता था, अब स्थानीय स्तर पर ही उन्नत इलाज उपलब्ध हो रहा है।

प्राचार्य डॉ सत्यजीत वर्मा के अनुसार, ओपीडी में रोजाना हजारों मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। यह संख्या कई बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेजों के बराबर पहुंच चुकी है। विशेषकर राम मंदिर के दर्शन के बाद आने वाले श्रद्धालु, स्थानीय ग्रामीण और आसपास के जिलों के लोग यहां की निःशुल्क या न्यूनतम शुल्क वाली सेवाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। योगी सरकार की नीति के तहत मेडिकल कॉलेजों में रेफरल सिस्टम को कम करने और स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है, जिसका अयोध्या में सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटन और श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं पर दबाव बढ़ा। लेकिन सरकार ने समय रहते इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया। 2025 में अनुपूरक बजट में भी अयोध्या सहित कई मेडिकल कॉलेजों को अतिरिक्त फंड दिए गए, जिससे सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार संभव हो सका।

आज राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज प्रदेश के प्रमुख संस्थानों को कड़ी टक्कर दे रहा है। आने वाले समय में यहां और अधिक विभागों का विस्तार और नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ सत्यजीत वर्मा के प्रयासों का ही नतीजा है कि यहां कैंसर जैसी घातक बीमारियों का उपचार शुरू हो गया है। इसके अलावा कान के पर्दों की भी सर्जरी शुरू हुई है।

सपा कार्यालय पर एसआईआर समीक्षा बैठक संपन्न

अयोध्या। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एसआईआर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन नि0 महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने बीएलए कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनके अथक परिश्रम से एसआईआर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नए मतदाताओं के वोट बनवाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं और उनकी मेहनत से निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।बैठक में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिला संगठन के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में सपा नेता मौजूद रहे।

अटल स्मृति सम्मेलन में अटल जी के लोकतांत्रिक मूल्यों को किया गया नमन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित एक गेस्ट हाउस में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अटल जी लोकतंत्र के रोल मॉडल थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने राजनीति को मर्यादा, संवाद और सहमति की दिशा दी। लोकतंत्र में असहमति भी उतनी ही जरूरी है जितनी सहमति–इस विचार को अटल जी ने अपने आचरण से स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज के राजनीतिक परिवेश में अटल जी के विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारधारा थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा। उन्होंने जनसंघ से लेकर प्रधानमंत्री पद तक की यात्रा में कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। कहा कि अटल जी ने सुशासन, राष्ट्रीय एकता और विकास की मजबूत नींव रखी, जिस पर आज का भारत आगे बढ़ रहा है।

सम्मेलन में मौजूद पार्टी पदाधिकारियों के साथ विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान को लेकर चर्चा की गई। अभियान के दूसरे चरण के लिए पार्टीजनों को एक्टिव रहने के निर्देश दिए गए हैं।

मौके पर शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, तिलकराम मौर्या, हरभजन गौड, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, कपिल देव वर्मा, मुकेश तिवारी सहित बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

आईडीए अयोध्या में सर्वसम्मति से निर्वाचन, डॉ. प्रखर सिंह को मिली अध्यक्षीय जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) अयोध्या की चुनावी प्रक्रिया आपसी सहमति, सौहार्द और संगठनात्मक एकता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सभी पदों पर एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. अनुप कुमार जायसवाल एवं संयुक्त रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. कैफ रिज़वी ने सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. अंकित स्वरूप के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सफल एवं संतुलित नेतृत्व के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं। सदस्यों ने कहा कि उनके कार्यकाल में संगठन में आपसी विश्वास और एकता मजबूत हुई, जिसका प्रत्यक्ष परिणाम निर्विरोध निर्वाचन के रूप में सामने आया। चुनाव अधिकारियों द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार वर्ष 2026 के लिए अध्यक्ष पद पर डॉ. प्रखर सिंह तथा सचिव पद पर डॉ. अनुराग आनंद निर्वाचित हुए। वर्ष 2027 के लिए अध्यक्ष निर्वाचित डॉ. सुधांशु सिंह बनाए गए।अन्य पदों पर उपाध्यक्ष प्रथम डॉ. रामजीत प्रजापति, उपाध्यक्ष द्वितीय डॉ. कृतांत सिंह, संयुक्त सचिव डॉ. एस. एन. गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता, राज्य प्रतिनिधि डॉ. हिमांशु श्रीवास्तव, सीडीई डॉ. अमित तिवारी तथा सीडीएच डॉ. आनंद सिंह को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रखर सिंह ने कहा कि यह सर्वसम्मति से हुआ निर्वाचन संगठन में आपसी सहयोग और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी मिलकर दंत चिकित्सकों के हितों की रक्षा, जन-जागरूकता, सतत दंत शिक्षा तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

बरेली के मीरगंज मे सियार के हमले से चार ग्रामीण घायल

बरेली। थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव खमरिया आजमपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जंगल में बकरी चराने गए ग्रामीणों पर सियार ने हमला कर दिया। इस हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ओमवती पत्नी ताराचंद (50), मोहनलाल कश्यप (60), पूरनलाल और जाम गांव का रहने वाला एक युवक शामिल हैं। परिजनों के अनुसार सभी लोग जंगल में बकरियां चरा रहे थे, तभी अचानक सियार ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर सियार जंगल की ओर भाग गया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ओमवती और मोहनलाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया, जहां दोनों का इलाज जारी है।

डीएम के जनता दर्शन में समस्याओ से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। डीएम शशांक त्रिपाठी के जनता दर्शन में प्रस्तुत हुए विभिन्न विभागों से जुड़े शिकायत पत्रों का प्रशासन ने सकारात्मक व संतुलित ढंग से निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई है। जल निकासी, अवैध कब्जा, चकमार्ग, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि तथा काशीराम आवास से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर कार्यवाही करते हुए समाधान सुनिश्चित किया गया। नवाबगंज क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नाली की सफाई का कार्य करा दिया गया है। स्थल निरीक्षण के बाद यह भी स्पष्ट किया गया कि स्थायी नाली निर्माण हेतु लगभग 1.50 लाख रुपये का व्यय संभावित है, जिसे धन उपलब्धता व बोर्ड स्वीकृति के बाद कराया जाएगा।फिलहाल समस्या का तात्कालिक समाधान कर दिया गया है।

अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई

रामनगर तहसील के ग्राम हरसौली में चकमार्ग संख्या-350 को पैमाइश कराकर खाली करा दिया गया। इसी तरह फतेहपुर क्षेत्र में गाटा संख्या-2565 पर किए गए अवैध कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम ने हटवाया और दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी गई। नगर पंचायत सुबेहा की भूमि से अतिक्रमण हटाकर खेतों तक रास्ता भी उपलब्ध कराया गया।

विद्युत व आवास मामलों में संवेदनशील रुख

काशीराम कॉलोनी से जुड़े मामलों में प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। एक प्रकरण में बकाया वसूली के बाद नया विद्युत कनेक्शन जारी किया गया और स्मार्ट मीटर लगाया गया। वहीं अभयनगर काशीराम कॉलोनी में रह रही महिला को वैकल्पिक व्यवस्था होने तक आवास में बने रहने की अनुमति दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव आगामी बिजनेस प्लान 2026-27 में शामिल किया गया है।

बहेड़ी मे जंगली सांड ने किया हमला, किसान गंभीर रूप से घायल

बरेली। थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव डंडिया अभय चंद निवासी किसान मोहम्मद यासीन पर सोमवार सुबह जंगली सांड ने हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें पहले बहेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार मोहम्मद यासीन सुबह अपने खेत पर गेहूं की फसल देखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक जंगली सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड के सींगों से कई बार वार होने से यासीन जमीन पर गिर पड़े और बुरी तरह जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह सांड को भगाकर घायल किसान को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा और जंगली पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे किसानों और राहगीरों को खतरा बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे पशुओं को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

बदायूं रोड पर तीन अवैध कॉलोनियों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

बरेली। बरेली विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने थाना सुभाषनगर क्षेत्र में बदायूं रोड स्थित तीन अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। यह कार्रवाई विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें सहायक अभियंता गजेन्द्र पाल शर्मा, अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी और प्रवर्तन टीम के अधिकारी मौजूद रहे।

प्राधिकरण के अनुसार अनिल अग्रवाल द्वारा बदायूं रोड पर लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखण्डों का चिन्हांकन, सड़क और बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी प्रकार विजय पंडित और श्याम बाबू द्वारा लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में तथा अश्विनी चौहान द्वारा लगभग 8 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से प्लाटिंग और विकास कार्य किया जा रहा था।

कलाकारों को सार्थक कला अवार्ड से सम्मानित किया गया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। रविवार को सार्थक संस्कृति सोसाइटी एवं सार्थक इंटरटेनमेंट के तत्वाधान में सार्थक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शीला सिंह व उनके पति पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। संस्था के अध्यक्ष एवं फिल्म निर्माता/ निर्देशक एसके प्रसाद ने बताया फिल्म फेस्टिवल में सार्थक एंटरटेनमेंट लखनऊ द्वारा निर्मित सात शॉर्ट फिल्में मुख्य रूप से स्क्रीन पर प्रदर्शित की गई। संस्था द्वारा बनाई गई अन्य शॉर्ट फिल्में व हिंदी फीचर फिल्मों का ट्रेलर भी दिखाया गया उन्होंने बताया इन फिल्मों में यहां के स्थानीय कलाकारों को भी अभिनय करने का मौका दिया गया है। शॉर्ट फिल्म परवरिश, कॉन्ट्रैक्ट, मुक्ति, जायज, सार्वजनिक और साइबर क्राइम जो अलग-अलग विषय पर बनाई गई है इन्हें दर्शकों ने देखकर बहुत प्रशंसा की। खास तौर पर

समाज में हो रहे तरह-तरह के साइबर ठगी के मामलों पर आधारित फिल्म साइबर क्राइम में सभासद/ अभिनेता देवेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञानू) व बॉलीवुड अभिनेता शरदराज सिंह द्वारा अभिनीत फिल्म में तरह-तरह के साइबर ठगी को दिखाया गया है, साथ ही इन ठगी से कैसे बचा जाए यह भी दिखाया गया है। दिखाए गए फिल्मों के मुख्य कलाकार गरिमा कपूर, तरुण सिंह, सौरभ शुक्ला, अनुष्का त्रिपाठी, अभिषेक सिंह, को मंच पर देख दर्शकों ने सभी का तालियां बजाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉक्टर विवेक सिंह वर्मा ने इस अवसर पर कहा फिल्में समाज का आईना होती है। समाज में अच्छा बुरा जो हो रहा है उसे फिल्म के कलाकार बड़ी मेहनत करके पर्दे पर हूबहू प्रस्तुत करते हैं। होटल रॉयल डिलाइट के मालिक विपुल सिंह ने कहा फिल्में मनोरंजन का एक बहुत अच्छा माध्यम है। फिल्मों के जरिए हम घर बैठे आसानी से मनोरंजन कर सकते हैं। भाजपा नेता पंकज कुमार गुप्ता(पंकी)ने कहा हमारे जनपद के ऐसे लोग हैं जो रंगमंच, संगीत व साहित्य से जुड़े युवा युवतियां है जो फिल्मों में अभिनय कर रहे हैं तथा कई ऐसे कलाकार है जो टीवी सीरियल में भी काम कर रहे हैं। संस्था द्वारा दिखाई गई फिल्मों के मुख्य कलाकार शरदराज सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञानू), रूफी खान, आकाश मौर्य ,रोहित राय, सोनी सिंह, अहम श्रीवास्तव, अखिलेश गौतम, पुवेंदु चतुर्वेदी, पुष्पा यादव, अनुप्रिया, सुधीर दुबे (मोनू), अमित कुमार प्रसाद, सिनेमोटोपोग्राफी अनुज कुमार और दीपिका को अवार्ड प्रदान किया गया, साथी ही जनपद के कला संगीत एवं साहित्य से जुड़ी विभूतियां में प्रभात कुमार दीक्षित, प्रदीप सारंग,सरोज श्रीवास्तव, आशीष सिंह, मंजू प्रसाद, एवं नवीन सेठ को सार्थक कला अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुगम संगीत प्रभात के कलाकारों द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुति की गई।आनंद कुमार रस्तोगी (अनन्तू भैया), प्रदीप जैन, विपुल कुमार सिंह, अरविन्द वर्मा, भोजपुरी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता संग्राम सिंह पटेल व रजनीश पाठक ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्था से जुड़े कई लोगों को भी सार्थक कला अवार्ड से सम्मानित किया गया।

फर्जी वेबसाइट बनाकर एमजेपीआरयू के नाम पर डिग्रियां बेचने वाला गैंग पकड़ा, एक गिरफ्तार

बरेली। थाना बारादरी पुलिस और परिक्षेत्रीय साइबर थाना की संयुक्त टीम ने महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर नकली डिग्री व मार्कशीट तैयार करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका साथी फरार है।

विश्वविद्यालय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अख्तर हुसैन ने पुलिस को सूचना दी थी कि www.mjpru.org.in नाम से एक नकली वेबसाइट बनाई गई है, जो विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट की नकल कर रही है। इस वेबसाइट पर फर्जी सूचनाएं और सामग्री अपलोड कर छात्रों व अभिभावकों को भ्रमित किया जा रहा था। इससे विश्वविद्यालय की साख को नुकसान पहुंच रहा था। इस पर थाना बारादरी में इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान साइबर सेल ने डोमेन प्रोवाइडर कंपनी होस्टिंगर से जानकारी जुटाई, जिसमें मोबाइल नंबर और पेमेंट डिटेल के आधार पर सुजय राय निवासी रुद्रपुर (उत्तराखंड) और धर्मेन्द्र कुमार निवासी रामपुर का नाम सामने आया। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने सुजय राय को रूहेलखंड विश्वविद्यालय के वॉयज हॉस्टल के बाहर से गिरफ्तार कर लिया, जबकि धर्मेन्द्र कुमार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक मोबाइल फोन, डेल कंपनी का लैपटॉप और एमजेपीआरयू नाम से बनी दो फर्जी डिग्रियों की छायाप्रति बरामद की गई। पूछताछ में सुजय राय ने बताया कि वह बीटेक पास है और उसने अपने साथी के साथ मिलकर यह फर्जी वेबसाइट विदेश जाने के इच्छुक छात्रों को स्टूडेंट वीजा दिलाने के लिए बनाई थी। वे फर्जी मार्कशीट और डिग्रियां बनाकर दूतावासों के सत्यापन के लिए अपनी नकली वेबसाइट का लिंक देते थे, जिससे उन्हें मोटी रकम मिलती थी। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है फरार अभियुक्त की तलाश जारी है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कच्ची सड़क को पिच कराने की मांग किया

महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) जनहित संघर्ष समिति बागापार के बैनर तले दर्जनों ग्रामीण सोमवार को जिलाधिकारी से मिले। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत बागापार के बहेरवा टोले से परसिया, विजयपुर एवं पंडितपुर सहित दर्जनों गांव को जोड़ने वाली कच्ची सड़क को पिच करवाने की मांग की। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रवींद्र जैन ने बताया कि ग्राम पंचायत बागापार टोला बहेरवा से ग्राम पंचायत परासखाड़ के परसिया टोले को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग कच्चा एवं जर्जर है। इस रास्ते से बहेरवा, बलिरामपुर, परसिया, पंडितपुर, डिहुलिया, परासखॉड़, बड़हरा राजा, सोइया टोला, शेखपुरवा, झुंगवा, विजयपुर सहित दर्जनों गांव के लोग आवागमन करते हैं। सड़क कच्ची एवं जर्जर होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में सड़क पानी से डूब जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती है। क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों का बागापार कस्बा तक आने का यह प्रमुख मार्ग है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के पिच हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर अंगद चौहान, हरीश आर्य, शैलेश यादव, धर्मेंद्र बौद्ध, रामहरख साहनी धर्मेंद्र सिंह, विद्यासागर यादव, रमेश साहनी, गणेश चौहान, सुनील सिंह, कमलेश शर्मा, प्रदीप सिंह, सुभान अली आदि मौजूद रहे।

नहरों में पानी कम, पंपसेट से बुझ रही खेतों की प्यास

अवधनामा संवाददाता

मिठौरा (महराजगंज)। नहर की मधुबनी शाखा में पानी की कमी के कारण सोमवार को हरपुर माइनर, चौक नहर तथा पनेवा-मंगलपुर क्षेत्र के बीच करीब आधा दर्जन किसान पंपसेट से गेहूं की सिंचाई करते नजर आए। डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण किसान हताश और चिंतित दिखे। किसानों का कहना है कि नहर से पर्याप्त पानी न मिलने के कारण पंपसेट से सिंचाई करनी पड़ रही है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

जिले की प्रमुख रबी फसल गेहूं की बोआई लगभग पूरी हो चुकी है और इस समय पहली सिंचाई का दौर चल रहा है। लेकिन जिले से गुजरने वाली अधिकांश छोटी-बड़ी नहरों में पानी का स्तर कम होने से किसानों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। पंपसेट से सिंचाई महंगी होने के कारण खेती की लागत बढ़ रही है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यह जिला कृषि प्रधान है और सिंचाई का प्रमुख साधन नहर ही है। ऐसे में फसल की पहली सिंचाई के समय यदि नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो रबी की फसल प्रभावित हो सकती है। किसानों ने सिंचाई विभाग से नहरों में शीघ्र पर्याप्त पानी छोड़े जाने की मांग की है।

सपा प्रतिनिधिमंडल ने कैंसर पीड़ित व शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार (महराजगंज)। सपा नेता व पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण पर रहा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कैंसर पीड़ितों तथा विभिन्न शोकाकुल परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल, सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव के साथ सिसवा नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 17 इंदिरा नगर (असमन छपरा) पहुंचे। यहां कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मनीष कन्नौजिया एवं बिरजू यादव के परिजनों से मुलाकात कर उनके इलाज की जानकारी ली। इस अवसर पर दोनों परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया गया।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र भ्रमण के दौरान खेसरारी पहुंचा, जहां बूथ कार्यकर्ता जगदीश यादव के 16 वर्षीय पुत्र के हालिया निधन पर शोक व्यक्त किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस असहनीय दुःख में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी संदीप रौनियार के आवास पर पहुंचकर उनकी माता के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई। इसके पश्चात रेलवे स्टेशन रोड स्थित अशोक किराना के यहां आयोजित ब्रह्मभोज में सम्मिलित होकर अशोक के पिता के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। प्रतिनिधिमंडल ने ईश्वर से सभी शोकाकुल परिवारों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

खबर लिखे जाने तक सपा प्रतिनिधिमंडल देर शाम तक नगर क्षेत्र का भ्रमण करता रहा।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव, जिलासचिव राकेश सिंह उर्फ रिंकू सिंह, लोहिया वाहिनी के जिलासचिव अंशुमान पांडेय, अमरनाथ यादव, हीरालाल जख्मी, बसिष्ठ यादव, ओमप्रकाश कन्नौजिया, सुनील चौधरी, राहुल यादव, नुरआलम, शैलेष अग्रवाल, नदीम अहमद, शिव चौरशिया, संजय गुप्ता, विजय तिवारी, प्रवीण सिंह, हरिद्वार गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला अस्पताल में व्यवस्थाओं की परख, जिलाधिकारी ने लिया जायजा

ओपीडी, वार्ड व निर्माणाधीन लैब का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया तथा मरीजों और उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उपचार की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं स्टाफ के व्यवहार की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों को समयबद्ध, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल पर जोर देते हुए ठंड के मौसम को देखते हुए वार्डों में पर्याप्त कंबल, हीटर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ओपीडी में 82 मरीजों का उपचार किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और समुचित परामर्श सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा बाहर से दवा या जांच के लिए दबाव बनाने की शिकायत न आने की चेतावनी दी। इसके बाद जिलाधिकारी ने अस्पताल के पांचवें तल पर निर्माणाधीन आईपीएचएल लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ को 99.99 लाख रुपये की लागत से बन रही लैब का कार्य समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, सीएमएस डॉ. एके द्विवेदी, डॉ. एबी त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद स्थापना दिवस पर बुद्ध की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

- सांसद ने भन्तेगणो के चरणो में प्रणाम करते हुए लोगो को दी जनपद स्थापना दिवस की बधाई

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद स्थापना दिवस 29 दिसम्बर को 37वें वर्षगाठ के अवसर पर सुबह साड़ी तिराहा पर बुद्ध की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया तथा उनके साथ सहयोगी अधिकारियों द्वारा भी पुष्प अर्पित किया गया। इसी क्रम में सिद्धार्थ चौराहे, बर्डपुर स्थित तिराहे पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के चरणो में पुष्प अर्पित किया गया।

इसके पश्चात अलीगढ़वा स्थित कपिलवस्तु स्तूप पर सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक इटवा/नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्तूप का पूजन किया गया तथा स्तूप की परिक्रमा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सीडीओ ने पालिकाध्यक्ष गोविन्द माधव को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सांसद जगदम्बिका पाल ने भन्तेगणो के चरणो में प्रणाम करते हुए सभी उपस्थित लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी। कहा कि तथागत गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। इसी नाम से इस जनपद का नाम सिद्धार्थनगर पड़ा। आज जनपद स्थापना के 37 वर्ष हो गये है। गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को अंहिसा, करूणा और दया का पाठ पढ़ाया। हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते है।

विधायक इटवा/नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने उपस्थित सभी लोगो को जनपद स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि राजकुमार सिद्धार्थ ने दुनिया को नई व्यवस्था में लाने के लिए सन्यास लिया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपद स्थापना के 37वां वर्षगाठ के अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारीगण, मीडिया बन्धु और भन्तेगणो का स्वागत करते हुए जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में बहुत से विकास के कार्य हुए है। स्तूप की यह रोड 4 लेन किया जायेगा। पर्यटन विभाग से बहुत से कार्य हो रहे है। यहां पर विपाशना केन्द्र एवं लाइट एण्ड साउण्ड शो का कार्य चल रहा है। हमारा यह प्रयास होगा कि शीघ्र ही यह सभी जनता के लिए शुरू हो। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा अतिथियों से भन्तेगणो को कम्बल वितरण कराया गया। पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा दूर-दराज से आयी जनता का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीतेश पाण्डेय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, मुमताज अहमद, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर, अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध खुनुवां से बॉर्डर तक निकली रैली, पुतला फूंका

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचार, हत्याओं और उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में रविवार को सीमावर्ती खुनुवां क्षेत्र में आक्रोश देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद समिति खुनुवां के आह्वान पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से रैली निकाली गई, जो बॉर्डर तक पहुंची। रैली का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष सचमुच त्रिपाठी और बजरंग दल संयोजक हरिश्चंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया।

बॉर्डर पर पहुंचकर रैली एक सभा में तब्दील हो गई, जहां प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के शासक का पुतला दहन किया। इस दौरान हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, दोषियों पर कार्रवाई करो जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मगुरु और स्थानीय नागरिक रैली में शामिल रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा मानवता पर धब्बा है। ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं। उन्होंने दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को मुआवजा और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

वक्ताओं ने भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश सरकार पर कूटनीतिक दबाव बनाए और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के माध्यम से निष्पक्ष जांच कराए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। आयोजकों ने कहा कि हिंदू समाज शांति का पक्षधर है, लेकिन अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना उसकी मजबूरी है। रैली के दौरान खुनुवां चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार पासवान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहने से कस्बे में शांति बनी रही। इस मौके पर गंगाधर मिश्रा, बहरैची बाबा, ग्राम प्रधान संजय कुमार, पूर्व प्रधान हरिनारायण, प्रमिला मिश्रा, प्रधानाचार्य बुद्धिसागर पाठक, श्यामकरन यादव, विनय, अरुण, उत्कर्ष पांडे, राजन, महंत शिवप्रसाद संत आदि लोग मौजूद रहे।

इटवा तहसील प्रीमियर लीग सीजन-3 का खिताब ए कंस्ट्रक्शन ने किया अपने नाम

अवधनामा संवाददाता

इटवा सिद्धार्थनगर। इटवा तहसील प्रीमियर लीग (ITPL) सीजन-3 के अंतर्गत आयोजित 5 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज लाइट हॉस्पिटल और ए कंस्ट्रक्शन टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए ए कंस्ट्रक्शन ने खिताब पर कब्जा जमा लिया।

फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर ए कंस्ट्रक्शन ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 10 ओवरों में 115 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाइट हॉस्पिटल की टीम ए कंस्ट्रक्शन की कसी हुई गेंदबाजी के सामने दबाव में आ गई और केवल 84 रन ही बना सकी। इस तरह ए कंस्ट्रक्शन ने मुकाबला 30 रन से आसानी से जीत लिया। ए कंस्ट्रक्शन की ओर से अनुराग साहनी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 59 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं गेंदबाजी में जुबैर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके। इसके अलावा अमजद ने भी टीम के लिए 17 रन का योगदान दिया। लाइट हॉस्पिटल की ओर से फाइनल मुकाबले में सर्वाधिक 26 रन बनाए गए। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लाइट हॉस्पिटल टीम के खिलाड़ी शफ्फी को आईटीपीएल सीजनङ्ग3 का मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। शफ्फी ने टूर्नामेंट के दौरान 73 रन बनाने के साथ-साथ 11 विकेट भी हासिल किए।

ठंड को देखते हुए 1 से 12 तक के सभी विद्यालय तीन दिन के लिए बन्द

हजपुरा,अम्बेडकरनगर। जिले में लगातार बढ़ रही शीतलहर और ठंड के प्रकोप को देखते हुए शिक्षा विभाग ने छात्रों को बड़ी राहत दी है। शासन के निर्देश पर जनपद के कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में 29 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है।

बेसिक शिक्षा निदेशक द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं सीबीएसई, आईसीएसई सहित सभी बोर्डों से संचालित विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। आदेश का उद्देश्य बच्चों को ठंड से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाना है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि अवकाश आदेश का पालन सुनिश्चित कराया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारियों एवं जिला विद्यालय निरीक्षकों को क्षेत्र में विद्यालयों को सूचना देने और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु विद्यालय में सोमवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में लोटन के सरस्वती शिशु माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। सम्मेलन के माध्यम से हिन्दू समाज को संगठित होकर एकजुटता के साथ आगे बढ़ने, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने तथा जातिगत भेदभाव त्यागकर मिल-जुलकर रहना चाहिए। उक्त बातें विभाग प्रचारक व सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजीव नयन ने कहीं। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहां कि समाज को एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है। उन्होने धर्म और राष्ट्र की एकता, युवा शक्ति के जागरण तथा राष्ट्रभक्ति पर विचार व्यक्त किया। कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त पद्धति है। पंच परिवर्तन के माध्यम से राष्ट्र परिवर्तन का संदेश दिया। सम्मेलन को सह संघ संचालक प्रेमचन्द मोदनवाल ने संबोधित करते हुए कहां कि समाज से जातिगत भेदभाव छोड़ आपसी भाईचारा, समरसता और एकजुटता बढ़ाने का आह्वान करने के साथ हिंदू, समृद्ध भारत के संकल्प के साथ स्वदेशी अपनाने की बात होनी चाहिए।

सम्मेलन का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण मोहन पाण्डेय ने किया। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक रामनिवास यादव ने किया। सम्मेलन में जिला सह प्रमुख मनोज, अभिषेक, सूरज त्रिपाठी,अनुराग कसौधन, शिवम् विश्वास,भाजपा मंडल अध्यक्ष दृगनरायन सिंह, कृष्ण दत्त तिवारी,रुद्र नारायण सिंह,शतीस वर्मा, दिनेश सिंह,निरंजन चौरसिया,लौहर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

जनता सेवा का अकबरपुर डिपो में 20 प्रतिशत कम किराया वाली बसों का शुभारंभ

दानिश मेहदी

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री जनता सेवा (मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता सेवा) का अम्बेडकरनगर जिले के अकबरपुर डिपो में सोमवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। इस सेवा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बसों का किराया साधारण बसों से 20 प्रतिशत कम रखा गया है।

शुभारंभ कार्यक्रम अकबरपुर डिपो स्थित बस स्टेशन परिसर में आयोजित किया गया। सदस्य विधान परिषद माननीय श्री हरिओम पाण्डेय एवं सदस्य विधान सभा धर्मराज निषाद ने संयुक्त रूप से पांच बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इन बसों का संचालन पांच अलग-अलग मार्गों पर किया जाएगा, जिससे जिले के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आमजन को सस्ती और सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्सना बंधु सहित निगम के कई अधिकारी और कार्मिक उपस्थित रहे।ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता सेवा की शुरुआत स्तर पर सितंबर 2025 में मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी। इस योजना के तहत पुरानी लेकिन अच्छी स्थिति वाली बसों को ग्रामीण रूटों पर चलाया जा रहा है।

ग्राम प्रधान ने जरूरतमंदों में किया कंबल वितरण

- गरीब व बेसहारा लोगों की मदद कर, मिलता है आत्मिक सुकून : ब्रह्मचारी दूबे
- पाँच सौ से अधिक जरूरतमंदों को वितरित किए गए निःशुल्क कंबल

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र उसका बाज़ार अंतर्गत ग्राम पंचायत तिघरा की ग्राम प्रधान शालिका दूबे ने बढ़ती ठंड और शीतलहर के दृष्टिगत एक सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद, गरीब एवं असहाय लोगों में कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ब्रह्मचारी दूबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान ग्राम प्रधान शालिका दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि सर्दी के मौसम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ठंड से बचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सदैव गांव के जरूरतमंदों के साथ खड़ी हैं और आगे भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ब्रह्मचारी दूबे ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों की मदद कर आत्मिक सुकून मिलता है। कहा कि ठंड के मौसम में गरीब परिवारों को सर्वाधिक परेशानी होती है। पाँच सौ से अधिक जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल प्रदान किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना ही सबसे बड़ी सेवा है। बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गाँव के गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों को भीषण ठंड से राहत पहुंचाना था। लोगों ने ब्रह्मचारी दूबे के इस पहल की सराहना की। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। उन्होंने ग्राम प्रधान शालिका दूबे, उनके पति ब्रह्मचारी दूबे का आभार व्यक्त करते हुए इस मानवीय प्रयास की सराहना की। कहा कि इस सहायता से ठंड के मौसम में उनकी कठिनाई कम हुई, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है। कंबल वितरण कार्यक्रम में भवानी धर दूबे, अंजनी कुमार दूबे, ओमप्रकाश दूबे, महीधर दूबे, राममिलन दूबे, सर्वेश मिश्र, हर्षित, राहुल, सत्यनारायण एवं शिवम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

एआरटीओ व लेखाकार सरकार की नीतियों पर लगा रहे धब्बा

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जिले के परिवहन विभाग में एआरटीओ आरसी भारतीय की लापरवाही से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में खेल चल रहा है। यहां ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक होने के बावजूद लाइसेंस लाइसेंस बनाने में खेल हो रहा है।वहीं ऑनलाइन आवेदन के बाद भी लोगों को लाइसेंस में देरी होती है और आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ ते हैं। वहीं जुगाड़ वाले बिना गाड़ी चलाए ही पास हो जाते हैं और जो लोग टेस्ट देने पहुंचते हैं, उनकी ड्राइविंग में कुछ न कुछ कमी बताकर लटका दिया जाता है।

वही परिवहन विभाग में तैनात आरआई ना तो किसी के कागज की जांच पड़ताल करते हैं वह सिर्फ नाम पूछते हैं क्या नाम है गाड़ी चाहे जो व्यक्ति चलाएं न तो किसी के फोटो की मिलान करते हैं ऐसे ही एक मामला खुलकर सामने आया है एक दिन ट्रेनिंग सेंटर के ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर एक व्यक्ति गाड़ी लेकर आता हैं और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर गाड़ी को चलता है कई लोगों ने जब आरआई से पूछा कि सब क्या इस व्यक्ति का लाइसेंस था, आरआई उसका साफ जवाब नहीं दे पाए और इस दलाल व्यक्ति का समर्थन करने लगे की चलो एक बन गया आप कल से हम आधार चैक करेंगे।ऐसे ही परिवहन विभाग के कार्यालय में प्रति दिन लगभग 40 से 50 लोग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए बायोमेट्रिक और फोटो के लिए लोग पहुंचते हैं।लेकिन वहां गाड़ी का टेस्ट देने के लिए सिर्फ 10 से 15 लोग टेस्ट देने पहुंचते हैं।

इससे यह सवाल उठता है कि बायोमेट्रिक और फोटो खिंचवाने के लिए तो 40 से 50 लोग आए और टेस्ट देने 10 से 15 ही लोग आए बाकी लोगों का लाइसेंस कैसे बनता है यह एक बहुत बड़ा सवाल है। वही नियम यह है कि डीएल जारी करने के पहले आरआई (संभागीय निरीक्षक) ड्राइविंग टेस्ट लेते हैं।टेस्ट पास करने वालों को ही लाइसेंस जारी होता है हालांकि गोंडा जिले में डीएल जारी करने में खेल हो रहा है,यहां जुगाड़ वाले लोगों को बिना टेस्ट दिए ही लाइसेंस मिल जाता है,वहीं जो लोग नियम-कायदे के साथ टेस्ट देने पहुंचते हैं,उन्हें कोई न कोई बहाने से फेल कर दिया जात है। जिले में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक भी है,यहां सिर्फ उन लोगों से गाड़ियां चलवाकर देखी जाती हैं। जो सुविधा शुल्क नहीं दे पाते हैं और उसमे खेल कर दिया जाता है और उन्हें फेल कर दिया जाता है।ऑनलाइन लाइसें बनवाना भी अब लोगों को मुश्किल हो रहा है।लाइसेंस बनवाने के लिए लोग वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते हैं।सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब टेस्ट की बारी आती है तो उन्हें लटका दिया जाता है।ऐसे में लोगों को मजबूरी में दलालों का सहारा लेना पड़ता है।

वरिष्ठ पत्रकार का निधन पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

अवधनामा संवाददाता, जलालपुर, अम्बेडकरनगर। वरिष्ठ पत्रकार पीयूष चतुर्वेदी चौबे का लंबी बीमारी के बाद लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत तथाजनपद में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही स्थानीय पत्रकारों, राजनेताओं, समाजसेवियों और आम जनता के बीच गहरा दुख व्याप्त हो गया। वरिष्ठ पत्रकार आर.पी. सिंह, नियाज सिद्दीकी, अतेन्द्र त्रिपाठी, राम उजागिर चौहान, जितेन्द्र भार्गव, हरिश्चंद्र सिंह,ओंकार शर्मा, आशुतोष श्रीवास्तव,इब्ने अली जाफरी,सत्य प्रकाश मिश्र, विकाश निषाद, संदीप यादव, गिरीश मिश्र,मयंक तिवारी, मंजुल तिवारी, संजीव यादव, विमलेश दुबे, गोपाल सोनकर,प्रेम सागर विश्वकर्मा सहित ने शोक संवेदना व्यक्त की। पीयूष चतुर्वेदी चौबे का अंतिम संस्कार बालाघाट, जलालपुर में सोमवार को रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान उनके परिजनों, मित्रों, सहयोगियों और क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें भावभीनी अंतिम विदाई दी। पत्रकारिता जगत के साथ राजनीतिक क्षेत्र के अनेक हस्तियों ने दुख जताया। इनमें पूर्व विधायक सुभाष राय, वरिष्ठ नेता राजेश सिंह, सिद्धार्थ मिश्र, आशुतोष उपाध्याय, नदीम अंसारी, संजीव मिश्र, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, अरुण मिश्र,देवेश मिश्र, नृपेन्द्र कुशवाहा, संदीप मिश्र 'गुड़न', सोनू गौड़,आशाराम मौर्या, बंटी मिश्र शामिल रहे। वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर टांडा के वरिष्ठ पत्रकार हिंदी दैनिक अवधनामा अम्बेडकर नगर दानिश मेहदी ने गहरा दुःख व्यक्त किया और उनके परिवार को धैर्य की कामना की।

हज़रत मोहम्मद साहब के उत्तराधिकारी हज़रत अली अस का 3 जनवरी को जुलूस ए हैदरी का होगा आयोजन

जलालपुर अम्बेडकरनगर। इस्लाम धर्म के आखरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के उत्तराधिकारी हज़रत अली अलैहिस्सलाम की विलादत (जन्म दिवस) 13 रजब के अवसर पर मौलूद -ए-हरम कमेटी के बैनर तले 03 जनवरी को अपराह्न 2 बजे जाफराबाद स्थित रौजा हज़रत अब्बास से भारी भरकम जुलूस-ए-हैदरी का आगाज होगा।नगर का भ्रमण करता जुलूस सराय चौक होता हुआ डाक्टर सुरेश यादव के सामने से थाना मार्ग होता हुआ यादव चौराहा पहुंचेगा। कुछ समय पश्चात जुलूस रौजा हज़रत कासिम पहुंचकर कसीदा ख्वानी के बीच समाप्त होगा। शिया समुदाय अपने पहले इमाम के जन्मदिन के मौके पर अपने घरों इमामबाड़ा व मस्जिदों में सजावट कर महफ़िल व नज़र नियाज़ का आयोजन करेंगे। मौलूद-ए-हरम कमेटी के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने 13 रजब के मौके पर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के बाबत पुलिस प्रशासन एवं नगर में साफ-सफाई व स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए पालिका प्रशासन से सहयोगा की अपील की है। जुलूस के समापन पर मौलूद -ए -हरम कमेटी की तरफ से पुलिस प्रशासन, पत्रकारगढ और समाजसेवा के लिए सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।जुलूस की तैयारी में अहसन रज़ा मीसम, कौसर अली, अली असगर, सैफ़ अब्बास राजू, जाफरान, काजिम रज़ा, बादशाह हुसैन, मास्टर शरीफ़ अहमद, मेंहदी रज़ा, इनाम जाफरी, अली अब्बास सहित तमाम लोग लगे हुए हैं।

चोरी करने के आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता, गोण्डा। थाना तरबगंज पुलिस द्वारा चोरी/नकबजनी की घटना कारित करने के आरोपी अभियुक्त श्यामू मौर्या पुत्र शिव प्रसाद निवासी बाबापुरवा मौजा गंगरौली थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल व घटना मे प्रयुक्त स्पेलेण्डर प्रो मोटरसाईकिल बरामद किया गया। दिनांक 28 दिसम्बर को श्रीमती कोमल सोनी प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय नकदही द्वारा थाना तरबगंज में सूचना दी गयी कि अभियुक्त श्यामू मौर्या पुत्र शिव प्रसाद को प्राथमिक विद्यालय में चोरी करते हुए पकड़ लिया गया है। थाना तरबगंज पुलिस द्वारा पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे से चोरी का माल, एक झोले में लोहे की दो रॉड, एक लोहे की छीनी तथा एक हथौड़ी घटना मे प्रयुक्त स्पेलेण्डर प्रो मोटरसाईकिल बरामद किया गया। थाना तरबगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना तरबगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

पूर्व मंत्री के बुलावे पर हर सुख दुख में मिलूंगी साथ : विजय लक्ष्मी

- अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित, भाजपा नेताओं ने किया संबोधित
- वाजपेयी के विचारों को बताया पार्टी की सफलता का आधार

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। अटल जी के नेतृत्व में देश ने सड़क, शिक्षा, परमाणु शक्ति और संचार जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से उन्होंने देश को सड़कों के जाल से जोड़कर बुनियादी ढांचे को नई दिशा दी। उनके विचारों को मील का पत्थर मानकर आगे बढ़ते हुए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है।

उक्त बातें सोमवार को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य स्मृति में भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा क्षेत्र के खुनियांव ब्लाक बाग में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में मुख्य अतिथि सम्मेलन की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री (ग्राम विकास) विजय लक्ष्मी गौतम ने कहीं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, सम्मेलन की विशिष्ट अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा तथा आयोजक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी रहे। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने संबोधन मे कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश ने सड़क, शिक्षा, परमाणु शक्ति और संचार जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से उन्होंने देश को सड़कों के जाल से जोड़कर बुनियादी ढांचे को नई दिशा दी। उनके विचारों को मील का पत्थर मानकर आगे बढ़ते हुए आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है।

राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री के साथ-साथ विदेश मंत्री और संसद की कई महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्ष के रूप में भी देश को मजबूत किया। उन्होंने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के गठन और विस्तार में अहम भूमिका निभाई। वे सामाजिक समानता, समरसता और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रबल समर्थक थे। गौतम ने बताया कि अटल जी ऐसे भारत की कल्पना करते थे जो अपनी 5000 वर्षों पुरानी सभ्यता से जुड़ा हो और आधुनिकता के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सके। मंत्री ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल रही हैं।

भाजपा क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी जी ने कहा कि अटल जी की राजनीति संवाद और सहमति की राजनीति थी। वे विपक्ष का भी सम्मान करते थे, यही उनकी महानता थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की वैचारिक मजबूती में अटल जी का योगदान अतुलनीय है। आज पार्टी कार्यकर्ता जिस ऊर्जा और संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं, वह अटल के आदर्शों का परिणाम है। कार्यक्रम के आयोजक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने भावुक शब्दों में कहा कि अटल मेरे लिए केवल नेता नहीं, बल्कि प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने हमें सिखाया कि सत्ता नहीं, सेवा ही राजनीति का मूल उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि अटल ने जिस भारत की कल्पना की थी, वह भारत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि इटवा और खुनियांव की धरती से अटल जी को स्मरण करना मेरा सौभाग्य है।

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आह्वान किया कि वे अटल जी के आदर्शों को जीवन में अपनाएँ और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। सम्मेलन में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि खुनियांव राजेन्द्र दूबे, चेयरमैन बिस्कोहर अजय गुप्ता, चेयरमैन इटवा विकास जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री कृष्णा मिश्र,जिला मिडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय,मण्डल अध्यक्षगण खुनियांव राजेश पाण्डेय, इटवा दीपनारायण त्रिपाठी, बेलवा रामसूरत चौरसिया, बिस्कोहर श्रवण गिरी, वरिष्ट नेता गण हरिशंकर सिंह, राजकिशोर यादव, बलराम मिश्रा, दलसिंगार दूबे, माया मिश्रा, शैलेश पाठक, रामशब्द उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शीतलहर से राहत हेतु जिला प्रशासन अलर्ट,14 विभागों के दायित्व तय

अवधनामा संवाददाता, गोण्डा। जनपद में लगातार बढ़ती ठंड, शीतलहर एवं कोहरे के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। आमजन, विशेषकर जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध, बच्चों एवं पशुओं को शीतलहर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया जारी करते हुए सभी संबंधित विभागों के कार्य एवं दायित्व निर्धारित कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार पुलिस विभाग को रात्रि गश्त सघन करने, खुले में सो रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें रैन बसेरों तक पहुंचाने तथा अलाव स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विकास एवं पंचायत राज विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर शीतलहर से प्रभावित संवेदनशील व्यक्तियों की सूची तैयार करने, पंचायत व सामुदायिक भवनों को अस्थायी रैन बसेरों के रूप में उपयोग करने, अलाव हेतु लकड़ी व ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण स्तर पर जन-जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वोटर के अहम विरोधाभास

देश के 12 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) का अभियान चलाया था। कुल 51 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाना था। एसआईआर की प्रक्रिया के बाद 6.57 करोड़ मतदाताओं के नाम सूचियों से काट दिए गए। यह बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण आंकड़ा है। दो विरोधाभासी तस्वीरें सामने आई हैं। देश के सबसे बड़े राज्य उप्र में ही 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जबकि उप्र में भाजपा की सरकार है। इसके उलट असम में 2001 के बाद 1 करोड़ से अधिक मतदाता बढ़ गए हैं। वहां की मतदाता सूची के ड्राफ्ट में 2 करोड़ 52 लाख 02775 मतदाता दर्ज किए गए हैं। 2021 के बाद से 18 लाख से अधिक मतदाता बढ़े हैं, जबकि पुनरीक्षण के दौरान 10.6 लाख नाम काटे भी गए हैं। गौरतलब यह है कि 93021 मतदाताओं को 'डी' श्रेणी में रखा गया है। उन 'संदेहास्पद' नामों को भी मतदाता सूची में शामिल किया गया है, लेकिन वे तब तक वोट डालने के 'अपात्र' रहेंगे, जब तक उनकी भारतीय नागरिकता घोषित नहीं हो जाती। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा का बयान संवेदनशील और चेतावनीपूर्ण है कि राज्य में बांग्लादेश मूल के लोगों की संख्या 40 फीसदी को पार कर चुकी है। यदि उनकी आबादी 50 फीसदी से अधिक हो गई, तो वे असम राज्य के बांग्लादेश में विलय की साजिश रच सकते हैं। ऐसी कोशिशें भी जारी हैं। सवाल है कि उप्र में जो 2.89 करोड़ नाम कटे हैं और असम में जो 18 लाख से ज्यादा मतदाता बढ़े हैं, क्या वे बांग्लादेशी अथवा रोहिंग्या घुसपैठिए हैं? चुनाव आयोग स्पष्ट क्यों नहीं करता? जिन मतदाताओं की मौत हो चुकी है, उनकी संख्या स्पष्ट है और वे नाम मतदाता सूचियों से बाहर किए जाने चाहिए, लेकिन चुनाव आयोग ने जिन मतदाताओं को मिसिंग, लापता, गायब, पते पर गैरहाजिर और संदेहास्पद करार दिया है, उनके आधार क्या हैं?

क्या उनकी नागरिकता भी सवालिया है? बेशक नागरिकता का संवैधानिक अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। वह गृह मंत्रालय का विशेषाधिकार है, लेकिन जिन मतदाताओं को मिसिंग या शिफ्ट करार दिया गया है, उनका मताधिकार तो सुरक्षित है न? वे देश में जहां भी होंगे, क्या वहां के मतदाता बना दिए जाएंगे अथवा वे अनाथ हो जाएंगे? कमोबेश भारत में मताधिकार मौलिक अधिकार है और उसे कोई भी सरकार या चुनाव आयोग छीन नहीं सकता। ऐसा लगता है कि यह मामला नए सिरे से सर्वोच्च अदालत के सामने जाएगा। अभी तक विपक्ष 'वोट चोरी' के मुद्दे पर प्रलाप कर रहा था। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान खासकर कांग्रेस ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगाए थे, लेकिन 'वोट चोरी' साबित नहीं हो सकी। यह प्रलाप पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी सुना गया। दोनों ही राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। उप्र में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी भाजपा-एनडीए सत्तारूढ़ हैं, लिहाजा वहां 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम कटना एक सनसनीखेज घटना है। क्या वे मतदाता फर्जी थे? किसने बनाए थे वे वोट? और अब एसआईआर में मतदाताओं के नाम काट क्यों दिए गए? क्या खुद भाजपा ने 'वोट चोरी' को अंजाम दिया है? क्या वे वाकई भाजपा समर्थक मतदाता थे? यह बेहद हास्यास्पद स्थिति है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा समर्थक 4 करोड़ मतदाताओं के गायब होने की घोषणा की थी और पार्टी को भी आगाह किया था। मुख्यमंत्री को यह सूचना कैसे मिली और उन्होंने किस आधार पर घोषणा की? क्या 2.89 करोड़ मतदाता आभासी थे या घुसपैठिए थे अथवा अजैविक, डिजिटल वोटर थे? इस सवाल का जवाब चुनाव आयोग को ही देना है।

ग्रामीण जीवन के सच्चे चितेरे थे श्रीलाल

समकालीन व्यंग्यकार राग दरबारी के लेखक श्रीलाल शुक्ल ने राग दरबारी उपन्यास में गांव की आधुनिक भारतीय जीवन की सहज मूल्यहीनता को सहजता और निर्भयता से अनावृत किया है। उपन्यास में शुरू से लेकर अंत तक सोद्देश्य व्यंग्य के साथ लिखे गये उपन्यास को हम हिंदी का पहला वृहत उपन्यास कह सकते हैं। श्रीलाल शुक्ल का जन्म 31 दिसंबर 1925 को लखनऊ जिले के अतरौली (लखनऊ) नामक कस्बे में एक छोटे कृषक परिवार में हुआ था। यह कस्बा मौलिक रूप से तो लखनऊ का हिस्सा था पर यह कस्बा हरदोई व सीतापुर जनपद की मिश्रित संस्कृति के रूप में प्रसिद्ध था।

ओमप्रकाश 'सुमन'

श्रीलाल शुक्ल के दादा संस्कृत उर्दू और फारसी के ज्ञाता थे तथा एक विद्यालय में अध्यापक के रूप में कार्य करते थे। इनके पिता संगीत के शौकीन थे वह पितामह द्वारा अर्जित की गई कृषि भूमि पर ही जीवन यापन करते थे । 1946 में पिताजी के निधन से श्रीलाल शुक्ल को आर्थिक संघर्ष भी करना पड़ा। श्रीलाल शुक्ल के माता-पिता के बारे में विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है।श्रीलाल शुक्ल ने प्रयाग विश्वविद्यालय से बी . ए. तथा एम .ए. की परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने विधि की पढ़ाई भी शुरू की पर इसी बीच 1948 में कानपुर की गिरिजा देवी से उनका विवाह हो गया, विधि की पढ़ाई पूरी नहीं हो सकी। शुक्ल जी ने कुछ दिनों तक लखनऊ के कान्यकुब्ज वोकेशनल कॉलेज में शिक्षण कार्य भी किया था। 1949 में श्रीलाल सिविल सेवा की नौकरी में आ गए तथा 1983 में वह भारतीय प्रशासनिक सेवा से निवृत हो गये। यद्यपि इनकी साहित्य लेखन में 1954 से ही रुचि थी। उनकी एक रचना 1954 में धर्मयुग पत्रिका में छपी थी। उनका प्रथम प्रकाशित उपन्यास सूनी घाटी का सूरज 1957 में तथा प्रथम प्रकाशित व्यंग्य अंगद का पांव 1958 में प्रकाशित हुआ । शुक्ल जी ने उपन्यास, कहानी, निबंध, आलोचना बाल साहित्य सहित अनेक विधाओं में 2 दर्जन से अधिक रचनाएं की हैं। उनकी रचनाओं में व्यंग लेखन में- 9 कृतियां, आलोचना की -3, निबंध की 2, उपन्यास- 11, कहानी संग्रह -3 हैं। राग दरबारी, विश्रामपुर का संत इनकी बहु चर्चित कृतियां है उन्होंने लगभग दो दर्जन से अधिक पुस्तकों की रचना की। साहित्य की यात्राओं में वह चीन , जर्मनी, पोलैंड व युगोस्लाविया गए थे। भारत सरकार ने श्री लाल शुक्ल के सम्मान में श्रीलाल शुक्ल पर 10 का एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया था ।वैसे श्रीलाल शुक्ल हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व संस्कृत आदि के ज्ञाता होने के साथ संगीत में भी रुचि रखते थे वह शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत दोनों के ज्ञाता थे।

राग दरबारी 1968 में प्रकाशित उपन्यास समकालीन कथा साहित्य में उद्देश्यपूर्ण व्यंग्य लेखन है। श्रीलाल शुक्ल ने सरकारी सेवा में रहते हुए भी व्यवस्था पर करारी चोट करते हुए राग दरबारी की रचना की। राग दरबारी उपन्यास की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजी, पंजाबी, तेलुगू सहित 16 भारतीय भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। 1986 में दूरदर्शन ने धारावाहिक का निर्माण कर इसका प्रसारण किया जो बहुत ही लोकप्रिय रहा । राग दरबारी उपन्यास की प्रमुख विशेषता है कि इसकी धारदार व्यंग्यात्मक शैली, इसके व्यंग्य को समझने के लिए साहित्यिक ज्ञान,अभिरूचि या विशेष भाषा ज्ञान की आवश्यकता नहीं है । सामान्य रूप से शिक्षित व्यक्ति बड़े आराम से इसके पढ़ने में तन्मय हो जाता है। यही कारण है हर वर्ग के व्यक्ति ने इसमें अपनी रुचि दिखाई है ।

यह एक सा उपन्यास है जो गांव की आधुनिक भारतीय जीवन की मूल्य हीनता को सहजता और निर्भयता से अनावृत करता है। राग दरबारी उपन्यास के सामाजिक जीवन का आधार हम इस प्रकार का सकते हैं। राग दरबारी का काल्पनिक गांव शिवपालगंज संभवत आजाद भारत के हर इलाके में मौजूद है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

यदि अंतरिक्ष ने भारत के सपनों को नई ऊँचाई दी, तो सेना और सुरक्षा के क्षेत्र में 2025 ने साहस, समर्पण और नेतृत्व के नए मानक स्थापित किए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद विंग कमांडर व्योमिका सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नलसोफिया कुरैशी जैसे नाम केवल सैन्य अभियानों से नहीं, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों में बदलती नेतृत्व संस्कृति से जुड़े। दुर्गम, ऊँचाई वाले और उच्च जोखिम वाले इलाकों में चेतक और चीता हेलीकॉप्टर उड़ाने वाली व्योमिका सिंह ने यह दिखाया कि भारतीय वायुसेनामें महिला अधिकारी अब प्रतीकात्मक उपस्थिति तक सीमित नहीं।

आकांक्षाओं से परिणामों तक : उपलब्धियों वाला भारत

इतिहास के पन्नों में साल 2025 को केवल उपलब्धियों के आँकड़ों से नहीं, बल्कि भारत के अडिग संकल्प और उभरती चेतना से पहचाना जाएगा। यह वह वर्ष है जिसने राष्ट्र के आत्मबल को नई ऊँचाई दी और दुनिया के सामने भारत की एक नई छवि गढ़ी। विभिन्न क्षेत्रों में भारत की सामूहिक शक्ति का यह उभार इस बात का जीवंत प्रमाण है कि देश अब संभावनाओं के दौर से आगे निकलकर परिणामों के युग में प्रवेश कर चुका है। अंतरिक्ष से लेकर धरती तक, प्रयोगशालाओं से लेकर खेल के मैदानों तक, और तकनीकी नवाचार से लेकर सांस्कृतिक अभिव्यक्ति तक–2025 में भारत की उपस्थिति निर्णायक और आत्मविश्वास से भरी रही। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुँचना केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था। यह उस दीर्घ यात्रा का प्रतीक था जिसमें भारत ने अंतरिक्ष को केवल वैज्ञानिक प्रयोग का क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सामर्थ्य और वैश्विक सहयोग के मंच के रूप में स्थापित किया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखने वाले पहले भारतीय के रूप में उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत अब अंतरिक्ष अभियानों में सहभागी भर नहीं, बल्कि सक्रिय साझेदार है। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान किए गए वैज्ञानिक प्रयोगों ने यह भी रेखांकित किया कि भारतीय वैज्ञानिक दृष्टि अब संसाधनों की कमी से नहीं, बल्कि उच्चस्तरीय अनुसंधान क्षमता से पहचानी जा रही है।

महेन्द्र तिवारी

इसी क्रम में भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीताविलियम्स की पृथ्वी पर वापसी ने यह स्मरण कराया कि भारतीय प्रतिभा की वैश्विक उपस्थिति कितनी व्यापक और प्रभावशाली है। लगभग नौ महीने के लंबे अंतरिक्ष प्रवास के बाद उनकी सुरक्षित वापसी केवल तकनीकी सफलता नहीं थी, बल्कि यह अंतरिक्ष में मानव सहनशक्ति, अनुशासन और वैज्ञानिक धैर्य की विजय थी। ऐसे उदाहरण भारत की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनते हैं, जो विज्ञान को अब केवल एक पेशे के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व और वैश्विक योगदान के रूप में देखने लगी है। यदि अंतरिक्ष ने भारत के सपनों को नई ऊँचाई दी, तो सेना और सुरक्षा के क्षेत्र में 2025 ने साहस, समर्पण और नेतृत्व के नए मानक स्थापित किए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद विंग कमांडर व्योमिका सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नलसोफिया कुरैशी जैसे नाम केवल सैन्य अभियानों से नहीं, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों में बदलती नेतृत्व संस्कृति से जुड़े। दुर्गम, ऊँचाई वाले और उच्च जोखिम वाले इलाकों में चेतक और चीता हेलीकॉप्टर उड़ाने वाली व्योमिका सिंह ने यह दिखाया कि भारतीय वायुसेना में महिला अधिकारी अब प्रतीकात्मक उपस्थिति तक सीमित नहीं, बल्कि रणनीतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। वहीं, लेफ्टिनेंटकर्नलसोफियाकुरैशी

का सैन्य अभियानों और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों में नेतृत्व यह प्रमाण बना कि भारतीय सेना में योग्यता अब किसी पहचान या लिंग की मोहताज नहीं रही। खेल के मैदानों में भी 2025 भारत के लिए उत्साह और आत्मविश्वास का वर्ष सिद्ध हुआ। चैंपियंस ट्रॉफी में श्रीयसअय्यर की बल्लेबाज़ी ने भारत को खिताबी जीत दिलाई, किंतु उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह था कि उन्होंने दबाव में संयम और आक्रामकता के संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत किया। भारतीय क्रिकेट की यह नई पीढ़ी अब केवल प्रतिभाशाली ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी परिपक्व दिखाई देती है। इसके समानांतर, पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और शतरंज में दिव्यादेशमुख जैसी खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने खेल को सामाजिक विमर्श से जोड़ दिया। संसाधनों की कमी, शारीरिक सीमाएँ और सामाजिक पूर्वाग्रह–इन सबको पीछे छोड़कर उनकी सफलता ने यह प्रश्न खड़ा किया कि क्या समाज अब भी 'विशेष परिस्थितियों' को बहाना बनाकर प्रतिभा को सीमित करता रहेगा। वहीं, युवा धावक अनिमेशकुजुर का उभार यह संकेत देता है कि भारतीय एथलेटिक्स अब केवल भागीदारी तक सीमित नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता के दौर में प्रवेश कर चुका है।

व्यवसाय, प्रबंधन और नवाचार के क्षेत्र में 2025 ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय प्रतिभा अब वैश्विक मानकों को केवल अपनाती नहीं, बल्कि उन्हें आकार भी देती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और यंत्र अधिगम को वित्तीय सेवाओं में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अभिषेक सरकार को मिला वैश्विक सम्मान इस तथ्य की पुष्टि करता है कि भारतीय तकनीकी विशेषज्ञ अब केवल सहायक भूमिकाओं में नहीं, बल्कि नवाचार के अग्रिम मोर्चे पर खड़े हैं। इसी प्रकार, डिजिटल रूपांतरण और वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला प्रबंधन में प्रवीन कुमार को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता यह दर्शाती है कि भारतीय प्रबंधकीय क्षमता अब केवल लागत-कुशल नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी विश्वसनीय और प्रभावी बन चुकी है।

सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में भी भारत की आवाज़ 2025 में वैश्विक मंच पर स्पष्ट और प्रभावशाली ढंग से सुनाई दी। मानवता, पर्यावरण और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में योगदान के लिए सद्गुरु को मिला वैश्विक भारतीय सम्मान केवल एक व्यक्ति का अभिनंदन नहीं था, बल्कि भारतीय दर्शन और जीवन-दृष्टि की उस परंपरा की स्वीकृति थी जो आधुनिक विश्व की चुनौतियों के बीच नए अर्थ खोज रही है। इसी प्रकार, सिनेमा और रचनात्मक कलाओं में उभरती नई पीढ़ी–अभिनेता, निर्देशक और कथाकार–यह संकेत देती है कि भारतीय लोकप्रिय संस्कृति अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं और प्रश्नों को अभिव्यक्त करने का माध्यम बनती जा रही है। भारतीय व्यंजनों को वैश्विक पहचान दिलाने वाले शेफ विजय कुमार को मिले अंतरराष्ट्रीय सम्मान यह भी दर्शाते हैं कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति उसकी थाली, उसकी कहानियों और उसके विचारों–तीनों में समान रूप से विद्यमान है। इन व्यक्तिगत उपलब्धियों से आगे, 2025 की सबसे महत्वपूर्ण कहानी संभवतः उन आँकड़ों में छिपी है जो सामाजिक परिवर्तन की दिशा को दर्शाते हैं। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ का उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान मिलना केवल एक अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा नहीं, बल्कि भारतीय नीतिगत प्रयासों की वैश्विक स्वीकृति है। वर्ष 2015 में जहाँ सामाजिक सुरक्षा कवरेज केवल 19 प्रतिशत था, वहीं 2025 तक उसका 64.3 प्रतिशत तक पहुँचना इस बात का प्रमाण है कि विकास की परिभाषा अब केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक संरक्षण और समावेशन की ओर भी विस्तृत हो चुकी है।

भारत की पारंपरिक चिकित्सा की रोशनी में विश्व-स्वास्थ्य

आयुष मंत्रालय की स्थापना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत, विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ पारंपरिक चिकित्सा को लेकर साझेदारी और वैश्विक सम्मेलनों का आयोजन इस दिशा में ठोस कदम हैं। हाल ही में नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा वैश्विक शिखर सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि भारत अब इस क्षेत्र में केवल सहभागी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है।

आज की दुनिया गहन और बहुआयामी स्वास्थ्य संकटों से गुजर रही है। एक ओर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, मानसिक तनाव, अवसाद, चिंता और असंतुलन तेजी से बढ़ रहे हैं, तो दूसरी ओर संक्रामक रोग, महामारी और पर्यावरणीय विषमताएँ मानव जीवन को निरंतर चुनौती दे रही हैं। इन परिस्थितियों के बीच यह स्पष्ट होता जा रहा है कि केवल आधुनिक एलोपैथिक चिकित्सा के सहारे वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं का संपूर्ण समाधान संभव नहीं है। यही कारण है कि विश्व समुदाय का ध्यान पुनः भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की ओर आकर्षित हो रहा है, जिनमें आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी पद्धतियाँ शामिल हैं। जिन्हें 'आयुष' के नाम से जाना जाता है; ये प्रणालियाँ समग्र स्वास्थ्य, प्राकृतिक उपचार और शरीर-मन संतुलन पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जिनमें आयुर्वेद सबसे प्राचीन और सुव्यवस्थित प्रणालियों में से एक है, जो अपने दार्शनिक आधार और विविध उपचार विधियों के लिए प्रसिद्ध है। इन चिकित्सा प्रणालियों का आधार केवल रोग का उपचार नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य की अवधारणा है।

ललित गर्ग

आयुर्वेद शरीर के तीन दोषों (वात, पित्त, कफ) के संतुलन पर केंद्रित; आहार, जीवनशैली, जड़ी-बूटी और पंचकर्म (शुद्धिकरण) जैसी तकनीकों का उपयोग करती है। अष्टांग आयुर्वेद अर्थात कायचिकित्सा (आंतरिक चिकित्सा), शल्य (सर्जरी), कौमारभृत्य (बाल चिकित्सा), भूतविद्या (मनोविज्ञान), अगद तंत्र (विष विज्ञान), रसायन (जराचिकित्सा), वाजीकरण (प्रजनन) और शालक्य (नेत्र/कान/नाक) में विभाजित है। आयुर्वेद की ही भांति योग भी एक पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली है जो शारीरिक आसन (आसन), प्राणायाम (सांस लेने के व्यायाम), ध्यान (मेडिटेशन) और नैतिक सिद्धांतों के माध्यम से मन-शरीर के समन्वय पर केंद्रित है। इसी तरह प्राकृतिक चिकित्सा में मिट्टी, पानी, धूप और आहार जैसी प्राकृतिक तरीकों से शरीर की स्व-उपचार क्षमता को बढ़ावा देती है। यूनानी चिकित्सा प्रणाली भी भारत में प्रचलित है, यूनान से आई यह प्रणाली शरीर के चार हमर (रक्त, बलगम, पीला पित्त, काला पित्त) के संतुलन पर जोर देती है और पर्यावरण के प्रभाव को मानती है। सिद्ध चिकित्सा प्रणाली मुख्यतः दक्षिण भारत में प्रचलित है, जिसमें जड़ी-बूटियों और धातुओं से बनी दवाओं का उपयोग और योग व ध्यान पर जोर दिया जाता है। सोवा-रिग्पा पहाड़ों की चिकित्सा प्रणाली है, हिमालयी क्षेत्रों (जैसे लद्दाख, सिक्किम) में प्रचलित है, जिसे 'तिब्बती चिकित्सा' के रूप में भी जाना जाता है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय राष्ट्रीय आयुष मिशन के माध्यम से इन प्रणालियों के विकास, अनुसंधान

और मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकरण को बढ़ावा देता है। ये प्रणालियाँ प्राचीन भारतीय ज्ञान पर आधारित हैं और अब वैश्विक स्वास्थ्य मंच पर भी अपनी पहचान बना रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की इन पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने इसे केवल सांस्कृतिक धरोहर के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य की एक प्रभावी, सुलभ और टिकाऊ स्वास्थ्य व्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया है। उनके नेतृत्व में आयुष मंत्रालय की स्थापना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत, विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ पारंपरिक चिकित्सा को लेकर साझेदारी और वैश्विक सम्मेलनों का आयोजन इस दिशा में ठोस कदम हैं। हाल ही में नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा वैश्विक शिखर सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि भारत अब इस क्षेत्र में केवल सहभागी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री की ओमान यात्रा के दौरान आयुष और हर्बल उत्पादों के निर्यात में हुई वृद्धि इस परिवर्तनशील परिदृश्य को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। 61.1 मिलियन डॉलर से बढ़कर 65.1 मिलियन डॉलर तक पहुँचना केवल आर्थिक आँकड़ा नहीं है, बल्कि यह वैश्विक विश्वास का संकेत है। दुनिया के अनेक देश यह समझने लगे हैं कि भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियाँ न केवल सस्ती और सुलभ हैं, बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करती हैं। यह तथ्य और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब विश्व की लगभग एक चौथाई आबादी आर्थिक कारणों से बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। ऐसे में पारंपरिक चिकित्सा एक व्यवहारिक विकल्प के रूप में उभरती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज भी दुनिया के लगभग 170 देशों में 40 से 90 प्रतिशत आबादी किसी-न-किसी रूप में पारंपरिक चिकित्सा का उपयोग करती है। यह आँकड़ा इस धारणा को तोड़ता है कि पारंपरिक चिकित्सा केवल विकासशील देशों तक सीमित है। वास्तव में विकसित देशों में भी योग, आयुर्वेदिक उपचार, हर्बल औषधियाँ और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। इसका एक बड़ा कारण आधुनिक चिकित्सा से जुड़े दुष्प्रभाव, अत्यधिक दवाओं पर निर्भरता और महँगी उपचार प्रक्रियाएँ हैं। एलोपैथिक चिकित्सा ने जहाँ त्वरित राहत और शल्य चिकित्सा में अद्भुत प्रगति की है, वहीं इसके साथ दवाओं के साइड इफेक्ट, एंटीबायोटिक प्रतिरोध और दीर्घकालिक जटिलताएँ भी जुड़ी हैं। इसके विपरीत भारतीय पारंपरिक चिकित्सा रोग की जड़ तक पहुँचने का प्रयास करती है। आयुर्वेद शरीर की प्रकृति, दोषों के संतुलन और जीवनशैली के सुधार पर बल देता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मिक संतुलन का मार्ग है। इन पद्धतियों का उद्देश्य रोग को दबाना नहीं, बल्कि शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को जाग्रत करना है। यही कारण है कि इन्हें अपेक्षाकृत सुरक्षित, कम दुष्प्रभाव वाली और दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी माना जाता है।

पारंपरिक चिकित्सा के दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में भारत ने इस दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से दुनिया के सामने रखा। ब्राज़ील, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, मेक्सिको, नेपाल, श्रीलंका सहित 16 देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकों ने यह स्पष्ट कर दिया कि पारंपरिक चिकित्सा अब कूटनीति और वैश्विक सहयोग का भी एक सशक्त माध्यम बन चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जारी किया गया 'आयुष मार्क' एक ऐतिहासिक पहल है, जो आयुष उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्ता का वैश्विक मानक स्थापित करेगा। इससे न केवल उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता भी मजबूत होगी। हालाँकि यह भी सत्य है कि पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में कुछ चुनौतियाँ मौजूद हैं। गुणवत्ता नियंत्रण, मानकीकरण, वैज्ञानिक शोध और प्रमाणिकता के प्रश्न लंबे समय से उठते रहे हैं। कई बार अप्रमाणित दावे और मिलावटी उत्पाद इस पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा देते हैं।

'रक्षक बने भक्षक : अरावली से जोशीमठ तक मची विनाश की गूँज'

विकास की हवस ने पहाड़ों की जड़ें हिला दी हैं, तभी तो कहीं जोशीमठ जैसा शहर दरक गया, तो कहीं अरावली पर्वत की प्राचीन श्रृंखलाओं को हड़पने की कोशिशें तेज हो गईं। आधुनिक विकास के नाम पर प्रकृति को चौपट करने वाली यह दानवी प्रवृत्ति रुकने का नाम नहीं ले रही। विडंबना देखिए, कई रसूखदार लोग, जो प्रकृति के विनाश की नींव रखते हैं, किसी भी संभावित प्राकृतिक त्रासदी की आहट मिलते ही अपने-अपने निजी प्लेन में सवार होकर सुरक्षित भविष्य की तलाश में विदेश निकल जाते हैं।

दिसंबर 2025 में दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला अरावली वर्तमान में एक महत्वपूर्ण कानूनी मोड़ पर है, जहाँ सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अरावली की एक नई परिभाषा को मंजूरी दी है जिसके तहत केवल 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही इसके दायरे में माना जाएगा, हालांकि पर्यावरणविदों ने चिंता जताई है कि इससे कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन का खतरा बढ़ सकता है। तमाम विरोधों के बावजूद वर्तमान में केंद्र सरकार ने अरावली परिदृश्य में नई माइनिंग लीज पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, हालांकि कब तक ये प्रतिबंध रहेगा कुछ कहा नहीं जा सकता। क्योंकि यह श्रृंखला थार रेगिस्तान को दिल्ली-एनसीआर की ओर बढ़ने से रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

दिलीप पाठक

आज सारी दुनिया की बातें एक तरफ और प्रकृति के निर्मम दोहन का मुद्दा एक तरफ है। आज के तमाम बौद्धिक विमर्शों में सबसे जरूरी और भयावह रूप में पर्यावरणीय समस्याएं हमारे सामने खड़ी हो गई हैं। यह केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का संकट है। हम देख रहे हैं कि लगातार भू-मंडल का तापमान बढ़ रहा है और सदियों से जमे ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। मौसम का चक्र पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है; कहीं सूखा है तो वह अब अत्यधिक सूखे की विभीषिका में बदल रहा है, कहीं बाढ़ आ रही है तो वह प्रलयंकारी रूप धारण कर रही है, और कहीं यदि सर्दी पड़ रही है तो वह भी अब रिकॉर्ड तोड़ और जानलेवा साबित हो रही है।

प्रकृति का असंतुलन आज इस कदर बढ़ गया है कि प्राकृतिक त्रासदियों की बाढ़ सी आ गई है। कभी उत्तराखंड की भीषण बाढ़ तबाही मचाती है, तो कभी केरल के वायनाड जैसे क्षेत्रों में भयावह भूस्खलन मासूमों को निगल जाता है, तो कभी कच्छ में आए तीव्र भूकंप जैसी ऐसी त्रासदियाँ सामने आती हैं कि लोगों की कई-कई पीढ़ियां एक झटके में उजड़ जाती हैं। विकास की हवस ने पहाड़ों की जड़ें हिला दी हैं, तभी तो कहीं जोशीमठ जैसा शहर दरक गया, तो कहीं अरावली पर्वत की प्राचीन श्रृंखलाओं को हड़पने की कोशिशें तेज हो गईं। आधुनिक विकास के नाम पर प्रकृति को चौपट करने वाली यह दानवी प्रवृत्ति रुकने का नाम नहीं ले रही। विडंबना देखिए, कई रसूखदार लोग, जो प्रकृति के विनाश की नींव रखते हैं, किसी भी संभावित प्राकृतिक त्रासदी की आहट मिलते ही अपने-अपने निजी प्लेन में सवार होकर सुरक्षित भविष्य की तलाश में विदेश निकल जाते हैं। पीछे रह जाते हैं आम लोग और स्थानीय निवासी, जिन्हें इन विनाशकारी परिस्थितियों और मलबे से अकेले जूझना पड़ता है। जिनके पास भागने का कोई रास्ता नहीं, वे अपनी ही मिट्टी में दफन होने को मजबूर हैं।

आज समय आ गया है कि सरकार और उद्योगपतियों को अभी से अपनी अक्ल के घोड़े दौड़ाने होंगे, अन्यथा भविष्य में न यह लोग रहेंगे और न ही यह उपजाऊ ज़मीन बचेगी। सत्ता और पूँजीपतियों को यह बुनियादी बात समझनी होगी कि जब लोग ही नहीं रहेंगे, तो इस निर्जीव ज़मीन का वे करेंगे क्या? आखिर देश और समाज जीवित लोगों से बनता है, दीवारों या तिजोरियों से नहीं; और जब मनुष्यता ही मिट जाएगी, तो क्या बचेगा? पैसे कमाने का भी एक मानवीय मूल्य होना चाहिए, पर यहाँ प्रश्न यह है कि पैसा किस कीमत पर कमाना है? क्या आने वाली पीढ़ियों की साँसों को बेचकर दौलत की मीनारें खड़ी की जाएंगी?

विडंबना देखिए कि जो जिम्मेदारी एक चुनी हुई सरकार को निभानी चाहिए थी, वही जिम्मेदारी आज इस देश के निरीह और आम लोग निभा रहे हैं। ये वही आम लोग हैं जो प्रकृति को बचाने के लिए पुलिस की लाठियां खाते हैं, सरकारी तंत्र के प्रतिरोध का सामना करते हैं और सत्ता की क्रूर हिंसा को सहते हैं। समाज और आने वाली नस्लों के लिए इनके भीतर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का जो भाव है, वह वंदनीय है। लेकिन इसके ठीक उलट, हमारी सरकारें पूरी तरह गैर-जिम्मेदार हो चुकी हैं। जब समाज के रखवाले ही संसाधनों के भक्षक बन जाएं, तो फिर न्याय की उम्मीद किससे की जाए? आज %माँ के नाम एक पेड़% लगाने जैसे अभियानों की नौटंकी का आखिर मतलब क्या रह जाता है, जब आप एक तरफ दिखावे के लिए पौधा रोपते हैं और दूसरी तरफ सीधे पहाड़ के पहाड़ उद्योगपतियों को सौंप देते हैं? यह विरोधाभास स्पष्ट करता है कि नीतियां प्रकृति को बचाने के लिए नहीं बनाई जा रही हैं।

अरावली का विनाश कोई भविष्य की आशंका नहीं, बल्कि मौजूदा सच्चाई है। हरियाणा के भिवानी और चरखी दादरी में पहाड़ पूरी तरह मिट चुके हैं, महेंद्रगढ़ में भूजल स्तर 1,500-2,000 फीट नीचे चला गया, अवैध खनन से उड़ती धूल ने सिलिकोसिस, त्वचा और फेफड़ों की बीमारियां बढ़ा दी हैं ब्लास्टिंग से उड़ते पत्थर और डेटोनेटर रोजमर्रा का खतरा बन चुके हैं।

उरई को जाम से मिलेगी राहत

डीएम-एसपी ने किया शहर का स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

■ कहा, फुटपाथों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखा जाए

उरई (जालौन)। उरई शहर को भीषण जाम की समस्या से निजात दिलाने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रविवार को नगर क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि जिन दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर कब्जा किया गया है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर अपने निर्धारित दायरे में रहने के लिए बाध्य किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दुकान के सामने अतिरिक्त ठेला अथवा खुमचा न लगे, जिससे पैदल यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि मार्गों के किनारे लगे प्रचार होर्डिंग्स को पीछे की ओर शिफ्ट कराया जाए, ताकि सड़क की चौड़ाई बाधित न हो। साथ ही लोक निर्माण विभाग को अंबेडकर चौराहे से शहीद भगत सिंह चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिससे भविष्य में बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि फुटपाथों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखा जाए। ठेला एवं फल विक्रेताओं के कारण फुटपाथ पर होने वाले अवरोध को समाप्त करने के लिए नगर पालिका को वेंडिंग जोन चिन्हित कर सभी विक्रेताओं को वहां व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को सुविधा मिले और यातायात बाधित न हो। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़क मार्गों पर एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी एवं नगर पालिका को संयुक्त रूप से नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में रॉन्ग साइड वाहन संचालन न होने पाए। उन्होंने हेलमेट के शत-प्रतिशत अनुपालन पर जोर देते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान एवं नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महाराष्ट्र बना राष्ट्रीय ड्रिपबॉल चैंपियन : अरविंद चित्तौड़िया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा मैं प्रथम राष्ट्रीय ड्रिपबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शहर के रियल इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान पर किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पुनीत प्रजापति चेयरमैन आरआइएस,व विशिष्ट अतिथि महेंद्र राजपूत सचिव जिला ओलिंपिक संघ, गिर्राज टडेल जिलाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय मानवधिकार एसोसिएशन, विनोद आर्य सचिव बाल शिक्षा समिति, आल इंडिया ड्रिपबॉल एसोसिएशन से डॉ अरविंद चित्तौड़िया राष्ट्रीय महासचिव, मानसिंह, सुभाष स्वामी महाराष्ट्र, विनोद साउथ जोन सचिव, रहमत सचिव तेलंगाना, कार्तिकेयन तमिलनाडु, अरविंद पूंदुचेरी, नित्या निर्वाण सचिव मध्य प्रदेश, मनु पाल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, धर्मेंद्र सिंह राजस्थान, आशुतोष कुमावत, उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पुनीत प्रजापति ने कहा खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। ड्रिपबाल खेल को आज करीब से देखा और जाना ये खेल युवाओं के लिए एक अच्छा मंच है। महेंद्र राजपूत सचिव जिला ओलम्पिक संघ ने कहा ड्रिपबॉल खेल की प्रथम राष्ट्रीय प्रतियोगिता मैं दस राज्यों का प्रतिभाग करना ये दर्शाता है। की ड्रिपबॉल खेल भविष्य कितना सुरक्षित है। और ये घोषणा की जिला मथुरा ओलम्पिक संघ से मथुरा ड्रिपबॉल संघ को मान्य किया जायेगा। राष्ट्रीय महासचिव ड्रिपबॉल इंडिया डॉ अरविंद चित्तौड़िया ने कहा ड्रिपबॉल खेल एक जूनून है ये खेल बास्केटबॉल, नेटबॉल, वॉलीबॉल खेल का मिश्रण है।

ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करे

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में दिनांक 16 दिसंबर को यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 127 पर घटित दुर्घटना के दृष्टिगत जनपद में स्थित समस्त रोड़ ऑनिंग एजेंसियों को दुर्घटना रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि कोहरे को देखते हुए अत्यधिक दुर्घटना होने वाले मार्गों पर तत्काल डिवाइडर / पेड़ो पर रिफ्लेक्टर लगाये जाये तथा कैट आई भी लगायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक्सप्रेस-वे एवं नेशनल हाईवे पर कोहरे के दृष्टिगत निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे। कोहरे में धीमी गति से वाहन चलाने हेतु वाहन चालकों को जागरूक करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित दूरी में साइन बोर्ड स्थापित करे, जिसमें सावधानी से चलने, मोबाइल का प्रयोग न करे, सीट बेल्ट लगाने, धीमी गति से चले, स्पीड लिमिट का पालन करने आदि हेतु दिशा सूचक चिन्ह लगाए।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला: अब सभी सचिवों की आईडी की होगी जांच

अवधनामा संवाददाता

■ गांवों में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के नाम पर जिले में हो रहा है बड़ा खेल

मथुरा। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का राजफाश होने के बाद संदेह का घेरा लगातार बढ़ता जा रहा है। डीपीआरओ मथुरा के मुताबिक जिले के 495 ग्राम पंचायतों के सभी सचिवों की आईडी की जांच होगी। इस दौरान देखा जाएगा कि उनकी आईडी पर किसका मोबाइल नम्बर लगा हुआ है। डीपीआरओ ने बताया कि पंचायत सचिव की मेल आईडी कैसे लीक हुई, उसके मोबाइल नम्बर की जगह कैसे केन्द्र संचालक ने अपना मोबाइल नम्बर डाल दिया यह तो जांच का विषय है। पंचायत सचिव की भूमिका क्या थी। सभी बिंदुओं को जांच में शामिल किया जाएगा। छाता ब्लाक के एक ग्राम पंचायत अधिकारी की जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने की आईडी का एक जन सुविधा केन्द्र संचालक दुरुपयोग कर रहा था। लोगों से हजारों रुपये लेकर प्रमाणपत्र बनाये जा रहे थे। लेकिन पंचायत सचिव को इसकी भनक नहीं लगी। यह प्रकरण उस समय उजाकर हुआ जब एक व्यक्ति ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। जिले के अधिकारियों ने पुलिस को कार्रवाई करने के आदेश दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने रंगे हाथ उक्त जन सुविधा केन्द्र के संचालक उसके तीन अन्य साथियों को पकड़ लिया। जब यह प्रकरण जिलाधिकारी और डीपीआरओ के संज्ञान में पहुंचा तो ग्राम पंचायत सचिव को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया। डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने इस प्रकरण की जांच एडीओ छाता को सौंपते हुए सोमवार को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि छाता ब्लाक की ग्राम पंचायत फालैन व गोहाना दसविसा के ग्राम पंचायत सचिव चंद्रपाल गवर के नाम पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का कार्य चौतन्य लोक कॉलोनी निवासी केन्द्र संचालक हरिओम मथुरा के रंगेश्वर मंदिर के निकट गौडिया मठ स्थित ओम शांति जनसुविधा केन्द्र कर रहा था।

सीएमओ ने बाल स्वास्थ्य माह का किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। बच्चों को कुपोषण और अंधता से बचाने के लिए विटामिन-ए संपूर्ण अभियान (बाल स्वास्थ्य पोषण माह) का शुभारंभ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने नगरीय क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनाथ में फीता काटकर और बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित यह एक माह का सघन अभियान 28 जनवरी तक चलेगा। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि विटामिन-ए बच्चों की आंखों की रोशनी बनाए रखने के साथ-साथ उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। इससे बच्चे डायरिया, निमोनिया और खसरे जैसी बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिन्हा ने कहा कि अभियान के अंतर्गत नौ माह से पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। जनपद में कुल 4.91 बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान सभी ब्लॉकों और नगरीय क्षेत्रों में संचालित होगा।

अलाव तापते दलितों पर चढ़ाई थार, एक मरा दो घायल

मथुरा। बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मथुरा जनपद के अंतर्गत मांट विधानसभा क्षेत्र में गांव सुरीर में अलाव पर ताप रहे दलित परिवारो के साथ असामाजिक तत्वों एवं दबंगों द्वारा जान पूछकर उनके ऊपर चार पहिया वाहन से हमला कर दिया जिसमें दो लोग घायल हो गए जबकि एक व्यक्ति की वहां पर कुचलकर मौके पर ही मृत्यु हो गई घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ित परिवारों से अस्पताल एवं पोस्टमार्टम हाउस पर मुलाकात कर घटना की जानकारी प्राप्त करते हुए बहुजन समाज पार्टी के आगरा मंडल प्रभारी मथुरा सुरेश बाबू , योगेंद्र सिंह जी, जिला प्रभारी रामबाबू गौतम ,जिलाध्यक्ष मथुरा जितेन्द्र कर्दम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और कहा कि उच्च अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द कार्रवाई कराई जाएगी एवं न्याय का भरोसा दिलाया उस दौरान उपस्थित रहे।

स्वंय सहायता समूह के माध्यम से काऊ कोट बनाये जायें : डीएम

अवधनामा संवाददाता

■ कहा, गौवंशो को तत्काल नजदीकी गो आश्रय स्थलों में कराया जायें संरक्षित

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा वीके सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एंव समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। सर्वप्रथम डा संदीप कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा मुख्यतः बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जिसमें जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी मेरठ द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर एंव ग्रामीण क्षेत्र में विचरण कर रहे गौवंशो को तत्काल नजदीकी गो आश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जायें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश हेतु काऊ कोट बनाने हेतु 25000 बोरे तत्काल गो आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराये जायें ताकि बोरे से स्वंय सहायता समूह के माध्यम से काऊ कोट बनाये जायें। खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, नगर पालिका विशेष रूचि लेकर उक्त कार्य को सम्पादित करायें। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, नगर पालिका एंव खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि किसी भी गौवंश की ठंड के कारण मृत्यु न होने पाये रात्रि में गो आश्रय स्थलों में अलाव जलाये जायें, बिजली पानी की पर्याप्त व्यवस्था समुचित मात्रा में उपलबध हों। जिलाधिकारी द्वारा कुछ गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे न लगने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि 03 दिवस के अन्दर समस्त गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें तथा प्रत्येक गो आश्रय स्थल में कम से कम 06 सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें तथा उसका कन्ट्रोल रूम विकास भवन में स्थापित किया जायें ताकि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मेरठ एंव मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ द्वारा स्वंय निगरानी की जा सकें।

संक्षिप्त समाचार

विधायक के जन्मदिन पर गल्ला व्यवसाई ने बांटे कंबल

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। विधायक मूलचंद्र निरंजन के 61वें जन्मदिन पर गल्ला व्यवसाई सुशील मास्टर ने गल्ला मंडी में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल बांटे। कंबल पाकर जरूरतमंदों को इस गलन भरी सर्दी में काफी राहत महसूस हुई। इस मौके पर विधायक ने कहा, समाज के सामर्थ्यवान लोगों को समाजसेवा के कामों में आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए ताकि अभावग्रस्त मानवता को भी अच्छे से जीवन जीने का संबल मिल सके। इस दौरान सुशील मास्टर, धर्मादा रक्षिणी सभा के अध्यक्ष विजय गुप्ता, मंत्री विनोद दुवे लौना, गल्ला व्यापारी समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल खिल्ली वाले, मंत्री रोहन अग्रवाल, राजेश मिश्रा, अंशुल मिश्रा, जीतू विरगुवां, सुमित तिवारी, नीरव तरसौलिया, रवि विरगुवां आदि रहे।

कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। बस स्टैंड स्थित गांधी स्मारक पर कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। जिसमें पार्टी की विचारधारा को याद किया गया। कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष राजा भैया दोहरे की अध्यक्षता आयोजित कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पार्टी जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को हुई थी। जिसमें 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कोलकाता के व्योमेशचंद्र बनर्जी अध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष शकुंतला तिवारी, जिला उपाध्यक्ष कमल दोहरे, युवा जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, विष्णु चतुर्वेदी, प्रदुम्मन, अनिल, गोल्डी, उमेश आदि मौजूद रहे।

नवागत सीडीओ राजेश सिंह ने संभाला कार्यभार

देवरिया (अवधनामा संवाददाता)। नवागत मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) राजेश कुमार सिंह (आईएएस) ने गत 26 दिसंबर को ही जनपद में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की विकास योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। सीडीओ ने कहा कि ग्रामीण विकास, पंचायती राज, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की नियमित समीक्षा कर गुणवत्ता के साथ कार्य कराया जाएगा, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

32,400 रूपये की लूट, फिर पुलिस का खेल शुरू

मेरठ (अवधनामा संवाददाता)। पूरा मामला थाना परतापुर क्षेत्र का है जहां पीड़ित का आरोप है कि परतापुर थाना क्षेत्र में रविवार रात बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद नजर आए कि उन्होंने गंगोल रोड पर स्थित एक गैरेज को निशाना बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। अछरोंडा मोड़ के पास बने 'ए टू जेड' गैरेज पर आधा दर्जन से अधिक बदमाश अचानक पहुंचे और गैरेज बंद कर रहे संचालक पर टूट पड़े। बदमाशों ने लात-घूंसों से जमकर पिटाई की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए 32 हजार 400 रुपये की नकदी लूट फरार हो गए।

सहस्त्र चंडी महायज्ञ में भक्तों ने दी पूर्णाहुति

मथुरा। शहर के कैंट स्थित काली मंदिर में गुप्त नवरात्रों पर आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ का भक्तों ने पूर्णाहुतियां देकर विश्व शांति और समृद्धि की कामना की। देवी मां के दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालु उमड़ते रहे। इस पावन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में रवि अग्रवाल, अतुल और रश्मि ने सपरिवार सम्मिलित होकर पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजन महायज्ञ में पूर्णाहूतियां दी। यज्ञ के ब्रह्मा पद पर आसीन श्रीकान्त बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह महायज्ञ एक महान तपस्या है। अनुष्ठान के दौरान अब तक नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा कुल 3 लाख आहुतियां पूर्ण की गई। विशेष रूप से सप्तमी की तिथि को महाकाली सहस्त्रनाम और सप्तशती के माध्यम से 45,000 आहुतियां समर्पित की गई। बाबा ने बताया कि इस यज्ञ का मूल उद्देश्य धर्म की जय, प्राणियों में सद्भावना और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना है। यज्ञ आचार्य देव पंडित के निर्देशन में माधव शास्त्री, भीम शास्त्री और अन्य विद्वान आचार्यों ने वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया।

सुभारती विवि में होगा स्वराज दिवस का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में 30 दिसंबर को स्वराज दिवस अत्यंत भव्यता एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया जाएगा। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी इस ऐतिहासिक दिवस को स्मरणीय बनाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में तैयारियाँ जोरों पर हैं।

गौरतलब है कि 30 दिसंबर 1943 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंडमान- निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में पहली बार तिरंगा फहराया था तथा अंडमान-निकोबार को भारत का प्रथम स्वतंत्र राज्य घोषित किया था। इसी पावन भूमि पर भारत की प्रथम सरकार, आज़ाद हिंद सरकार का गठन हुआ था, जिसने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा प्रदान की। इस गौरवशाली ऐतिहासिक दिवस के उपलक्ष्य में सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर स्थित आई.एन.ए. शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। विश्वविद्यालय परिसर स्थित मांगल्य प्रेक्षागृह में आईएनएस कोलकाता के एक सैन्य युद्धक जहाज के मॉडल का उद्घाटन भी होगा। इस अवसर पर आजाद हिंद फौज का तिरंगा फहराया जाएगा तथा आज़ाद हिंद गान का वाचन भी किया जाएगा। जिसके पश्चात सत्यजीत रे सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक अमलम कुसुम घोष (बंगाल निवासी) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकगण बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे।

बैंक कर्मचारी प्रकरण में कोई कार्रवाई न कराने की मांग

फलावदा। चार दिन पूर्व युवा व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओ ने व्यापारी माधव अग्रवाल पुत्र अमित अग्रवाल निवासी मौहल्ला दरबार के साथ कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच पर पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि बैंक ऑफ बड़ौदा के एक कर्मचारी ने धोखाधड़ी, अवैध साहूकारी एवं अपने पद का दुरुपयोग किया है। माधव अग्रवाल ने बैंक कर्मचारी विनाश पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उक्त कर्मचारी ने बैंक से ऋण दिलाने की बजाय अपने पास से दो लाख रूपये देकर कहने लगा कि इस ऋण पर कोई ब्याज नहीं लगेगा।

आरोप लगाया था कि उक्त कर्मचारी दो लाख रूपये पर 30 प्रतिशत ब्याज की दर से पैसा मांगने लगा विरोध करने पर डराने धमकाने लगा। पीड़ित माधव ने कहा था कि उसने बाजार से ऊंचे ब्याज पर उधार पैसा ले लिया था। आरोप लगाया था कि उक्त कर्मचारी ने बैंकिंग अनुशासन आरबीआई के दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया है।

आयुष्मान कार्ड से भर्ती मरीजो को मिले बेहतर उपचार : डीएम

अवधनामा संवाददाता

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा वीके सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विगत बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। स्वास्थ्य कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त सीएचसी, पीएचसी में साफ-सफाई व्यवस्था पूर्णतया सुनिश्चित की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड से भर्ती मरीजो को बेहतर उपचार दिया जाये। कोई भी मरीज सरकारी अस्पताल पर आता है तो उसके प्रति अच्छा व्यवहार अपनाया जाये तथा उसको बिना कारण प्राईवेट अस्पताल में रेफर न किया जाये। सभी सीएचसी-पीएचसी पर डाक्टर डयूटी के अनुसार उपलब्ध रहें। उन्होने सख्त चेतावनी देते हुये कहा कि सरकारी अस्पताल में दी जा रही सुविधाओ एवं उपचार में यदि लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। डेंगू, मलेरिया इत्यादि के बचाव हेतु एंटी लार्वा का छिडकाव, फॉगिंग आदि कराये जाने के निर्देश दिये गये।

नगर में साइकिल यात्रा निकाली, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता किया

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा साहसिक यात्रा के तहत साइकिल यात्रा निकाली जिसका मकसद विद्यार्थियों एवं युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व आरएसएस के नगर प्रचारक शुभम ने किया, नगर की तीनों शाखाओं माधव शाखा, श्रीराम शाखा एवं महाराणा प्रताप शाखा के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी इस यात्रा में शामिल हुए। साइकिल यात्रा का शुभारंभ रामकुंड मंदिर से हुआ। इसके बाद यात्रा ने मार्कंडेयश्वर ताराहा, सागर चौकी, रामलला मंदिर, चंदकुआं, बजरिया पावर हाउस, महंत नगर, भारत माता मंदिर होते हुए बड़ी माता मंदिर पर समापन किया गया। पूरे नगर में भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन के साथ साइकिल चलाते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। नगर प्रचारक ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों और युवाओं के जीवन से साइकिल लगभग गायब होती जा रही है, जबकि साइकिल चलाना एक सरल, सस्ता और लाभकारी व्यायाम है। इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग मिलता है। इस साहसिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति रुचि पैदा करना है।

नगर आयुक्त ने किया सौंदर्यकरण कार्यों का निरीक्षण

मथुरा। स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत सौंदर्यीकरण कार्यो का नगर आयुक्त महोदय जी द्वारा औचक निरीक्षण स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत पानी गांव पुल से लेकर पागल बाबा मंदिर तिराहे तक मार्ग के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस योजना के तहत सड़क डिवाइडर के मध्य भाग में पत्थरों को कलात्मक रूप से उकेरते हुए खम्भों पर भगवान श्री राधा-कृष्ण की मूर्तियाँ, बछड़े, गाय एवं ब्रज विरासत से जुड़ी विभिन्न कलाकृतियों एवं स्तंभों का निर्माण किया जा रहा है। आज नगर आयुक्त महोदय द्वारा उक्त कार्यो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जा रहे पत्थरों की गुणवत्ता का गहनता से अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित कार्य प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

कांग्रेस ने बनाया विकासशील राष्ट्र, कांग्रेस ही बनाएगी विकसित भारत : हाजी जुनेद

कांग्रेस दफ्तर पर पार्टी का ध्वज फहराते महानगराध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। कांग्रेस महानगर कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम ने कहा है कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं, बल्कि विचारधारा का नाम है। कांग्रेस ने देश को अजादी दिलाने के बाद देश को तरक्की की राह पर चलाते हुए विकासशील देश बनाया था और कांग्रेस ही भारत को विकसित राष्ट्र बना सकती है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस चौमुखापुल स्थित कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया और पार्टी की गौरवशाली विरासत को याद किया गया। महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम ने कहा कि कांग्रेस ने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कांग्रेस के 140 वर्ष पूर्ण करना ही इसके अटूट सेवा भाव और जन-जन में विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश में भाईचारा बढ़ाने का कार्य किया है। देश के पिछड़े हुए तबके को आगे लाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं जिससे देश में समानता और विकास का माहौल बना था। उन्होंने छुआछूत, अगड़े पिछड़े और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर सभी को रोजी-रोटी और खुशहाली देने का कार्य किया है। कांग्रेस ने गरीबी के खिलाफ एक लंबी लड़ाई और सभी तक रोजगार पहुंचाकर सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कांग्रेस के ऐतिहासिक सफर, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के नेताओं ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। आजादी के आंदोलन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक कांग्रेस का योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम में संकल्प लिया गया कि कांग्रेस की नीतियों और राहुल गांधी के प्रेम व सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुँचाएंगे। इस दौरान असद मौलाई, नजाकत अंसारी, अरशद परवेज, नदीम उद्दीन, मौअज्जम अली, भारतीय परवेज इस्लाम, परवेज, इस्तेकार, सद्दाम, मौ. जुनैद, रिजवान रईस, शादान, दीम आदि मौजूद रहे।

कारीगरों की शिक्षा और सम्मान की रक्षा का लिया गया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। दस्तकारों की संस्था यूनाइटेड वेलफेयर एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में दस्तकारों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कला व सम्मान के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पद्मश्री दिलशाद हुसैन समेत विभिन्न कारीगरों को सम्मानित करने के साथ ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सामाजिक कार्यों को और बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए ट्रस्ट को हरसंभव सहयोग एवं समर्थन देने का आश्वासन दिया। संरक्षक हाफिज हबीब उर रहमान ने स्थापना, उद्देश्य और सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे मोहम्मद शाहवेज ने ट्रस्ट की सोच, उद्देश्य और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गुलाम मोइन उद्दीन अतिथियों का आभार जताते हुए निरंतर सामाजिक कार्य करने का भरोसा जताया, उन्होंने कहा कि दस्तकारी को बचाने के लिए लगातार संघर्ष करने की जरूरत है। राशिद अली ने सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

एएनएम पर भाजपा नेता ने लगाये गंभीर आरोप

- डीएम से की घर पर प्रसव करानें की शिकायत, एमओआईसी ने एएनएम से मांगा स्पष्टीकरण

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। क्षेत्र के कस्वा समधन में कार्यरत एएनएम अलका राठौर के खिलाफभाजपा नेता धीरज सक्सेना ने गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। भाजपा नेता का आरोप है कि समधन से लेकर नगर क्षेत्र तक एएनएम का एक पूरा नेटवर्क फैला हुआ है, जो सरकारी नियमों को ताक पर रखकर गर्भवती महिलाओं को घर पर ही बुलाकर प्रसव कराती है और उपकेन्द्र समधन से फर्जी कागज बनाती है। इससे न केवल जच्चा-बच्चा की जान को खतरा बना रहता है, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की छवि भी धूमिल हो रही है।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी भाजपा नेता धीरज सक्सेना द्वारा की गई शिकायत में बताया गया है कि उक्त एएनएम द्वारा अस्पताल में प्रसव कराए जाने के बजाय निजी लाभ के उद्देश्य से महिलाओं को घर पर डिलीवरी के लिए प्रेरित किया जाता है। इस मामले की जानकारी मिलने पर विगत 26 दिसम्बर को तालग्राम चिकित्सा अधीक्षक ने एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा था। भाजपा नेता आरोप है कि बीतीशाम इससे नाराज एएनएम ने परिजनों के साथ उसकी दुकान पर आकर समझौते का दबाव बनाते हुए गालियां दी और फर्जी मुकदमा में फंसवाने की धमकी दी। भाजपा नेता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित एएनएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लग सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचना चाहिए। वहीं मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग में भी हलचल मची हुई है। तालग्राम एमओआईसी कुमारिल मैत्रेय का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जब हुनर बने सेवा का माध्यम

वृन्दावन (मथुरा)। भारत की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक उत्तरदायित्व को एक साथ जोड़ने वाला राष्ट्रीय डांस रियलिटी शो इंडियाज नेक्स्ट चैंपियन इन दिनों चर्चा में है। यह शो केवल प्रतिभा को मंच देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक गहरा सामाजिक उद्देश्य भी जुड़ा हुआ है। यह कार्यक्रम ईश्वर टीवी पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित होगा। इस शो के माध्यम से एकत्र होने वाला समस्त फंड श्री किशोरी प्रिया फाउंडेशन को समर्पित किया जाएगा। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य वृंदावन में वृद्ध माताओं की सेवा करना है। शो से प्राप्त राशि वृद्ध माताओं के लिए वृद्धाश्रम निर्माण, भोजन, चिकित्सा और देखभाल जैसी सेवाओं में उपयोग की जाएगी। संस्था द्वारा होने वाला हर लाभ ब्रज माता और वृद्ध माताओं की सेवा में ही लगाया जाएगा। इंडियाज नेक्स्ट चैंपियन में सोलो, डुएट और ग्रुप सभी को भाग लेने का अवसर मिलेगा। किसी भी आयु सीमा के बिना शास्त्रीय, लोक, हिप-हॉप और कंटेम्पररी जैसे सभी डांस स्टाइल मान्य हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत वीडियो ऑडिशन से होगी और ग्रैंड फिनाले दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यह शो देशभर के कलाकारों को राष्ट्रीय पहचान देने के साथ यह संदेश देता है कि जब कला सेवा से जुड़ती है, तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव होता है।

समस्याओं का निस्तारण न होने पर किया ब्लॉक का घेराव

- भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी, एक महीने का अल्टीमेटम दिया

अवधनामा संवाददाता

कन्नौज। भाकियू टिकैत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में भारी संख्या में किसानों ने उमर्दा विकासखंड का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ब्लॉक परिसर में खिचड़ी बनाकर विरोध का एक अनूठा तरीका अपनाया। जिससे ब्लॉक प्रशासन में हड़कंप मच गया। आश्वासन मिलने पर वीडियो को ज्ञापन देकर एक महीने का अल्टीमेटम दिया है।

सोमवार को भारी संख्या में किसान कार्यकर्ताओं के साथ कन्नौज के विकासखंड उमर्दा परिसर पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर में ही खिचड़ी बनाई। इतना ही नहीं खिचड़ी खाने के लिए वीडियो उमर्दा को भी आमंत्रित किया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि विकासखंड उमर्दा के अधिकारी एवं कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं। किसानों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं। कई बार किसानों द्वारा इसकी शिकायत की गई लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जिसको लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है। पूर्व में दिए गए ज्ञापनों में जो समस्याएं अंकित थी उनका निस्तारण शासन व प्रशासन द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। विभागों में बैठे बाबू एवं कर्मचारी भी अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आ रहे हैं। किसानो की फसलों एमएसपी अभी भी पुराने हालातो पर ही चल रही है। समस्याओं को लेकर पूरे देश में समय-समय पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया जाता रहा है। जिसको लेकर भाकियू के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में एक बार फिर ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है। यदि इस बार किसानो की समस्याओं का हल सरकार या उसके प्रशासन द्वारा न किया गया तो भाकियू आंदोलन करने पर बाध्य होगी। इस दौरान श्रीकांत शुक्ला, सचिव बबलू ठाकुर, फक्करे आलम, अनवार खान, सुरेश यादव, रामबाबू तिवारी, मो शहराज, आमिर खान, राहुल कुमार, मुकीम, जीशान, मुईन अहमद, जैनुल अंसारी, सत्यम प्रजापति, अकील फारुकी, अनिल, अरुण, उपेंद्र राजपूत सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने आकांक्षी जनपद विकास कार्यों की समीक्षा की

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक विकास कार्यक्रम की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास से संबंधित विभिन्न सूचकों की प्रगति को विस्तार से परखा उन्होंने स्वास्थ्य और पोषण विभाग को आपसी समन्वय बढ़ाते हुए गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं से संबंधित योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत संतृप्त करने का कड़ा निर्देश दिया।

उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि जो लाभार्थी अब तक योजनाओं से वंचित रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर तत्काल स्वास्थ्य और पोषण की योजनाओं में नियमित रूप से सम्मिलित किया जाए। टीकाकरण की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आमजन को टीकाकरण की तिथि और समय के प्रति जागरूक करें ताकि सभी लक्षित बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित हो सके।

मिशन शक्ति केन्द्र में दो विवादों में हुआ समझौता

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के तहत नगर के अलग अलग मोहल्ला निवासी मॉ-बेटे व एक अन्य के विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों की सहमति से समझौता कराया गया। सोमवार को स्थानीय कोतवाली मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला व महिला कांस्टेबल राखी द्वारा आवेदिका बबिता पत्नी कैलाश निवासी अशोकनगर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पुत्र विक्की को बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता किया गया। जबकि आवेदिका शाहीन पत्नी फिरोज निवासी गांधीनगर के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी युसूफ पुत्र हबीब निवासी मोहल्ला किदवई नगर को बुलाया और समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता कराया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक व अन्य विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

संगठित संघर्ष से ही हक मिलेगा: एआइपीएमएम

- सुलतानपुर में पसमांदा जागरूकता कार्यक्रम, संगठन को मजबूत करने का आह्वान
- सुलतानपुर में पसमांदा आंदोलन को मिली नई ऊर्जा

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। दिनांक 28 दिसम्बर 2025 को ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) के प्रदेश प्रभारी अफजाल अंसारी के गृह जनपद सुलतानपुर की विधानसभा जयसिंहपुर अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष अनवर के गांव में पसमांदा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सुलतानपुर जिला अध्यक्ष गफ्फार घोसी ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी जिला मीडिया प्रभारी सब्बू ने निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अब्दुल खालिद मंसूरी ने कहा कि आज हम अपने सामने देख रहे हैं कि एससी/एसटी वर्ग के लोगों ने संगठित होकर अपनी राजनीतिक और सामाजिक हिस्सेदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बहन कुमारी मायावती मुख्यमंत्री रह चुकी हैं और देश को राष्ट्रपति भी इसी समाज से मिले हैं। यह सब इसलिए संभव हो सका क्योंकि उस समाज ने संगठित होकर अपनी लड़ाई खुद लड़ी और अपने संगठनों को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज को भी इन्हीं अनुभवों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज पसमांदा समाज के लिए एक मजबूत और भरोसेमंद मंच है और यदि समाज तन, मन और धन से संगठन से जुड़ता है तो उसे कभी निराशा नहीं होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि किसी भी कठिन समय में संगठन समाज के साथ खड़ा रहेगा।

अयोध्या मंडल अध्यक्ष जलील अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि यदि समाज संगठित हो जाए तो छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि आपसी सहयोग से समस्याओं का समाधान संभव होगा। उन्होंने कहा कि आज ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज किसी पहचान का मोहताज नहीं है, संगठन देश के 12 राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और आने वाले समय में पूरे देश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। उन्होंने संयम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने पर जोर देते हुए कहा कि समाज को कम से कम एक प्रतिनिधि सरकार में पहुंचाने के लक्ष्य के साथ काम करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अनवर ने गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की और पसमांदा समाज को एकजुट करने का संकल्प दोहराया।

पूर्व राज्यमंत्री ने गंगा मैया का पूजन कर लिया आशीर्वाद

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय ने धार्मिक आस्था के केंद्र चमन ऋषि आश्रम स्थित गंगा तट पर पहुंचकर पतित पावनी मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की और आशीर्वाद लिया।

सोमवार को विधानसभा छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम चियासर स्थित चमन ऋषि आश्रम गंगा तट पर पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय ने गंगा मैया की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेने के उपरान्त उन्होनें कहा कि मां गंगा भारतीय संस्कृति और सभ्यता की प्रतीक हैं। उनके तट पर आकर आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने जनकल्याण, पर्यावरण संरक्षण और गंगा की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। उन्होनें पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर सहित समर्थकों के साथ आश्रम परिसर में संत-महात्माओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण पर बल दिया। इस दौरान आश्रम के पुजारी, संतजन एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री के गंगा तट आगमन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

जनपदीय वास्केट बाल प्रतियोगिता में सुदिति ग्लोबल को हराकर सेंट पीटर (पुरुष) ने जीता

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इटावा प्रदर्शनी महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित जनपदीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को मुकाबले में सेंट पीटर ने डी पी एस को(3-14)हराकर फाइनल में प्रवेश किया, दूसरे सेमीफाइनल में सुदिति ने सेंटमेरी (10-14) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सेंट पीटर ने(16-6)से जीता और बास्केट बॉल प्रतियोगिता का विजेता रहा। मुख्य अतिथि रमेश चंद्र पाठक अध्यक्ष राधा माधव संकीर्तन मंडल आलोक शुक्ला डिप्टी डायरेक्टर (स्नस्रु)ने किया। प्रतियोगिता के संयोजक आलोक राज बाजपेई बाजपेई ने उनका शाल उड़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों से उनका परिचय प्राप्त किया। इसी क्रम में संयोजक श्री वाजपेई ने सभी अथितियों का बैज लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया। निर्णायक की भूमिका PTI रिहान, कुलदीप, प्रियांशु, शिव, शरूखऔर आरथना ने निभाई। इस अवसर पर गुरमुख सिंह अरोरा, संजय शर्मा, राज किशोर बाजपेई, उमेश यादव, श्रीमती भावना सिंह, नारायण किशोर बाजपेई राम मनोहर दीक्षित आदि उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को आशीष वचन दिए और संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

सोनभद्र। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में मलेरियल ड्रग प्रोटोकॉल एवं एम0एम0डी0पी0 सम्बन्धित विषय पर एकदिस्सीय गोष्ठी आयोजित की गयी। डा. ओजस्वनी, रीजनल कोऑर्डिनेटर पाथ द्वारा मलेरिया ट्रीटमेंट के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मलेरिया पीठगी0 एवं पी0एफ0 की इग पॉलिसी पी.पी.टी. के माध्यम से शेयर की गयी। मलेरिया ड्रग पॉलिसी संहित बैनर का अनावरण मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा किया गय तथा सभी ब्लॉकों के बेडिकल ऑफिसर की मलेरिया ड्रग पॉलिसी का बैनर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा वितरित किया गया।

फाइलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एम0एम0डी0पी0 प्रशिक्षण अजनी द्विवेदी डी0सी0 पाथ द्वारा दिया गया।

बांग्लादेश: अखिल भारत हिंदू महासभा ने पुतला फूंका

- लगातार दो हिंदू युवकों की हत्या बर्दाश्त से बाहर : राजवीर

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अखिल भारत हिन्दू महासभा एवं आम नागरिकों के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा के विरोध में फरह के बरारी चौक पर मथुरा कार्यकारिणी के सदस्यों ने एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। दीपू दास एवं बाद में अमृत मंडल नाम के युवक की हत्या कर दी गई है जिससे भारत में भी आक्रोश पैदा हो गया है इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मौजूदा बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया इस बीच नगर क्षेत्र में ÷बांग्लादेश होश में आओ और ÷बांग्लादेश मुर्दाबाद÷ जैसे नारों की गूंज सुनाई दी। प्रदर्शन के दौरान हिन्दू महासभा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष प. राजवीर दीक्षित ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में वहां की सरकार लगातार विफल साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि यदि हत्याओं और अत्याचारों पर तत्काल रोक नहीं लगी तो संगठन द्वारा लगातार आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दबाव बनाया जाना चाहिए ताकि वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और बांग्लादेश। सरकार से अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की मांग की। वक्ताओं ने भारत सरकार से भी कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की अपील की। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है जब पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर देशभर में बहस चल रही है और लगातार खुले आम तौर पर कत्ल करने की धमकी भी दिया जाता है। इस विरोध प्रदर्शन ने यह संकेत दिया कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का स्थानीय स्तर पर भी सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव पड़ता है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना है कि मानवाधिकारों से जुड़े विषयों पर विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन इसके साथ-साथ संवाद, कूटनीति और संवैधानिक मर्यादाओं का पालन भी उतना ही आवश्यक है। प्रदर्शन में अखिल हिन्दू महासभा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष पं. राजवीर दीक्षित जिला संयोजक रवि पाराशर, श्री महंत चंद्रमा दास महाराज, बृज क्षेत्र अध्यक्ष गौ सभा सियाराम तिवारी महामंत्री, मुकेश कुमार उपाध्यक्ष ,राम शर्मा रणधीर सिंह , अमित भारद्वाज, बंटी अनूप ठाकुर, राजकुमार, नंदो पंडित, ठाकुर बिहारी लाल सक्षम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

खेल मेल का जरिया यह सिर्फ मनोरंजन नहीं: भूपेश चौबे

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। विधायक खेल महाकुंभ के पांचवे दिन कैनवस क्रिकेट मैच का शानदार मुकाबला आठ टीमों के बीच हुआ। कुछ पुरातन खेल भी आयोजित किए गए जो लोगों के बीच रोचक रहे इस मौके पर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि खेल सिर्फ खेल नहीं यह एक दूसरे के मेल का माध्यम भी है इसलिए युवाओं को यह जरूर ध्यान देना चाहिए कि खेल में मेल का सूत्र पात करें। खेल के क्रम क्रम में पहला मुकाबला विकास नगर व आंबेडकर नगर के बीच हुआ। इस मैच का टॉस, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता , व विकास मिश्रा के द्वारा कराकर मैच का शुभारंभ किया गया, विकास नगर की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 08 ओवर में 6 विकेट खोकर शानदार 100 रनों का स्कोर खड़ा किया, विकास नगर की तरफ से अमित ने शानदार 37 रनों की पारी खेली, जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी आमबेडकर नगर की टीम निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 73 रन ही बना सकी,इसी तरह से विकास नगर की टीम इस मुकाबले में 27 रन से जीत हासिल की ।।

दूसरा कैनवास क्रिकेट मैच DAV स्कूल और चैलेंजर 11 रॉबर्ट्सगंज के बीच, व्यापार मंडल के महामंत्री राजेश बंसल व पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा बलराम सोनी के द्वारा टास कराकर शुभारंभ किया गया DAV की टीम टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 07 ओवर में04 विकेट खोकर 74 रनों का स्कोर खड़ा किया, DAV के तरफ से प्रियांशु ने 27 रनो की पारी खेली जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए,50 रन पर ही चैलेंजर11, रॉबर्ट्सगंज की टीम सिमट गई इस तरह से DAV की टीम इस मुकाबले को 24 रन से जीत हासिल की ।।

तीसरा कैनवस क्रिकेट मैच MVM स्कूल और सत्यज्योति के बीच वरिष्ठ क्रिकेटर संदीप सिंह चंदेल के द्वारा टास कराकर शुभारंभ किया गया, जिसमें सत्य ज्योति की टीम टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण किया, MVM की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में बिना विकेट खोए शानदार 132 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। MVM की तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों ओपनर ने अर्धशतकीय पारी खेली, जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सत्य ज्योति की टीम 6 ओवर में मात्र 20 रन पर ही ढेर हो गई MVM की तरफ से शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दो गेंदबाजों ने हैट्रिक विकेट लेकर अपनी टीम को 112 रन से शानदार जीत दिलाई। चौथा क्रिकेट मैच नगवां बलियारि और ओबरा वॉरियर्स के बीच उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के द्वारा टास कराकर शुभारंभ किया गया नगवां बलियारी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 02 विकेट खो कर 82 रनों का स्कोर खड़ा किया ,जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओबरा वॉरियर्स की टीम पूरा ओवर भी नहीं खेल सकी और मात्र 47 रनों पर ढेर हो गई ,इस तरह से नगवां बलियारी की टीम ने इस मुकाबले को 35 रनों से जीत लिया।पांचवा कैनवस क्रिकेट मैच का मुकाबला BLCC तहसील कालोनीऔर कोटा डाला मंडल के बीच वरिष्ठ क्रिकेटर नवल बाजपेई के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया। कोटा डाला की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 07 ओवर में 05 विकेट खो कर शानदार 111 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया ,कोटा डाला मंडल की तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हुए चंदू ने 44 रनों की पारी खेली, जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी BLCC तहसील कालोनी की टीम निर्धारित 07 ओवर में 4 विकेट खो कर 68 रन ही बना सकी इसी तरह से कोटा डाला मंडल की टीम ने इस मैच को 43 रनों से मैच को जीत कर आगामी मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है, मैच के समापन में डाला मंडल के पूर्व अध्यक्ष दीपक दुबे जी, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, संदीप सिंह चंदेल, विकास मिश्रा,राजेश चौबे व वरिष्ठ क्रिकेटर संतोष सिंह के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

भाषा विवि और बालारक फ़ाउंडेशन में एमओयू

- जेंडर सेंसिटाइजेशन पर मिलकर काम करेंगे विश्वविद्यालय व बालरैक
- छात्रों के लिए इंटर्नशिप व वर्कशॉप की शुरुआत होगी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि और बालरैक फ़ाउंडेशन के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर कुलपति प्रो0 अजय तनेजा के मार्गदर्शन में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य जेंडर सेंसिटाइजेशन को बढ़ावा देना और विवि को बालरैक फ़ाउंडेशन तथा नाज़ फ़ाउंडेशन इंटरनेशनल के सहयोग से LGBTQIA+ समुदाय के समर्थन और सशक्तिकरण का केंद्र बनाना है। एमओयू के तहत विवि के विद्यार्थी, शिक्षक और शोधार्थी LGBTQIA+ समुदाय के अधिकारों के लिए जागरूकता बढ़ाने, समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों को कम करने और समावेशी शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए काम करेंगे। इस समझौते के तहत विवि में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी, जिनमें वर्कशॉप्स, विद्यार्थियों के लिए एक सप्ताह की इंटर्नशिप, ट्रांसजेंडर समुदाय और सेक्स वर्कर्स के लिए लीगल एड सेल, सेमिनार और व्याख्यान, भाषाओं के संरक्षण हेतु विकिपीडिया आधारित डेटा एनालिसिस और रिसर्च प्रशिक्षण, तथा LGBTQIA+ विषयों पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन शामिल है। इसकी शुरुआत उर्दू और फ़ारसी भाषाओं से होगी। समझौता ज्ञापन पर विवि की ओर से वित्त अधिकारी संजीव गुप्ता और बालरैक फ़ाउंडेशन की ओर से डॉ. आरिफ़ जाफ़र, फ़ाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, बालरैक फ़ाउंडेशन ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने कहा, यह एमओयू हमारे विवि के सामाजिक और अकादमिक दृष्टिकोण को नई दिशा देगा। वहीं इस अवसर पर बोलते हुए अपने वक्तव्य में आरिफ़ जफ़र ने कहा, बालरैक फ़ाउंडेशन इस साझेदारी के माध्यम से छात्रों और समुदाय के बीच सक्रिय संवाद और सहयोग बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में प्रवीण दास, लीड पार्टनरशिप्स मैनेजर- साउथ एशिया, विकिमीडिया फ़ाउंडेशन; तथा सैयद रज़ा हुसैन ज़ैदी, डायरेक्टर-पार्टनरशिप एवं स्ट्रैटेजिक ग्रोथ, नाज़ फ़ाउंडेशन इंटरनेशनल एवं MEHFIL उपस्थित रहे। विवि की ओर से कुलसचिव डॉ महेश कुमार, डॉ. नीरज शुक्ला (नोडल अधिकारी, MoU), डॉ. मूसी रज़ा (MoU कोऑर्डिनेटर) और डॉ. राज कुमार, शबीह हैदर भी मौजूद रहे।

भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की मिली सजा, पाकिस्तान के कबड्डी खिलाड़ी पर लगा प्रतिबंध

कराची। पाकिस्तान के एक अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत को एक निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की सजा मिली है। उबैदुल्लाह पर राष्ट्रीय महासंघ ने अनिश्चितकाल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने आपातकालीन बैठक बुलाई और उबैदुल्लाह पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।

उबैदुल्लाह पर महासंघ या अन्य संबंधित अधिकारियों से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना टूर्नामेंट में खेलने के लिए विदेश यात्रा करने का दोषी पाया गया। पीकेएफ के सचिव राणा सरवर ने कहा कि उबैदुल्लाह को अनुशासनात्मक समिति के समक्ष अपील करने का अधिकार है। सरवर ने कहा कि महासंघ ने इस तथ्य पर गंभीरता से ध्यान दिया कि राजपूत न केवल बिना एनओसी के विदेश यात्रा पर गए, बल्कि उन्होंने भारत की एक टीम का प्रतिनिधित्व किया, उसकी जर्सी पहनी और एक अवसर पर मैच जीतने के बाद भारतीय ध्वज को अपने कंधों पर लपेटा।

सरवर ने कहा कि उबैदुल्लाह ने दावा किया है कि यह पूरी तरह से गलतफहमी थी और उन्हें यह नहीं बताया गया था कि इस निजी टूर्नामेंट में वह जिस टीम के लिए खेलेंगे वह भारतीय टीम होगी। लेकिन फिर भी वह एनओसी नियमों का उल्लंघन करने के दोषी हैं। जीसीसी कप के दौरान भारतीय जर्सी पहने और भारतीय ध्वज लहराते हुए उबैदुल्लाह के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी जिसके बाद वह मुश्किल में फंस गए।

सरवर ने कहा कि अन्य खिलाड़ियों पर भी एनओसी लिए बिना इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिबंध और जुर्माना लगाया गया है। उबैदुल्लाह ने इससे पहले माफी मांगते हुए कहा था कि उन्हें बहरीन में खेली गई प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था और वह एक निजी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, मुझे बाद में पता चला कि उन्होंने टीम का नाम भारतीय टीम रखा था। मैंने आयोजकों से कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के नाम का इस्तेमाल न करें।

बैटल ऑफ द सेक्सेस में किर्गियोस की जीत

सबालेंका को हराया, बदले नियमों को लेकर टेनिस जगत में बहस

दुबई। दुबई में खेले गए 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' मुकाबले में निक किर्गियोस ने बदले नियमों के तहत आर्यना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। हालांकि मैच मनोरंजक रहा, लेकिन 1973 के ऐतिहासिक मुकाबले जैसी सामाजिक और खेल भावना इसमें नहीं दिखी। इसके बावजूद इस मुकाबले ने टेनिस जगत में नई बहस को जन्म दे दिया।

दुबई में खेले गए एक हाई-प्रोफाइल प्रदर्शनी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने महिला विश्व नंबर-एक आर्यना सबालेंका को बैटल ऑफ द सेक्सेस में 6-3, 6-3 से हरा दिया। यह मुकाबला टेनिस प्रशंसकों के बीच पहले से ही चर्चा का विषय बना हुआ था, खासकर इसलिए क्योंकि इसमें नियमों में बदलाव किए गए थे। हालांकि, इस मैच की तुलना 1973 के ऐतिहासिक मुकाबले से करना मुश्किल माना जा रहा है।

1973 का ऐतिहासिक संदर्भ

चर्चा का विषय

यह मुकाबला टेनिस प्रशंसकों के बीच पहले से ही चर्चा का विषय बना हुआ था

1973 में बिली जीन किंग और बॉबी रिग्स के बीच हुआ मुकाबला सिर्फ एक मैच नहीं था, बल्कि महिला टेनिस की पहचान और समान पुरस्कार राशि की लड़ाई का प्रतीक था। उस समय बिली जीन किंग ने 55 वर्षीय रिग्स को 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर इतिहास रच दिया था। वह मुकाबला महिला प्रोफेशनल टूर की वैधता और सम्मान के लिए बेहद अहम था।

बदले नियमों में खेला गया मुकाबला

दुबई में हुए इस प्रदर्शनी मैच में दोनों खिलाड़ियों के लिए नियम

अलग थे।

दोनों खिलाड़ियों को सिर्फ एक सर्व की अनुमति थी

सबालेंका के कोर्ट का आकार नौ प्रतिशत छोटा कर दिया गया, ताकि किर्गियोस की ताकत और रफ्तार को संतुलित किया जा सके इन नियमों की वजह से कुछ फैंस ने मैच को मनोरंजक बताया, जबकि कुछ ने इसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए।

रैंकिंग में गिरावट के बावजूद किर्गियोस का दबदबा

निक किर्गियोस पिछले तीन सीजन में सिर्फ छह एटीपी मैच खेल पाए हैं और इसी वजह से उनकी रैंकिंग गिरकर 671 पर पहुंच गई है। इसके बावजूद 30 वर्षीय किर्गियोस ने चार बार की ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन सबालेंका के खिलाफ अनुभव और ताकत का सही इस्तेमाल किया।

मैच के बाद किर्गियोस का बयान

जीत के बाद किर्गियोस ने सबालेंका की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह एक बेहद कठिन मैच था। वह जबरदस्त प्रतिस्पर्धी हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे पूरा फोकस करना पड़ा, क्योंकि वह लगातार दबाव बना रही थीं और आखिरकार यह एक कड़ा मुकाबला साबित हुआ।

बहस का नया दौर

यह मुकाबला भले ही एक प्रदर्शनी मैच था, लेकिन इसने एक बार फिर पुरुष और महिला टेनिस के बीच शारीरिक अंतर, नियमों में बदलाव और ऐसे मुकाबलों की प्रासंगिकता पर बहस छेड़ दी है। कई प्रशंसकों का मानना है कि ऐसे मैच मनोरंजन के लिए ठीक हैं, लेकिन इन्हें ऐतिहासिक मुकाबलों से तुलना नहीं की जानी चाहिए।

सूर्या और तन्वी के बीच होगा महिला एकल का खिताबी मैच, पुरुषों में संजीवी-राघव फाइनल में

विजयवाड़ा। तन्वी ने सेमीफाइनल में श्रुति मूंदड़ा को 18-21, 21-12, 21-15 से मात दी। वहीं, सूर्या ने रक्षिता श्री को 21-18, 18-21, 21-9 से हराया।

राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल का फाइनल 19 वर्षीय सूर्या करिश्मा तमिरी और 14 वर्षीय तन्वी पात्री के बीच होगा। तन्वी ने सेमीफाइनल में श्रुति मूंदड़ा को 18-21, 21-12, 21-15 से मात दी। पहला गेम हारने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की। सूर्या ने रक्षिता श्री को 21-18, 18-21, 21-9 से हराया। पहला गेम हारने के बाद रक्षिता ने दबाव बनाया और दूसरे गेम में बराबरी की।

विजयवाड़ा की सूर्या ने हालांकि तीसरा गेम 21-9 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। सूर्या ने क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय उन्नति हुड्डा को हराकर उलटफेर किया था। पुरुष एकल फाइनल में ऋत्विक संजीवी का मुकाबला राघव से होगा। ऋत्विक ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय किरण जॉर्ज को 21-16, 17-21, 22-20 से हराया। राघव ने तरुण मानेपल्ली को 21-17, 11-21, 21-11 से मात दी।

इस साल उतार-चढ़ाव भरा रहा भारतीय बैडमिंटन का सफर, युवा खिलाड़ियों ने जगाई नई उम्मीद

नई दिल्ली। वर्ष 2025 भारतीय बैडमिंटन के लिए मिला-जुला रहा। जहां एक ओर सीनियर खिलाड़ियों को चोट, फिटनेस और फॉर्म से जूझना पड़ा, वहीं दूसरी ओर लक्ष्य सेन की खिताबी सफलता, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की निरंतरता और युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने भविष्य के लिए उम्मीद की मजबूत नींव रखी।

भारतीय खिलाड़ियों की व्यक्तिगत उपलब्धियों में लक्ष्य सेन का नाम सबसे ऊपर रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 का खिताब जीतकर 2023 के बाद अपना पहला सुपर 500 खिताब हासिल किया। यह जीत दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के बाद उनका अगला खिताब रही। इसके अलावा, लक्ष्य

हांगकांग ओपन में उपविजेता भी रहे, जिससे उनके प्रदर्शन में निरंतरता देखने को मिली।

चोट और बीमारी से सत्र की शुरुआत करने के बावजूद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने खुद को भारत की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी के रूप में फिर स्थापित किया। इस जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप, पेरिस में कांस्य पदक जीता, हांगकांग ओपन और चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनकर साल का शानदार अंत किया।

किदाम्बी श्रीकांत ने इस सत्र में वापसी की झलक जरूर दिखाई। वह मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल में उपविजेता रहे, लेकिन खिताब जीतने में असफल रहे और लंबे समय से चला आ रहा उनका ट्रॉफी सूखा बरकरार रहा।

गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली ने सैयद मोदी इंटरनेशनल में महिला युगल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव कर अपनी मजबूत जोड़ी को साबित किया। वर्ष 2025 की सबसे सकारात्मक तस्वीर भारत की युवा पीढ़ी ने पेश की। 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 का खिताब जीता और कोदाई नाराओका, लोह कीन यू, चाउ टिएन चेन और ब्रायन यांग जैसे दिग्गजों को हराकर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के एकल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्होंने अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाई और सैयद मोदी इंटरनेशनल में पूर्व विश्व नंबर एक नोजोमी ओकुहारा को हराकर सत्र की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

नोदिरबेक से हारे गुकेश, कार्लसन से आधा अंक पीछे, नौ राउंड के बाद आर्टेमिएव और नीमैन शीर्ष पर

दोहा। फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन चार राउंड खेले गए, नौ राउंड पूरे होने के बाद क्लासिकल विश्व चैंपियन डी गुकेश और भारत के नंबर-1 अर्जुन एरिगेसी फिलहाल मजबूत स्थिति में हैं। गुकेश और एरिगेसी 6.5 अंकों के साथ 12 अन्य खिलाड़ियों समेत संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। शीर्ष पर रूस के व्लादिस्लाव आर्टेमिएव और अमेरिका के हंस नीमैन 7.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

आर्टेमिएव ने विश्व नंबर-1 और पांच बार के रैपिड चैंपियन मैग्नस कार्लसन (7 अंक) को हराकर बड़ा उलटफेर किया। कार्लसन अब चार अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर खिसक गए। आर्टेमिएव ने दिन के पहले राउंड में एरिगेसी को भी मात दी थी। गुकेश ने छठे राउंड में नीदरलैंड के अनीश गिरी और सातवें में एलेक्सेय साराना से से ड्रॉ लिया। फिर आठवें में स्पेन के डेविड एंटोन को मात दी, लेकिन

नौवें राउंड में उज्बेकिस्तान के पूर्व चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए और फिसल गए।

महिला वर्ग में सात राउंड के बाद गत चैंपियन कोनेरु हंपी 6 अंक हासिल कर शीर्ष पर पहुंच गई हैं। चीन की झू जीनर के भी इतने ही अंक हैं। भारत की अन्य खिलाड़ी हरिका द्रोणावल्ली और इस साल की विश्वकप विजेता दिव्या देशमुख 5.5 अंकों के साथ 12 खिलाड़ियों के समूह में संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। आर. वैशाली दूसरी हार के बाद 4.5 अंकों के साथ संयुक्त 22वें स्थान पर फिसल गई।

मटरू की बिजली का मंडोला को लेकर इमरान खान ने किया खुलासा, कहा- रचनात्मकता नहीं इस वजह से किया गया कास्ट

मुंबई। इमरान खान ने हाल ही में बताया है कि मटरू की बिजली का मंडोला में उन्हें किस आधार पर कास्ट किया गया था। उन्होंने बताया कि पहले इस फिल्म से कौन से अभिनेता जुड़े थे।

इमरान खान अपने हैरान कर देने वाले बयान को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म मटरू की बिजली का मंडोला में उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए इमरान खान ने कई खुलासे किए हैं। उनका मानना है कि इस फिल्म के लिए उन्हें पैसों की वजह से चुना गया था, न कि काबिलियत की वजह से।

समधीश के पॉडकास्ट में खान ने बताया विशाल भारद्वाज के साथ मैंने फिल्म मटरू की बिजली का मंडोला में काम किया। यह मेरी ऐसी फिल्म थी जिसमें मैं अकेला महसूस कर रहा था। इमरान ने आगे बताया मुझे लगता है कि मुझे उन्होंने फिल्म में किसी बेईमान वजह से कास्ट किया न कि किसी सच्ची रचनात्मक वजह से। इस फिल्म से अजय देवगन जुड़े थे। हालांकि उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी। मेरी पिछली कुछ फिल्में हिट हुई थीं, इसलिए उन्होंने मुझे बजट की वजह से कास्ट किया। बॉलीवुड कास्टिंग का तरीका पूरी तरह से बजट पर आधारित होता है। इमरान खान ने रचनात्मकता से ज्यादा पैसे पर ध्यान देने पर इंडस्ट्री की आलोचना की। उन्होंने कहा इस बात की कोई परवाह नहीं करता कि आपको कास्ट करते समय यह देखा जाए कि क्या आप इस रोल के लिए सही एक्टर हैं। वह बस यही कहते हैं कि इसके साथ कितने पैसे मिलेंगे? खान ने यह भी बताया कि प्रोडक्शन के दौरान उनके और डायरेक्टर विशाल भारद्वाज के बीच कोई खास रिश्ता नहीं था, जिससे प्रोफेशनल और इमोशनल दूरी का पता चलता है।

फिल्म मटरू की बिजली का मंडोला साल 2013 में रिलीज हुई थी। इसमें इमरान खान के साथ अनुष्का शर्मा, पंकज कपूर, शबाना आजमी और आर्य बब्बर थे। इसके निर्देशक और निर्माता विशाल भारद्वाज थे।

सलमान खान ने शेयर की शानदार तस्वीर

मुंबई। सलमान खान ने हाल ही में अपना 60वां जन्मदिन मनाया। भाईजान ने आज सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सभी के प्यार और शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया किया है। सलमान खान ने 28 दिसंबर को अपना 60वां जन्मदिन मनाया। उनके फैंस के लिए यह दिन किसी त्योहार से कम नहीं रहा। हर किसी ने भाईजान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं आज सलमान ने जन्मदिन पर मिले प्यार और शुभकामनाओं के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया है।

सलमान खान ने थोड़ी देर पहले एक्स पर अपनी एक खास फोटो शेयर की है। साथ ही उन्होंने अपने फैंस और सभी शुभचिंतकों के लिए लिखा, आपके प्यार और अच्छी कामनाओं के लिए शुक्रिया, ये मेरे लिए बहुत मायने रखता है। भगवान आप सबको अच्छी सेहत और खुशियां दें। सलमान खान जल्द ही फिल्म बैटल ऑफ गलवान में नजर आएंगे। फिल्म बैटल ऑफ गलवान लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच 2020 में हुए संघर्ष पर आधारित है। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच यह झड़प जून 2020 में हुई थी। 15 जून को नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव बढ़ गया था। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है।

जन नायकन का पहला शो चार नहीं इतने बजे से होगा शुरू, मेकर्स ने विजय के फैंस से की खास गुजारिश

मुंबई। विजय स्टारर जन नायकन 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में ग्रैंड रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एक एक्टर के तौर पर उनकी आखिरी फिल्म है। थलापति विजय अपनी अपकमिंग फिल्म जन नायकन को लेकर चर्चा में हैं। यह उनकी आखिरी फिल्म हो सकती हैं क्योंकि वह एक्टिंग छोड़कर राजनीति पर ध्यान देना चाहते हैं। पहले एलान किया गया था कि जन नायकन के मेकर्स को रिलीज के दिन सुबह 4.00 बजे ही पहला शो दिखाने की इजाजत मिल गई है। अब मेकर्स ने जानकारी दी है कि फिल्म का पहला शो 4.00 बजे से नहीं शुरू होगा।

एसएसआर एंटरटेनमेंट्स के नए बयान में कहा गया है कि सिनेमाघरों में जन नायकन का पहला शो सुबह 4.00 बजे के बजाए 6.00 बजे से शुरू होगा। बयान में कहा गया हमने केरल में जन नायकन का पहला शो सुबह 4.00 बजे दिखाने के लिए

हर संभव कोशिश की है। शुरुआत में, प्रोड्यूसर की तरफ से सुबह 4.00 बजे के शो के लिए परमिशन दी गई थी। हालांकि, मौजूदा हालात और तमिलनाडु में सामने आ रही कुछ दिक्कतों की वजह से, सुबह 4.00 बजे के शो को मंजूरी नहीं मिल पाई।

बयान में आगे कहा गया इसलिए, केरल में जन नायकन का पहला शो सुबह 6.00 बजे होगा। आपको हुई असुविधा के लिए हम केरल के सभी थलापति फैंस से दिल से माफी मांगते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि 9 जनवरी को सुबह 6.00 बजे के शो को फैंस पूरे दिल से सपोर्ट करेंगे और इसे कामयाब बनाएंगे।

जन नायकन में पूजा हेगड़े, मामिता बैजू, प्रकाश राज, बॉबी देओल, गौतम वासुदेव मेनन और अन्य कलाकार भी होंगे। विजय अपनी नई पार्टी, तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के साथ 2026 के तमिलनाडु चुनावों में चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं, इसलिए यह उनकी आखिरी फिल्म होगी।

अनबन की चर्चाओं के बीच तारा सुतारिया ने वीर पहाड़िया पर लुटाया प्यार, साथ में साझा की तस्वीर

मुंबई। तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया मौजूदा वक्त में बॉलीवुड के हॉट और सबसे चर्चित कपल में से एक हैं। बीते दिनों एपी ढिल्लों के साथ एक वीडियो सामने आने के बाद फैंस दोनों के रिश्ते को लेकर चिंतित थे। लेकिन अब तारा ने वीर पर प्यार लुटाते हुए इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया। जानिए तारा ने ऐसा क्या किया।

अभिनेत्री तारा सुतारिया इन दिनों फिल्मों की बजाय अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट से वायरल हुए वीडियो के बाद, तारा और वीर पहाड़िया के रिश्ते को लेकर भी तमाम तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कॉन्सर्ट के दौरान वीर के सामने एपी ढिल्लों का तारा को किस करने और गले लगाने के बाद, सोशल मीडिया पर वीर का रिएक्शन वायरल था। जिसके बाद फैंस को उनके ब्रेकअप होने का डर सता रहा था। लेकिन अब तारा ने वीर पर प्यार लुटाते हुए इन सभी

मीडिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया इन दिनों फिल्मों की बजाय अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं।

अफवाहों पर विराम लगा दिया है।

तारा ने शेयर की तस्वीर

तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर अपने फ्रेंड ओरी द्वारा पोस्ट की गई एक सेल्फी कोलाज को री-शेयर किया है। यह तस्वीर किसी प्राइवेट पार्टी की मालूम पड़ती है। इसमें दो तस्वीरें हैं, पहली सेल्फी में ओरी वीर के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में ओरी तारा सुतारिया के साथ पोज देते हुए दिख

रहे हैं। इन तस्वीरों वाली ओरी की पोस्ट को अपनी स्टोरीज पर रीपोस्ट करते हुए तारा ने प्यार भरे अंदाज में लिखा है, 'आह माय (मेरा)' इसके साथ उन्होंने लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए हैं। इसके जरिए उन्होंने वीर पहाड़िया पर जमकर प्यार लुटाया है।

एपी ढिल्लों ने स्टेज पर तारा को किया था किस

बीते दिनों तारा सुतारिया उस वक्त चर्चा में आ गई थीं जब एपी ढिल्लों के मुंबई में हुए कॉन्सर्ट से एक वीडियो सामने आया था। तारा और वीर कॉन्सर्ट में पहुंचे थे। वीडियो में दिखता है कि तारा वीर के साथ कॉन्सर्ट का आनंद ले रही हैं। तभी एपी ढिल्लों तारा को हाथ पकड़कर स्टेज पर ले जाते हैं। इसके बाद वो तारा को किस करते हैं और गले लगाते हैं। बाद में तारा और एपी क्लोज डांस भी करते हैं। इस दौरान वीडियो में वीर का रिएक्शन कैद हुआ था, जो काफी वायरल हो गया था। हालांकि, वीर गानों पर लिपसिंक भी कर रहे थे। इस वीडियो के सामने आने के बाद ही सोशल मीडिया पर यूजर्स ने दोनों के रिश्ते को लेकर भी तमाम तरह के कयास लगाए थे।

आखिरी बार 2023 में 'अपूर्वा' में नजर आई थीं तारा

वर्कफ्रंट की बात करें तो तारा सुतारिया आखिरी बार 2023 में आई फिल्म %अपूर्वा% में नजर आई थीं। इसके बाद से वो बड़े पर्दे से दूर हैं। जबकि वीर पहाड़िया ने साल 2025 की शुरुआत में आई फिल्म 'स्काई फोर्स' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की है। इसक बाद उनके दूसरे प्रोजेक्ट को लेकर कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

स्टेज पर बेटे अबराम ने की एक्टिंग, मोबाइल से शूट करते दिखे शाहरुख

मुंबई। शाहरुख खान के बेटे अबराम के स्कूल में हाल ही में एनुअल डे फंक्शन मनाया गया। जिसको देखने के लिए अबराम के पिता और बॉलीवुड एक्टर किंग खान भी शामिल हुए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है।

शाहरुख खान हाल ही में अपनी पत्नी गौरी खान और बेटी सुहाना खान के साथ छोटे बेटे अबराम के स्कूल के एनुअल डे फंक्शन में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिनमें से एक में शाहरुख अपने बेटे को चीयर करते नजर आ रहे हैं और साथ ही अपने मोबाइल पर बेटे का वीडियो रिकॉर्ड करते हुए बेहद खुश लग रहे हैं।

इस वायरल वीडियो में अबराम स्टेज पर कुर्ता पहने बेहद क्यूट दिख रहे हैं। वह एक नाटक में परफॉर्म करते दिखाई दे रहे हैं। कैमरा दर्शकों की तरफ घूमता है तो शाहरुख, गौरी और सुहाना बैठे

दिखाई दे रहे हैं। शाहरुख अपने बेटे को परफॉर्म करते हुए बेहद खुश हो रहे हैं। किंग खान के चहरे पर बड़ी मुस्कान दिखाई दे रही है। वह वीडियो भी रिकॉर्ड कर रहे हैं, जबकि गौरी और सुहाना तालियां बजा रही हैं।

शाहरुख खान का वर्कफ्रंट

कथित तौर पर शाहरुख खान रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में कैमियो कर सकते हैं। यह फिल्म 2023 की हिट जेलर का सीक्वल है और जून 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा शाहरुख निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की फिल्म किंग में नजर आएंगे, जिसकी घोषणा खुद शाहरुख ने की थी। इस फिल्म में एसआरके के साथ उनकी बेटी सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, राघव जुयाल, अभय वर्मा और कई कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।

एंजेल की मौत पर विपक्ष आक्रामक

चकमा

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले ने अब बड़ा राजनीतिक रूप ले लिया है।

नई दिल्ली। देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या को लेकर राहुल गांधी और कपिल सिब्बल ने इसे नफरती अपराध बताते हुए भाजपा और केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसकी कड़ी निंदा की है। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार है।

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मामले ने अब बड़ा राजनीतिक रूप ले लिया है। इस घटना को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने इसे नफरती अपराध करार देते हुए सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एंजेल चकमा की हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने नफरत को सामान्य बना दिया है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

इसको लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, ÷देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह एक भयानक नफरत का अपराध है। नफरत रातों-रात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोज बढ़ावा दिया जा रहा है। खासकर हमारे युवाओं को जहरीले कंटेंट और गैर-जिम्मेदार कहानियों के जरिए सत्ताधारी भाजपा के नफरत फैलाने वाले नेताओं ने इसे नॉर्मल बनाया जा रहा है। भारत सम्मान और एकता पर बना है, डर और गाली-गलौज पर नहीं। हम प्यार और विविधता का देश हैं। हमें एक ऐसा मरा हुआ समाज नहीं बनना चाहिए जो अपने साथी भारतीयों को निशाना बनते हुए देखे और चुप रहे। हमें सोचना चाहिए और सामना करना चाहिए कि हम अपने देश को क्या बनने दे रहे हैं। मेरी संवेदनाएं चकमा परिवार और त्रिपुरा और नॉर्थ ईस्ट के लोगों के साथ हैं। हमें आपको अपना साथी भारतीय भाई-बहन कहने पर गर्व है। वहीं, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि वे नफरत भरे अपराधों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। सिब्बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷एंजेल चकमा की हत्या, एक चौंकाने वाला उदाहरण है- नफरत भरे अपराध का, कट्टरता का, सरकार में हमारे नेताओं की चुप्पी का। ये अपनी निष्क्रियता से इसमें शामिल हैं। सिब्बल ने अपनी पोस्ट में कहा, प्रिय अमित शाह जी, नफरत भरे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 9 दिसंबर को देहरादून के सेलाकुई बाजार में हुई थी। त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के रहने वाले एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल का कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। इस दौरान आरोपियों ने उन पर चाकू और पीतल के नकल से हमला किया। इस हमले में 24 वर्षीय एंजेल चकमा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद 26 दिसंबर को अस्पताल में इलाज के दौरान एंजेल की मौत हो गई। एंजेल के पिता तरुण चकमा, जो सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में तैनात हैं, ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनके बेटे को चीनी मोमो कहकर नस्लीय गालियां दीं। जब एंजेल ने विरोध करते हुए कहा कि वह भी भारतीय है, तो उस पर हमला कर दिया गया। हालांकि, पुलिस ने नस्लीय हमले के एंगल से इनकार किया है। देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने तर्क दिया कि आरोपियों में से एक खुद मणिपुर का रहने वाला है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिगों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी यज्ञराज अवस्थी, जो नेपाल का रहने वाला है, अभी फरार है। उस पर 25,000 रुपये का इनाम रखा गया है। इस घटना पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं और सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। वहीं, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बताया कि उन्होंने उत्तराखंड के अपने समकक्ष धामी से बात की है, जिन्होंने उन्हें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

माकपा विधायक-भाजपा पार्षद के बीच कार्यालय को लेकर विवाद में कूदी कांग्रेस

तिरुवनंतपुरम। माकपा विधायक और भाजपा पार्षद के बीच कार्यालय को लेकर चल रहे विवाद में कांग्रेस भी शामिल हो गई है और उसने विधायक से शेष कार्यकाल के लिए विधायक हॉस्टल में कार्यालय स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है।

सत्तारूढ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के विधायक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित पार्षद के बीच कार्यालय के स्थान को लेकर जारी विवाद ने सोमवार को नया मोड़ ले गया, जब कांग्रेस पार्टी भी इसमें कूद पड़ी। कांग्रेस ने सुझाव दिया कि विधायक को विधानसभा के बचे हुए कार्यकाल के लिए विधायक हॉस्टल में अपना कार्यालय स्थानांतरित करना चाहिए।

माकपा विधायक वीके प्रशांत शास्तमंगलम वार्ड में निगम की इमारत में किराये के कमरे से जो कार्यालय चला रहे हैं, उसकी जांच नगर निकाय को करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि विधायक और निगम के बीच मौजूदा समझौते की जांच करना और किराये को लेकर फैसला लेना नगर निकाय की जिम्मेदारी है। सबरीनाथन ने कहा कि केरल में ज्यादातर विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में निजी किराये की जगहों से कार्यालय चलाते हैं।

अरुविक्कारा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके सबरीनाथन ने कहा कि उस समय उनका अपना कार्यालय भी उसी क्षेत्र में किराये के कमरे से चलता था और वह हर महीने किराया देते थे। हालांकि विधायक प्रशांत को एक खास सुविधा है। जिस वट्टियोरकावु विधानसभा क्षेत्र का वह प्रतिनिधित्व करते हैं, वहीं विधानसभा का विधायक हॉस्टल स्थित है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि शहर के बीचोंबीच स्थित इस विधायक हॉस्टल में अच्छी तरह सुसज्जित कमरे, कंप्यूटर सुविधा, कार पार्किंग और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ करने पर उन्हें जानकारी मिली कि विधायक हॉस्टल के नीला ब्लॉक में कमरे नंबर 31 और 32 उनके नाम पर कार्यालय के लिए आवंटित हैं।

सबरीनाथन ने पूछा, जब सरकार मुफ्त में इतनी अच्छी सुविधाओं वाला विधायक हॉस्टल उपलब्ध करा रही है, तो शास्तमंगलम के इस कमरे के लिए इसे क्यों छोड़ा जाए? उन्होंने राय दी कि विधानसभा के शेष कार्यकाल के लिए विधायक का कार्यालय विधायक हॉस्टल में स्थानांतरित कर देना बेहतर होगा।

बेटे को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने के बाद पीएमके संस्थापक रामदास पार्टी अध्यक्ष चुने गए

नई दिल्ली। पट्टाली मक्कल कच्ची में चल रही उथल पुथल के बीच अब पार्टी को अपना नया अध्यक्ष मिल गया है। पीएमके संस्थापक रामदास को पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया है।

पट्टाली मक्कल कच्ची (पीएमके) के संस्थापक डॉ. एस. रामदास पार्टी के अध्यक्ष चुने गए हैं। सोमवार को पार्टी की जनरल काउंसिल और कार्यकारी समिति की बैठक में उन्हें पार्टी का अध्यक्ष चुना गया। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब रामदास और उनके बेटे, पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री अंबुमणि के बीच सत्ता संघर्ष चल रहा है। पार्टी अगले साल होने वाले चुनावों में गठबंधन बनाएगी और जीच दर्ज करेगी।

इस बैठक में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस प्रस्ताव में जी.के. मणि और रामदास की बेटी श्रीगांधी परशुरामन को भी पहभार दिया गया। जी.के. मणि को पार्टी का मानद अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में चुना गया। रामदास के बेटे अंबुमणि को अक्टूबर में पार्टी से निकाल दिया था। अंबुमणि की पत्नी सौम्या रामदास द्वारा शुरू किए गए प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने वाले एक गैर-सरकारी संगठन पसुमाई थायगम की अध्यक्ष थीं। सौम्या को भी इस पद से हटाया जाएगा। श्रीगांधी भाई अंबुमणि और भाभी सौम्या की जगह लेंगी।

पार्टी के संस्थापक और अंबुमणि के पिता रामदास ने हाल ही में अपने वकीलों से एक सार्वजनिक नोटिस जारी करवाया था। इसमें उन्होंने अपने बेटे को पार्टी के नाम, झंडे या प्रतीक का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। इससे पहले, बैठक में बोलते हुए विधायक आर. अरुल ने कहा कि वरिष्ठ रामदास ने ÷कई बलिदान÷ दिए हैं और वर्षों से क्क्ष्य को पाला-पोसा है। अरुल ने कहा, ÷उन्होंने अपने कामों से एक उदाहरण पेश किया कि एक नेता को कैसा व्यवहार करना चाहिए,÷ और रामदास की इच्छा के खिलाफ जाने के लिए अंबुमणि की आलोचना की।

कांग्रेस का सरकार पर गंभीर आरोप

नई परिभाषा से अरावली का अस्तित्व खतरे में

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सरकार पर अरावली पर्वत श्रृंखला को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। जयराम रमेश ने कहा कि अरावली की नई परिभाषा से 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र कानूनी सुरक्षा से बाहर हो जाएगा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपने पिछले फैसले पर रोक लगा दी है।

कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पर अरावली पर्वत श्रृंखला को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी का दावा है कि सरकार की नीतियों के कारण अरावली का अस्तित्व खतरे में है।

कांग्रेस का कहना है कि सिर्फ खनन ही नहीं, बल्कि जिस तरह से रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह अरावली के पहले से तबाह हो चुके

पारिस्थितिकी तंत्र में और तबाही मचाएगा। इसको लेकर कांग्रेस महासचिव और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा % इस समय देश अरावली को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देशों का इंतजार कर रहा है। यहां इस बात के और सबूत हैं कि अरावली की नई परिभाषा पहले से ही बर्बाद हो चुके इस पारिस्थितिकी तंत्र में और ज्यादा तबाही मचाएगी। मुद्दा सिर्फ खनन का नहीं है-फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की सिफारिशों के खिलाफ, नई दिल्ली और जयपुर की डबल इंजन सरकार रियल एस्टेट डेवलपमेंट के दरवाजे भी खोल रही है। मामले में कांग्रेस ने अरावली की नई परिभाषा का विरोध किया। कांग्रेस का आरोप है कि इस नई परिभाषा के लागू होने से अरावली का 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा कानूनी सुरक्षा के दायरे से बाहर हो जाएगा। इसका सीधा मतलब यह होगा कि इन इलाकों को खनन और अन्य निर्माण कार्यों के लिए खोलकर उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा। हालांकि इस मुद्दे पर विवाद बढ़ने के बाद केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया था कि वे पर्वत श्रृंखला के अंदर नई खनन लीज न दें। वहीं, सर्वोच्च न्यायालय ने भी अरावली की परिभाषा को लेकर चल रहे विवाद पर खुद संज्ञान लिया है। इस मसले पर आज सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने पिछले फैसले पर रोक लगा दी है। इससे पहले 20 नवंबर को शीर्ष अदालत ने अरावली पहाड़ियों और श्रृंखलाओं की एक समान परिभाषा स्वीकार की थी। कोर्ट ने विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले अरावली क्षेत्र में नई खनन लीज देने पर रोक लगा दी थी। वहीं सर्वोच्च न्यायालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था। समिति ने सिफारिश की थी कि अरावली जिलों में किसी भी ऐसी भू-आकृति को अरावली पहाड़ी माना जाए जिसकी ऊंचाई आसपास की जमीन से 100 मीटर या उससे ज्यादा हो।

कर्नाटक में भाजपा विधायक के खिलाफ चेक बाउंस पर मामला दर्ज

नई दिल्ली। कर्नाटक के भाजपा विधायक शरणु सालगर के खिलाफ 99 लाख रुपये के चेक बाउंस के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। विधायक पर आरोप है कि 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान लिए गए की कर्ज की राशि वापस नहीं की।

कर्नाटक के भाजपा विधायक शरणु सालगर के खिलाफ 99 लाख रुपये के चेक बाउंस के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उन पर आरोप है कि उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान लिए गए की कर्ज की राशि वापस नहीं की। उन्होंने बताया कि विधायक ने अपने दूर के रिश्तेदार से चुनाव संबंधी खर्चों को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी। जनवरी और फरवरी 2023 के बीच कई किस्तों में राशि प्राप्त की थी।

बीएनपी के नेता तारीक रहमान ने दाखिल किए नामांकन पत्र

ढाका। बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान ने आगामी चुनाव के लिए ढाका-17 सीट से अपने नामांकन पत्र सोमवार को दाखिल किए। उन्होंने 17 साल के निर्वासन के बाद बांग्लादेश लौटकर अपनी पार्टी की कमान संभाली है और मतदाता सूची में अपना नाम भी दर्ज करवा लिया है।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान ने सोमवार को आगामी चुनावों के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। %डेली स्टार% की रिपोर्ट के मुताबिक, नामांकन पत्र सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे सेगुनबागीचा स्थित ढाका संभाग आयुक्त के कार्यालय में जमा किए गए। बीएनपी अध्यक्ष के सलाहकार अब्दुस सलाम ने बांग्लादेश डॉक्टर संघ (डीएबी) के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर डॉ. फरहद हलीम डोनार के साथ मिलकर तारिक रहमनान की ओर से नामांकन पत्र जमा किए। तारिक रहमान 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में ढाका-17 सीट से चुनाव लड़ेंगे। 13वें संसदीय चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है।

अब्दुस सलाम ने मीडिया के जरिये सभी का आभार जताया और कहा कि 17 साल के निर्वासन के बाद तारिक रहमान का शहरवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ढाका-17 के लोग 12 फरवरी के चुनाव में अपनी इच्छा से तारिक रहमान के पक्ष में मतदान करेंगे। रविवार को बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने चुनाव से कुछ हफ्ते पहले तारिक रहमान का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अनुमति दी। एक दिन पहले तारिक रहमान ने चुनाव आयोग कार्यालय का दौरा किया था और बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए अपनी उंगलियों के निशान और आंखों की स्कैन प्रक्रिया पूरी की थी। उन्होंने इससे पहले ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन किया था।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान और उनकी बेटी जामिया ने शनिवार को चुनाव आयोग में मतदाता पंजीकरण और राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) जारी करने से जुड़ी सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कीं। अब मतदाता सूची में नाम शामिल होने के बाद तारिक रहमान और उनकी बेटी के लिए नया एनआईडी नंबर जारी किया जाएगा।

बांग्लादेश में पहली बार 2008 में फोटो और बायोमेट्रिक जानकारी वाली मतदाता सूची लागू की गई थी। उस समय तारिक रहमान राजनीतिक कैदी थे और रिहाई के बाद 11 सितंबर 2008 को लंदन चले गए थे। विदेश में रहने के कारण उनका नाम उस मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका था।

हादसे के तीन दिन बाद फुटबॉल कोच के परिवार की महिला का शव मिला

इंडोनेशिया। इंडोनेशिया में हुए दर्दनाक नाव हादसे के तीन दिन बाद बचाव दल को समुद्र से एक महिला का शव मिला है। आशंका है कि यह शव स्पेनिश फुटबॉल कोच फर्नांडो मार्टिन के परिवार का है। हादसा कोमोडो नेशनल पार्क के पास हुआ था, जहां इंजन खराब होने से टूर बोट डूब गई थी। इंडोनेशिया में बीते शुक्रवार को हुए दर्दनाक नाव हादसे के तीन बाद राहत और बचाव दल को एक महिला का शव मिला है। आशंका इस बात की तेज है कि यह शव स्पेन के फुटबॉल कोच फर्नांडो मार्टिन के परिवार की महिला सदस्य का है। मीडिया रिपोर्टस की माने तो सोमवार सुबह बचाव दल को यह शव सेराई द्वीप के पास समुद्र में तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले शव को देखा और इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। इसके बाद शव को पहचान के लिए लाबुआन बाजो के अस्पताल भेजा गया।

दुष्कर्म के दोषी विधायक कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आज उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के मामले में सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। बता दें कि हाईकोर्ट ने सेंगर को मिली सजा को निलंबित कर दिया था। उन्नाव में दुष्कर्म के इस मामले में सेंगर दोषी पाए गए हैं, जिसके बाद उन्हें उम्रकैद की सजा हुई थी। जानिए इस मामले से जुड़े अपडेट्स

सुप्रीम कोर्ट में आज उन्नाव दुष्कर्म मामले में दोषी पाए गए भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के मुकदमे पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाई जाती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की अपील की। पीठ

ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि इस मुकदमे पर विचार करना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि कि उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर के आदेश के आधार पर सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। मामले की सुनवाई चार सप्ताह करने की बात कहते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा, इस मामले में महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्नों पर विचार किया जाना है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ये मामला बच्ची के साथ भयावह दुष्कर्म का है। दोषी पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो कानून की धारा पांच और छह के तहत आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने इस बात को नोट किया कि अपराध के समय पीड़िता की आयु 15 साल 10 माह थी। तमाम दलीलों को सुनने के बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हम हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के पक्ष में हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ ने आज केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई की। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी, जिसके बाद सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया।

बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली अपील के लंबित रहने तक सेंगर की सजा निलंबित रहेगी। हाईकोर्ट ने इस बात को रेखांकित किया था कि सेंगर पहले ही सात साल, पांच महीने की अवधि जेल में बिता चुका है। बता दें कि दोषी करार दिए गए पूर्व भाजपा विधायक ने दिसंबर 2019 के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। फिलहाल, इस मामले में भाजपा से निष्कासित नेता जेल में ही रहेंगे क्योंकि वह पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भी 10 साल की सजा काट रहे हैं। अदालत ने इस मामले में उन्हें जमानत नहीं दी है। बता दें कि उन्नाव दुष्कर्म और इससे जुड़े अन्य मामले 1 अगस्त, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश की एक निचली अदालत से दिल्ली स्थानांतरित कर दिए गए थे।

हमले के बाद घबराया ऑस्ट्रेलिया का यहूदी समुदाय

सिडनी। सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए नरसंहार का असर ऑस्ट्रेलिया के यहूदी समुदाय पर बहुत गहरा हुआ है। यही वजह है कि यहूदी समुदाय और पीड़ित परिवारों ने सरकार को खुला पत्र लिखकर यहूदी समुदाय के खिलाफ बढ़ रही नफरत की व्यापक जांच कराने की मांग की है। बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में मशहूर बॉन्डी बीच पर हुए नरसंहार से वहां का यहूदी समुदाय डर गया है और उसमें एक अविश्वास का माहौल है। दरअसल बॉन्डी बीच गोलीबारी में मारे गए लोगों के परिजनों ने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज को एक खुली चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में पीड़ित परिवारों ने बॉन्डी बीच गोलीबारी मामले में सख्त संघीय कार्रवाई की मांग की है और साथ ही ऑस्ट्रेलिया में बढ़ते यहूदी विरोध के पीछे की वजह की जांच करने की भी मांग की है।

तालिबान और पाकिस्तानी उलेमाओं का मेल जोल

काबुल। पाकिस्तान-अफगानिस्तान तनाव के बीच तालिबानी गृहमंत्री ने पाकिस्तानी पार्टी छ्वढ्ढ-स्न की खुलकर तारीफ की है। यह बयान ऐसे वक्त आया है जब मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई और शरणार्थियों की नीति पर सवाल उठाए। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या पाकिस्तानी उलेमा अब शहबाज और मुनीर के खिलाफ हो रहे है?

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अफगानिस्तान के अंतरिम तालिबानी शासन के गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का बड़ा बयान सामने आया है। रविवार को काबुल में एक कार्यक्रम के दौरान हक्कानी ने पाकिस्तान समेत उन सभी संगठनों और नेताओं का आभार जताया, जो अफगानिस्तान के प्रति सकारात्मक सोच और सहयोग का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने खास तौर पर पाकिस्तानी पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल छ्वढ्ढ-स्न और उसके प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान की भूमिका की सराहना की, जिन्होंने दोनों देशों से संवाद और शांति बनाए रखने की अपील की थी। बता दें कि हक्कानी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जेयूएल-एफ के नेता मौलाना फजलुर रहमान ने 23 दिसंबर को पाकिस्तान की ही आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकवादियों पर हमला किया और अफगान शरणार्थियों को देश से निकाल दिया। ऐसे में फजलुर रहमान का ये बयान खूब चर्चा में रहा।

इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि जेयूएल-एफ पार्टी पाकिस्तानी सरकार के गठबंधन दल का हिस्सा है। दूसरी ओर अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हाल के दिनों भीषण तनाव भी देखने को मिला। ऐसे में मौलाना फजलुर रहमान का अफगानिस्तान की तारीफ और पाकिस्तान की आलोचना करना। फिर सोमवार को तालिबानी मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी का रहमान और उनकी पार्टी का सराहना करना, कई बड़े संकेत दे रहे हैं। विषेशज्ञों की माने तो ऐसी अटकलें तेज हो रही है कि फजलुर रहमान शहबाज शरीफ और आसीम मुनीर के खिलाफ जाकर तालिबान का समर्थन कर सकते है।

आगर ऐसा हुआ तो पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान के %सो कॉल्ड% सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर की मुश्किलें सातवें आसमान पर पहुंच गई है। ऐसे में सवाल ये खड़ा हो रहा है कि क्या पाकिस्तानी उलेमाओं ने सरकार के विरोध अपना रुख कर पीएम शहबाज और मुनीर को किसी बड़े गेम का संकेत दिया है?

मौलाना फजलुर रहमान ने कहा था कि जब शरणार्थी लंबे समय तक किसी देश में रहते हैं, तो उन्हें निकालने के बजाय समस्या का हल निकालना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान और अफगानिस्तान से दोस्ताना रिश्ते बनाए रखने की अपील की और कहा कि तनाव किसी देश के हित में नहीं है, बल्कि यह सिर्फ विरोधी ताकतों को फायदा पहुंचाएगा।

इस्लामिक स्टेट आतंकियों संग तुर्किये पुलिस की मुठभेड़

अंकारा। नए साल से पहले तुर्किये की ओर से आईएसआईएस के आतंकियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई 2017 में एक नाइट क्लब में ISIS के हमलों में 39 लोगों की मौत के बाद से लगातार जारी है।

उत्तरी-पश्चिमी तुर्किये में सोमवार को इस्लामिक स्टेट के आतंकियों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। इस हिंसक झड़प में तीन पुलिस अधिकारियों और इस्लामिक स्टेट के छह आतंकियों की मौत हो गई।

तुर्किये के गृह मंत्री ने बताया कि इस झड़प में कम से कम आठ अन्य पुलिसकर्मी और एक अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह गोलीबारी इस्तांबुल के दक्षिण में स्थित यालोवा प्रांत के एल्माली जिले में हुई, जब पुलिस ने उस घर पर छापा मारा जहां आतंकवादी छिपे हुए थे।उन्होंने बताया कि तुर्किये की ओर से आईएसआईएस के आतंकियों के खिलाफ अभियान को मजबूत करने के लिए पड़ोसी

प्रांत बर्सा से विशेष बलों को भेजा गया था। निजी समाचार चैनल एनटीवी की रिपोर्ट के अनुसार जैसे ही झड़प सड़कों तक फैली, इलाके के पांच स्कूल दिनभर के लिए बंद कर दिए गए।

अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर प्राकृतिक गैस और बिजली की आपूर्ति भी काट दी, जबकि नागरिकों और वाहनों को इलाके में प्रवेश करने से रोक दिया गया। पिछले सप्ताह, पुलिस ने एक साथ कई छापे मारे और चरमपंथी समूह के 115 आतंकवादियों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए गए आतंकियों पर क्रिसमस और नए साल के जश्न को निशाना बनाकर हमले करने की योजना बनाने का आरोप था। अधिकारियों ने बताया कि समूह ने विशेष रूप से गैर-मुसलमानों के खिलाफ, उत्सवों के दौरान कार्रवाई का आह्वान किया था।

आईएस ने हाल के वर्षों में तुर्की में कई घातक हमले किए हैं, जिनमें 1 जनवरी, 2017 को नए साल के समारोह के दौरान इस्तांबुल के एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी भी शामिल है, जिसमें 39 लोग मारे गए थे।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु समन्वित प्रयास आवश्यक : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा मां मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता है, जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी एवं ठोस कार्यवाही की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में स्थित सभी अवैध कट शत-प्रतिशत बंद किए जाएं। जिन स्थानों पर अवैध कट की शिकायतें अधिक प्राप्त हो रही हैं, वहां पुलिस विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी संयुक्त रूप से बैठक कर ग्रामीणों को समझाएं कि अवैध कट किसी भी स्थिति में न बनाए जाएं, क्योंकि यह दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं। जिलाधिकारी द्वारा एनएच अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के समीप होल्डिंग एरिया बनाए जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों की पहचान कर त्वरित सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट की सूची उपलब्ध कराई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने एनएच एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को सड़कों के गड्ढों की मरम्मत, संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, सड़क चिन्हांकन एवं सड़क के दोनों ओर पट्टी को सफेद करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की सफाई कराने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूली वाहनों में शासन द्वारा निर्धारित सभी मानकों का सख्ती से अनुपालन कराया जाए तथा किसी भी दशा में अनफिट वाहन संचालित न होने पाए। साथ ही टेम्पो एवं अन्य वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों को बैठाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में बिना हेलमेट, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसके लिए जनजागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के आसपास विशेष सतर्कता बरतने तथा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं, ट्रॉमा सेंटर एवं दुर्घटना के बाद त्वरित चिकित्सकीय सहायता की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं, सड़क पर वाहन न खड़े हो इसके लिए प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। सड़क सुरक्षा से संबंधित विभागों के द्वारा मिलकर कार्य किया जा रहा है जिससे सड़क दुर्घटना में मृत्य दर में कमी आई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनएच और पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़क सुरक्षा से मामलों में पुलिस के तरफ से त्वरित गति से सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटना में जिम्मेदार विभाग की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी जिसके लिए संबंधित विभाग किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। उन्होंने सभी समन्वयक विभागों का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए जाने हेतु निर्देशित किया, इसके साथ ही पुलिस विभाग के द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) अजय अम्बष्ट, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

जौनपुर। सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने बादशाहपुर रेलवे स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों के ठहराव तथा रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर माननीय रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र भेजा है। सपा नगर अध्यक्ष तमजीद अशरफ की मांग पर सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उनके संसदीय क्षेत्र में मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका क्षेत्र एवं सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र है जहां अनेक बड़े उद्योग संचालित हैं। सांसद ने कहा कि बादशाहपुर रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण यात्रियों को जौनपुर, प्रयागराज अथवा वाराणसी जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है जिससे समय धन और असुविधा बढ़ती है। जनहित एवं औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने नीलांचल एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस, अर्चना सुपरफास्ट, मरुधर एक्सप्रेस, हावड़ा-बीकानेर सुपरफास्ट तथा एकात्मता एक्सप्रेस का ठहराव बादशाहपुर स्टेशन पर प्रदान करने की जाए। इसके साथ ही सांसद ने छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस को प्रतापगढ़-रायबरेली मार्ग से संचालित करने तथा 15108 लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस को सायंकालीन समय में चलाए जाने पर भी विचार करने का अनुरोध किया है।

कैंप आयोजित कर महिला-पुरुष नसबंदी के लक्ष्यों की पूर्ति की जाए: जिलाधिकारी

- संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर की नियमित चेकिंग हो: अंजनी कुमार

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिले, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ समय से उपस्थित होकर स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायें, स्वास्थ्य केन्द्रो पर पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध रहें, प्रत्येक सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच की सुविधा रहे, जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रसूता को डिस्चार्ज के समय ही उपलब्ध कराया जाए, प्रसूताओं को सुबह का नाश्ता, दोपहर, शाम का खाना समय से उपलब्ध कराया जाए, सभी को ड्रॉपबैक की सुविधा मुहैया कराई जाए, आशा, संगिनी के मानदेय के भुगतान में किसी भी स्तर पर विलम्ब न हो, स्वास्थ्य केन्द्रों पर कैंप आयोजित कर महिला-पुरुष नसबंदी के लक्ष्यों की पूर्ति की जाए। उन्होंने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के टीकाकरण में जनपद मंडल में पहले स्थान पर है, टीका-उत्सव में भी जनपद में बेहतर कार्य हुआ है, 54936 बच्चों के सापेक्ष अब तक 40 हजार से अधिक बच्चों को टीके लगाए जा चुके। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किशनी के 18 सेंटर, स्वास्थ्य केंद्र कुरावली, घिरोर, करहल के 16-16 सेंटर पर टीकाकरण की प्रगति ठीक नहीं है, संबंधित प्र. चिकित्साधिकारी इस ओर ध्यान देकर प्रगति सुधारें।श्री सिंह ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करने पर पाया कि वार्षिक लक्ष्य 23940 के सापेक्ष अब तक 15638 संस्थागत प्रसव हुए हैं, स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा करने पर पाया कि माह दिसम्बर तक कुचेला स्वास्थ्य केन्द्र पर 2745 के सापेक्ष मात्र 278, बेवर स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा 2986 के सापेक्ष 1064, करहल स्वास्थ्य केन्द्र पर 2389 के सापेक्ष मात्र 1527, कुरावली स्वास्थ्य केन्द्र पर 2325 के सापेक्ष 1713, घिरोर स्वास्थ्य केन्द्र पर 2372 के सापेक्ष 1519 संस्थागत प्रसव हुये हैं, चालू वित्तीय वर्ष में हुये संस्थागत प्रसवों में से 6157 प्रसूताओं को ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराया गया है, जानकारी करने पर बताया कि पोर्टल में खराबी होने के कारण प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं कराया जा रहा है, पोर्टल प्रारंभ होते ही शेष प्रसूताओं को लाभान्वित कराया जायेगा।

सैकड़ों युवाओं ने किया उत्साह से रक्तदान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। अग्रवाल युवा मंडल प्रयागराज द्वारा आयोजित छठा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समाजसेवा, मानवता और युवाशक्ति की सहभागिता का यह प्रेरक आयोजन शहर भर में सराहा गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं वरिष्ठ सदस्यों ने सहभागिता कर रक्तदान किया और आयोजन को उल्लेखनीय सफलता दिलाई। शिविर में अंकित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, जयंती अग्रवाल एवं यश जैन सहित अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि किसी ज़रूरतमंद के जीवन की रक्षा का संकल्प है। कार्यक्रम में श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज प्रयागराज के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इनमें महामंत्री अभिषेक मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, हरीशचंद्र अग्रवाल एवं अनूप अग्रवाल शामिल रहे। अग्रवाल युवा मंडल की ओर से अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एवं महामंत्री वैभव गोयल के साथ अंकित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सीए सचिन अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल एवं तुषार गुप्ता की सक्रिय सहभागिता आयोजन की सफलता का आधार बनी।

चौकी इंचार्ज को सभासद ने दी विदाई, प्रियंका तिवारी ने संभाली कमान

आजमगढ़। एलवल पुलिस चौकी इंचार्ज के स्थानांतरण पर सभासद शेखर चौधरी की अध्यक्षता में उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान सभासद शेखर चौधरी ने एलवल प्रभारी रहे सूरज चौधरी को माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और कहाकि उन्हें उनकी श्रेष्ठ सेवा के लिए एलवल वासी सदैव याद रखेंगे। ऐसे लोग जहां भी अपनी सेवा देंगे जनता को समर्पित रहेंगे और अच्छे पुलिसिंग के लिए उन्हें याद रखा जाएगा। एलवल में आयोजित विदाई के दौरान सूरज चौधरी ने कहाकि पुलिस की सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है, जिसके तहत मुझे गंभीरपुर में तैनाती मिली है। वहां पर भी जनता से सामंजस्य बनाकर अपने कर्तव्यों का पालन करता रहूंगा। इस दौरान सभासद शेखर चौधरी ने नवागत एलवल पुलिस चौकी इंचार्ज प्रियंका तिवारी को भी बुके देकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमोद चौधरी, दीनानाथ पाण्डेय, संतोष, दीवान रामकिशुन यादव, पिंटू यादव आदि मौजूद रहे।

कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही मिलती है सफलता : योगेश्वर दत्त

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के एकलव्य स्टेडियम में सोमवार को खेल जगत के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी क्षण देखने को मिला, जब लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता एवं देश के गौरव ओलंपियन श्री योगेश्वर दत्त का आगमन हुआ। उनके आगमन से विश्वविद्यालय परिसर का खेल वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर उठा।

एकलव्य स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में ओलंपियन योगेश्वर दत्त ने कहा कि सफलता का एकमात्र मार्ग कठिन परिश्रम, अनुशासन और ईमानदारी है। उन्होंने खिलाड़ियों से माता-पिता एवं कोच का सम्मान करने का आह्वान करते हुए कहा कि जो खिलाड़ी संस्कारों और समर्पण के साथ आगे बढ़ता है, वही जीवन के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचता है। उनके विचारों ने उपस्थित खिलाड़ियों के मन में आत्मविश्वास, संकल्प और नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर योगेश्वर दत्त का भव्य एवं आत्मीय स्वागत विश्वविद्यालय के खेल सचिव प्रो. शेखर सिंह, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. राजेश सिंह (जिला मंत्री, क्रीड़ा भारती), बाबा मौर्य (जिला अध्यक्ष, क्रीडा भारती), डॉ. रामधारी, पूर्व कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव,अलका सिंह, अशोक सोनकर, योग प्रशिक्षक जय सिंह, भानु प्रताप शर्मा, सत्येंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, परशुराम, संत राज, सिकंदर एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही महिला क्रिकेट टीम, महिला योग टीम तथा कुश्ती के कई दर्जन खिलाड़ियों उपस्थिति रही। खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने ओलंपियन श्री दत्त को बुके, माल्यार्पण, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

चुनावी रंजिश में हुई थी फूलचन्द की हत्या

जौनपुर (अवधनामा संवाददाता) खुटहन थाना क्षेत्र के पनौली चौराहे पर मौजूद जनसेवा केंद्र व फिनो बैंक के संचालक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बीते कुछ दिनों पहले बैंक संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लतपथ लाश मिलने के बाद से ही पुलिस जांच में जुटी थी। पुलिस जानकारी के अनुसार बैंक संचालक फूलचन्द पासवान की चुनावी रंजिश लेकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने शुरुआत में सिर में गंभीर चोट लगने से मौत होने का कारण बताया था। इस मामले में आरोपियों की कई दिनों से गिरफ्तारी न होने के कारण मृतक के परिजनों ने प्रदर्शन भी किया था। फिल्हाल इस हत्या के मामले में खुटहन क्षेत्र की पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले राजेश यादव और अंकित गुप्ता को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयोग ईट और मृतक का मोबाइल, दुकान की चाबी व बाइक बरामद कर लिया है।

घिरोर में खादी ग्रामोद्योग का जागरूकता शिविर आयोजित

मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता) उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.) योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खण्ड घिरोर के ग्राम अहमदपुर में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव द्वारा उपस्थित लोगों से स्वयं का रोजगार जैसे घानी तेल, आटा चक्की, सटरिंग, टेन्ट, ब्यूटी पार्लर, दुग्ध उत्पाद आदि सेवा क्षेत्र एवं विनिर्माण क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों को स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया एवं उद्योग स्थापना में बैंको के माध्यम से वित्तीय सहायता हेतु विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में आवेदन करने हेतु कहा, प्रजापति, कुम्भकार समाज के लोगों को अपना उद्योग स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में आवेदन करने एवं निःशुल्क विद्युत चालित चाक प्राप्त करने हेतु जानकारी दी गयी। जागरूकता शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में अग्रणी जिला प्रबन्धक रामचन्द्र साहा, निदेशक आरसेटी सुरेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान अंकित शाक्य, वरिष्ठ सहायक अवनीश कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न, पत्रकारिता के मूल्यों पर हुआ मंथन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। ठेकमा ब्लॉक स्थित मीटिंग हॉल में आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्रकारिता के दायित्व, निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा एवं समाज के प्रति पत्रकारों की भूमिका को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने बदलते दौर में पत्रकारिता की चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए आचार संहिता के पालन पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे सरस संजय पांडेय ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है, जिसकी लेखनी से ही सच सामने आता है। श्री पांडे ने कहा कि आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन देशभर के पत्रकारों की आवाज है संगठन पत्रकारों के मान सम्मान स्वाभिमान की लड़ाई लड़ना हमारी पहली प्राथमिकता है इस कार्य में सभी पत्रकार बंधुओं आगे आने का आह्वान किया बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष विशाल सिंह ने संगठन को मजबूत करने और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालमन यादव ने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता ही लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है। विशिष्ट अतिथि संगठन के जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर राम सुंदर ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है जिला उपाध्यक्ष सराफ राज पठान ने युवा पत्रकारों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने की बात कही। बैठक में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। अंत में संगठन की एकजुटता बनाए रखने और पत्रकारिता के उच्च मानकों को अपनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर उपस्थित वरिष्ठ उपाध्याय सूरज सिंह जुगनू गौतम। तहसील अध्यक्ष मेहनगर अजय आनंद चौधरी, खुददूस अंसारी, मुकेश गुप्ता, खुशबू, मुस्कान, अब्दुल्ला आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे अंत में संगठन के सभी उपस्थित पदाधिकारी ने राष्ट्रीय महासचिव संजय पांडे सरस् का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

आयुष्मान की गेंदबाजी से साई क्रिकेट क्लब को मिली जीत

प्रयागराज। साई क्रिकेट क्लब ने क्रिसमस कप अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में पीएमएस क्रिकेट क्लब को नौ विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में आयुष्मान प्रजापति की सटीक गेंदबाजी (0.5 - 0 - 3 - 3) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं।



सोमवार को फोर्ड स्कूल मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पीएमएस क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 10.5 ओवर में महज 51 रन (ऋषभ सरोज 14, फैयाज़ अली 12 रन, आयुष्मान प्रजापति 3/03, राघव 2/06, आशुतोष 2/07, जीनिठ कुमार 2/10) पर बिखर गई। जवाब में साई क्रिकेट क्लब की टीम ने 7.1 ओवर में एक विकेट पर 53 रन (राघव 14 नाबाद, अर्पित 10 रन, मयंक सिंह 1/10) पर बना लिए।

पार्षदों ने गृहकर में नागरिकों को राहत हेतु ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज परिसर में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी कार्यालय में गृहकर में नगर निगम के सदन के निर्णय के अनुसार नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम द्वारा जिन भवनों पर पीछे से वित्तीय वर्ष 2022 से गृहकर ब्याज सहित बढ़ा दिया गया है, उन भवनों को राहत प्रदान करने के लिए नगर निगम सदन में निर्णय लिया गया था कि 2022 के जगह पर 2023 से गृहकर लेने और 2022 से लगाए गए ब्याज को न लेने का निर्णय हुआ था। किन्तु आज तक सदन के निर्णय का अनुपालन नहीं हुआ। उन्होंने अनुपालन शीघ्र कराने की मांग किया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी के मिश्रा ने बताया कि नये साफ्टवेयर में फीड करने के लिए भेजा गया था किन्तु उसने यह कहकर लौटा दिया कि यह नया काम है, इस काम का अलग से पैसा चाहिए। उनके डिमांड पर हमने लिखा है कि यह नया काम नहीं, यह पुराने काम का ही पार्ट है आपको करना होगा। आज मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने शीघ्र ही उपरोक्त सम्बन्ध में गृहकर में नागरिकों को सदन के निर्णय के अनुसार राहत प्रदान करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह, वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्डियाल, वरिष्ठ पार्षद अजय यादव, कुसुम लता गुप्ता, पूर्व पार्षद रोचक दरबारी आदि उपस्थित थे।

निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया

आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता) शहर के डीएवी डिग्री कॉलेज में रोटरी क्लब के तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें क्लब अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल व सचिव रवि शंकर प्रजापति के नेतृत्व में आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी से आए हुए नेत्र विशेषज्ञ ऋषभ उपाध्याय ने कुल 130 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इस कैंप में मोतियाबिंद, कार्निया, स्क्विंट, रेटीना, नासूर की बीमारी से जूझ रहे मरीज ज्यादातर देखने को मिले। रोटरी अध्यक्ष श्रेय ने बताया कि जरूरतमंद नेत्र मरीजों के सहयोग के संकल्प के क्रम में यह शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ऑपरेशन के लिए कुल 26 मरीज चयनित किए गए। जिन्हें तुरंत उपचार के लिए निजी वाहन से वाराणसी ले जाया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

पति-पत्नी का झगड़े से बनता है कोपभवन : प्रपन्नाचार्य

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। पति-पत्नी में घर झगड़ा होता है तो कोपभवन अपने आप बन जाता है। बनाने की जरूरत नहीं होती है। जब महिला अपने बाल खोल कर और बिना मांग भरे रहती है, घर में अशांति रहती है। किसी बात को लेकर यदि घर में विवाद हो जाय तो पति-पत्नी में बोल चाल बंद नहीं करना चाहिए। यदि बोलचाल बन्द होने पर पड़ोसी मंथरा बन कर बहुत नुक्सान कर सकती है। यह बात सोमवार को आठवें दिन श्रीराम कथा में प्रपन्नाचार्य ने कही। उन्होंने कालिंदी पुरम में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही कथा में कैकई मंथरा प्रसंग को बहुत अच्छे ढंग से रखा। उन्होंने कहा कि कोपभवन में कैकेई ने दशरथ से भरत को राजगद्दी देने का वरदान मांगा और राम को 14 साल का बनबास मांगा, वंश को बचाने के लिए दशरथ ने कैकेई का चरण पकड़ लिए, तब भी वह उनकी बात नहीं मानी। मंगलवार को नवें दिन श्रीराम कथा के समापन पर भंडारा आयोजित किया गया है जो शाम 5 बजे से शुरू होगा। कथा में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन चन्द्र दीक्षित, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एस पी सिंह, श्रीनाथ द्विवेदी, रितेश सिंह, आत्मदेव मिश्रा, अमरजीत सिंह मुन्ना, बैजंत मिश्रा, सत्येन्द्र तिवारी, अंकित गौड़, संतोष पाण्डेय, संजय चौरसिया, मनोज कुमार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, घनश्याम, नवनीत श्रीवास्तव, पवन, सीपी मिश्र निर्भय श्रीवास्तव, घनश्याम सिंह, सुशील पांडेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

डिस्ट्रिक्ट टेनिस बॉल क्रिकेट का अग्रसेन इंटर कॉलेज में आयोजन

प्रयागराज। डिस्ट्रिक्ट टेनिस बॉल क्रिकेट का अग्रसेन इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन। डिस्ट्रिक्ट टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन प्रयागराज द्वारा आयोजित 9वीं इंटर स्कूल डिस्ट्रिक्ट टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 में महर्षि विद्या मंदिर कालिंदीपुरम ने अंडर-14 श्रेणी में विद्या वाहिनी स्कूल, को पराजित कर लगातार चौथी बार ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं गर्ल्स की टीम ने भी विजेता बनने का गर्व प्राप्त किया। अंडर-17 श्रेणी में स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल ने महर्षि विद्या मंदिर की टीम को पराजित कर विजेता बनने का गर्व प्राप्त किया।

जिला अपराध निरोधक समिति मेला पुलिस के साथ समन्वय बनाकर करेगी कार्य

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पाण्डेय आईपीएस के दिशा-निर्देशों पर आज रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के तीर्थराज सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक, नोडल पुलिस अधिकारी माघ मेला विजय आनंद की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी परेड जगदीश कालीरमन की उपस्थिति में जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यों की गोष्ठी आयोजित की गई। सर्वप्रथम संस्था के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव व उनकी टीम ने विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी माघ मेला-2026 को सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस व प्रशासन के साथ सामंजस्य व समन्वय बनाकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। संस्था के लगभग 1000 सदस्य पुलिस बल के साथ मिलकर माघ मेला के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करेंगे। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा संस्था के सदस्यों द्वारा पूर्व में किए गए सराहनीय कार्य हेतु आभार व्यक्त करते हुए बताया गया कि हम लोगों का मूल उद्देश्य मुख्यतः सुगम आवागमन, सुरक्षित प्रवास व सुरक्षित स्नान संपन्न करना होता है। सके उपरांत मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी परेड द्वारा बताया गया कि तीर्थराज प्रयाग में आयोजित होने वाले माघ मेला-2026 को सकुशल व निर्विघ्न संपन्न कराए जाने में पुलिस व प्रशासन के साथ अन्य सामाजिक संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम का संचालन संगठन प्रभारी सतीश चंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव, विधिक सलाहकार लक्ष्मीकांत मिश्र, अजीत कुमार सिंह, राजेश कुमार, बीके श्रीवास्तव, रामबाबू सिंह, संदीप, सोनी, भावना त्रिपाठी, आर ए फारुकी, मनीष कुमार विश्वकर्मा, शकील अहमद खान, अर्जुन सिंह, संजय उपाध्याय, राजेश निषाद, राकेश शर्मा, अभिषेक वर्मा, यासीन अहमद, दानिश, मंजू रानी पांडे, सुधा गौड़ सहित सैकड़ो की संख्या में अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव सतीश चंद्र मिश्र के द्वारा किया गया।

बॉलीवुड गानों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का किया खूब मनोरंजन

आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता) राजकीय पॉलिटेक्निक आजमगढ़ मे आयोजित हो रहे आजमगढ़ महोत्सव 2025 के चौथे दिन आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आजमगढ़ महोत्सव के अंतर्गत चौथे दिन सायंकाल बॉलीवुड नाईट के अंतर्गत जतिन निगम (इंडियन आइडल फेम), आयुषी पाण्डेय, श्री उमंग द्वारा बॉलीवुड गानों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया गया, जिससे सभी दर्शक झूम उठे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक गायन/एकल गायन, लोकनृत्य/एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय को पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जतिन निगम (इंडियन आइडल फेम) को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम मे मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सती गंभीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री मधुबन कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी श्री अनुराग श्रीवास्तव, एसडीएम श्री संत रंजन, डीईएसटीओ, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी श्री नवीन कुमार सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने आंध्र प्रदेश में भविष्य की तकनीकी स्किलिंग को दी रफ्तार

विशाखापट्टनम के विज्ञान और डीआईईटी कॉलेज के 750 छात्रों को एआई, कोडिंग और प्रोग्रामिंग में मिला प्रमाण-पत्र

गुरुग्राम। भारत के अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) कार्यक्रम के तहत आंध्र प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में दक्ष बनाने की अपनी मुहिम को और मजबूती दी है। विशाखापट्टनम के विज्ञान इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और डीआईईटी कॉलेज में आयोजित बैक-टू-बैक सम्मान समारोहों में कुल 750 छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

इस वर्ष विशाखापट्टनम के इन दो केंद्रों से कुल 750 छात्र इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित होकर निकले हैं–जिनमें विज्ञान कॉलेज के 500 और डीआईईटी कॉलेज के 250 छात्र शामिल हैं। यह उपलब्धि भारत के युवाओं को तकनीक-आधारित भविष्य के लिए तैयार करने के सैमसंग के मिशन की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

विशाखापट्टनम स्थित विज्ञान इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (विज्ञान कॉलेज) में 12 दिसंबर 2025 को एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी. रवि किरण (एसीपी - साइबर क्राइम सीआईडी) और डॉ. सुधाकर ज्योतुला (प्रिंसिपल, विज्ञान कॉलेज) के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप) श्री सरोज आपाटो उपस्थित रहे। विज्ञान कॉलेज में साल भर का प्रशिक्षण पूरा करने वाले 500 छात्रों को सम्मानित किया गया, जिनमें से 250 छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 250 ने कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में महारत हासिल की। शिक्षकों, अतिथियों और एसआईसी पार्टनर्स की मौजूदगी में छात्रों को प्रमाण-पत्र दिए गए। उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह पाठ्यक्रम उभरते तकनीकी क्षेत्रों में छात्रों की एम्प्लॉयबिलिटी (रोजगार क्षमता) बढ़ाने में सहायक होगा।

उसी दिन विशाखापट्टनम स्थित डीआईईटी कॉलेज में भी एक अन्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन श्री दादी रत्नाकर गारू और प्राचार्य डॉ. रुगड़ा वैकुंठ राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ ईएसएससीआई के वाइस प्रेसिडेंट (स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप्स) श्री सरोज आपाटो ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डीआईईटी कॉलेज में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 250 छात्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और इस बात पर बल दिया कि आंध्र प्रदेश में स्थानीय रोजगार, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक डिजिटल कौशल की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

सैमसंग इनोवेशन कैंपस युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (ढ्ढशञ्ज), बिग डेटा और कोडिंग-प्रोग्रामिंग जैसे क्षेत्रों में निपुण बनाकर भारत के डिजिटल स्किलिंग इकोसिस्टम को मजबूती दे रहा है। स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया मिशन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाते हुए, इस कार्यक्रम का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। साल 2025 में इसके तहत 10 राज्यों के 20,000 छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा–जो पिछले वर्ष के 3,500 छात्रों की तुलना में लगभग छह गुना अधिक है। यह पहल सामाजिक समावेशन पर भी केंद्रित है, जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर 42त्न महिला प्रतिभागी हैं। यह उच्च-गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा तक सभी की समान पहुंच सुनिश्चित करने की सैमसंग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सैमसंग, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया और टेलीकॉम सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया के मान्यता प्राप्त पार्टनर्स के साथ मिलकर तकनीकी प्रशिक्षण, सॉफ्ट-स्किल्स और प्लेसमेंट की तैयारी में मदद कर रहा है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पिछड़े, अर्ध-शहरी और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्र भारत के डिजिटल परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

तकनीक के माध्यम से भारतीय वर्कफोर्स का सशक्तिकरण

सैमसंग इनोवेशन कैंपस, सॉल्व फॉर टुमॉरो और दोस्त (डिजिटल एंड ऑफलाइन स्किल्स ट्रेनिंग) जैसी पहलों के माध्यम से सैमसंग युवा भारतीयों के लिए रोजगार, नवाचार और उद्यमिता के नए रास्ते खोल रहा है। ये कार्यक्रम भविष्य के लिए तैयार ऐसी डिजिटल प्रतिभा तैयार करने की कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

मुंह में लौंग, सुपारी दबाकर सोने की आदत बन सकती है जानलेवा

■ अपोलो हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने जटिल प्रक्रिया द्वारा निकाली फेफड़ो में फँसी सुपारी, बचाई मरीज़ की जान

■ सांस की नली से फेफड़ों तक पहुंची सुपाड़ी

■ निमोनिया हुआ तो पकड़ में आई असली समस्या

लखनऊ। मुंह में सुपारी, लौंग या कोई और चीज रखकर सो जाना कई लोगों की आदत होती है लेकिन यह आदत बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। नींद के दौरान कई बार इस तरह की चीजें सांस की नली के रास्ते फेफड़ों में पहुंच सकती हैं और लंबे समय तक बार-बार होने वाले संक्रमण का कारण बन सकती हैं।

हाल ही में अपोलो हॉस्पिटल में कुछ ऐसा ही केस देखने को मिल जहां करीब 70 साल की एक बुजुर्ग महिला को बार-बार छाती में संक्रमण और निमोनिया की शिकायत के साथ अस्पताल में आई। हालत ज्यादा खराब होने की वजह से उसे आई सी यू में भर्ती कराना पड़ा। इस दौरान एक्स-रे और सीटी स्कैन की जांच में उनके फेफड़ों में निमोनिया पाया गया। मरीज को पहले से हृदय संबंधी समस्या, हाई ब्लड प्रेशर था और वह ब्लड थिनर (खून पतला करने की दवाएं) भी ले रही थीं। बीमारी के कारण को समझने के लिए डॉक्टरों ने ब्रोंकोस्कोपी करने का निर्णय लिया। अपोलो हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ शुभम अग्रवाल ने बताया कि ब्रोंकोस्कोपी के दौरान यह देखा गया कि जिस हिस्से में निमोनिया था, वहां फेफड़े के अंदर कोई वस्तु फंसी हुई है। डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि उस वस्तु को निकालना बेहद जरूरी है और इसके लिए जनरल एनेस्थीसिया और वेंटिलेटर की जरूरत पड़ेगी। प्रक्रिया लंबी होने के कारण परिवार पहले घबरा गया लेकिन बातचीत और समझाने के बाद उन्होंने सहमति दी।

इसके बाद मरीज को पूरी तरह बेहोश कर फेफड़ों के अंदर कैमरे और विशेष उपकरण की मदद से वह वस्तु बाहर निकाली गई। प्रक्रिया के दौरान हल्की ब्लीडिंग हुई, जिसे दवाओं से नियंत्रित कर लिया गया। जब वह वस्तु बाहर निकाली गई, तो वह सुपारी का एक टुकड़ा था। परिवार ने बताया कि मरीज को सुपारी चबाने की आदत थी और वह कई बार रात में भी मुंह में सुपारी रखकर सो जाती थीं। यही सुपारी का टुकड़ा उनके फेफड़ों में फंसा हुआ था और उसी की वजह से उन्हें लंबे समय से बार-बार संक्रमण हो रहा था।

सेफएक्सप्रेस ने लखनऊ में अल्ट्रा-मॉडर्न लॉजिस्टिक्स पार्क लॉन्च किया

कानपुर। भारत की अग्रणी सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स कंपनी सेफएक्सप्रेस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में अपने अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क का शुभारम्भ किया। कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रणनीतिक रूप से स्थित यह सुविधा क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लॉन्च समारोह में सेफएक्सप्रेस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। करीब 2 लाख वर्ग फुट में फैला यह लखनऊ लॉजिस्टिक्स पार्क उन्नत ट्रांसशिपमेंट और थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) क्षमताओं से सुसज्जित है। इसे क्षेत्र में व्यवसायों की बढ़ती वेयरहाउसिंग और वितरण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिससे तेज़ और अधिक कुशल सप्लाई चेन कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके। क्रॉस-डॉक व्यवस्था के तहत यहां एक साथ 70 से अधिक वाहनों की लोडिंग और अनलोडिंग संभव है। इस सुविधा में 105 फीट से अधिक का कॉलम-फ्री स्पैन है, जो माल की सुगम आवाजाही में सहायक है। वहीं 16 फीट चौड़े कैंटिलीवर शेड हर मौसम में लोडिंग और अनलोडिंग की सुविधा प्रदान करते हैं। लखनऊ का औद्योगिक परिदृश्य पारंपरिक और आधुनिक उद्योगों का अनूठा संगम है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एक्सटेंडेड एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम पेश किया

लखनऊ। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों पर एश्योर्ड बाय बैक प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की, ताकि ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना और अधिक आसान व सुगम हो सके। इस घोषणा के बाद जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया देश का पहला कार ब्रांड बन गया है, जो अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मौजूदा 3 साल से 5 साल तक की अवधि के लिए एश्योर्ड बायबैक प्रदान कर रहा है। इस प्रोगाम द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन के खरीदारों को निर्धारित अवधि के बाद अपने वाहन के लिए फिक्स्ड रिसेल वैल्यू मिल सकेगी। इस इनोवेटिव बायबैक प्रोग्राम के बारे में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, अनुराग महरोत्रा ने बताया कि ''एमजी ने एक ग्राहक केंद्रित ब्रांड के रूप में बी-ए-ए-एस (बैटरी एज़ ए सर्विस) और ई.वी बैटरी पर लाईफ टाईम वॉरंटी जैसे प्रोग्राम पेश किए हैं, ताकि ई.वी का स्वामित्व मोबिलिटी का बेहतरीन अनुभव प्रदान करे। ई.वी के खरीददार रिसेल वैल्यू को बहुत ज्यादा महत्व देते हैं। लॉकटन इंडिया

इंश्योरेंस ब्रोकिंग एंड एडवाईज़री लिमिटेड द्वारा जुनो जनरल इंश्योरेंस के साथ साझेदारी में पेश किए जा रहे हमारे एमजी वैल्यू प्रॉमिज़ प्रोग्राम (एश्योर्ड बायबैक) के माध्यम से हम एमजी के मालिकों को 3 से 5 साल की अवधि के लिए एश्योर्ड रिसेल वैल्यू प्रदान कर रहे हैं, ताकि ग्राहक पूरे सुकून के साथ एमजी इलेक्ट्रिक वाहन खरीद सकें। हमारा मानना है कि यह अभियान से भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार करने में मुख्य भूमिका निभाएगा तथा इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों की एक मुख्य चिंता दूर होगी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में उनका विश्वास बढ़ेगा।''

शनाय घोष, एमडी एवं सीईओ, जुनो जनरल इंश्योरेंस ने कहा, ''एक डिजिटल बीमाकर्ता के रूप में इस साझेदारी से एक मजबूत एवं भविष्य के लिए तैयार ई.वी इंश्योरेंस पोर्टफोलियो का निर्माण करने का हमारा लक्ष्य मजबूत होगा। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भारत में परिवहन के तरीके में परिवर्तन लेकर आ रही है। हम इस परिवर्तन में अपना योगदान देने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमारे समाधान आसान, मित्रवत और पारदर्शी होने के जुनो के वायदे के अनुरूप हैं। जेएसडब्ल्यू मोटर इंडिया के साथ हमारा सहयोग ई.वी मोबिलिटी को ग्राहकों के लिए सरल व सुरक्षित बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'' इस प्रोग्राम के लिए बीमा पार्टनर, जुनो जनरल इंश्योरेंस नए युग का बीमाकर्ता है, जो ई.वी के दीर्घकालिक स्वामित्व को आसान बनाने के लिए डिजिटल-फर्स्ट सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साझेदारी के बारे में डॉ. संदीप डाडिया, सीईओ एवं कंट्री हेड, लॉकटन इंडिया ने कहा, ''ई.वी का एडॉप्शन बढ़ रहा है। ग्राहक ई.वी के दीर्घकालिक स्वामित्व के बारे में स्पष्टता और आत्मविश्वास तलाश रहे हैं। एमजी के ईवी अपनी टू-टू-रेंज पेशकशों के लिए मशहूर हैं, जिनकी रिसेल वैल्यू भी सबसे अधिक मिलती है। अब एमजी के एक्सटेंडेड बायबैक प्रोग्राम में शामिल होकर हम ऐसा समाधान पेश कर रहे हैं, जिससे ग्राहकों को सरल व पारदर्शी तरीके से अनुमानित मूल्य प्राप्त हो सके। इस तरह के अभियान ग्राहकों को ई.वी स्वामित्व के सफर में ज्यादा निश्चितता प्रदान करेंगे, जिससे भारत में तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के परिवेश में विश्वास मजबूत होगा।''

हर्षवर्धन और सोनम बाजवा ने एक दीवाने की दीवानियत के जश्न में मुंबई को रोमांटिक रंगों से सजाया

नई दिल्ली। 26 दिसंबर को ज़ी5 पर एक दीवाने की दीवानियत के डिजिटल प्रीमियर के बाद, प्लेटफॉर्म ने मुंबई के दो प्रतिष्ठित स्थानों– बांद्रा बैंडस्टैंड और कार्टर रोड पर एक शानदार और दृश्यात्मक रूप से आकर्षक एक्टिवेशन के साथ फिल्म का जश्न मनाया। इस अनुभव की शुरुआत बांद्रा बैंडस्टैंड से हुई, जहाँ फिल्म के मुख्य कलाकार हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की मौजूदगी में फिल्म से प्रेरित एक विशेष रूप से तैयार की गई ऑगमेंटेड रियलिटी (AR) वॉल का अनावरण किया गया। QR कोड स्कैन करके मीडिया और दर्शकों ने नई रिलीज़ हुई फिल्म से जुड़े विशेष कंटेंट और जानकारी को देखा। इंस्टॉलेशन से आगे बढ़ते हुए, कलाकार मीडिया के सदस्यों के साथ ज़ी5 ब्रांडेड बस में सवार हुए, जो बांद्रा बैंडस्टैंड से कार्टर रोड तक गई। यह बस शहर में चलते हुए एक आकर्षक दृश्य बन गई, जिससे फिल्म की मौजूदगी स्थिर जगहों से बाहर निकलकर पूरे शहर में दिखाई दी और प्रीमियर के बाद के जश्न में एक गतिशील रंग जुड़ गया। यह अनुभव कार्टर रोड पर खत्म हुआ, जहाँ गुलाबों से सजी एक आकर्षक दीवार और फिल्म के संगीत ने मिलकर यादगार फोटो सेशन का माहौल बनाया। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा ने इस रोमांटिक पृष्ठभूमि के सामने पोज़ दिए, जिससे एक दीवाने की दीवानियत की भावना सजीव हो उठी और दर्शकों के लिए फिल्म की दुनिया पर्दे से बाहर भी जीवंत हो गई। हर्षवर्धन राणे ने कहा, एक दीवाने की दीवानियत गहन भावनाओं से प्रेरित एक कहानी है, और उस जज़्बे को इस तरह के जीवंत और सहभागिता वाले अनुभव में साकार होते देखना वाकई बेहद खास था। दर्शकों ने जिस तरह AR इंस्टॉलेशन के साथ जुड़कर फिल्म की दुनिया से रिश्ता बनाया, वह अनुभव मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा।

डीएसी ने सेना के आधुनिकीकरण के लिए 79,000 करोड़ के प्रस्तावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने लगभग 79,000 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रस्तावों के लिए आवश्यकता स्वीकृति (एओएन) प्रदान की है। भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट के लिए लॉइटर मुनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (एमआरएलएस) के लिए लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट गोला बारूद और इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-II की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दी गई है। भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमताओं और युद्धक प्रभावशीलता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एक बड़ा रणनीतिक निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सोमवार को लगभग 79,000 करोड़ के रक्षा खरीद प्रस्तावों के लिए आवश्यकता स्वीकृति प्रदान की। यह मंजूरी मुख्य रूप से भविष्य के युद्धक्षेत्र की जरूरतों, जैसे ड्रोन तकनीक, सटीक मारक क्षमता और उन्नत रडार प्रणालियों पर केंद्रित है।

थल सेना के लिए स्वीकृत प्रस्तावों में आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है, जो सामरिक युद्ध क्षेत्र में भारत की बढ़त सुनिश्चित करेंगे। लोइटर मुनिशन सिस्टमः सामरिक लक्ष्यों पर सटीक और घातक हमले करने के लिए इन प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी गई है-

ये रडार छोटे आकार के और कम ऊंचाई पर उड़ने वाले मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने और उन पर नज़र रखने में सक्षम होंगे।

पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट गोला-बारूद को मंजूरी मिली है, जिससे उच्च मूल्य वाले लक्ष्यों को अधिक सटीकता से निशाना बनाया जा सकेगा।

एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम एमके-II (Mk-II) भारतीय सेना की महत्वपूर्ण संपत्तियों की रक्षा करेगा।

समुद्री जागरूकता और सुरक्षित संचार

नौसेना की क्षमताओं को आधुनिक बनाने के लिए निम्नलिखित प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है-

ये टग्स बंदरगाहों और संकरे जलक्षेत्र में जहाजों और पनडुब्बियों की पैंतरेबाजी और लंगर डालने में सहायक होंगे।

हाई फ्रीक्वेंसी एसडीआर मैनपैक के शामिल होने से बोर्डिंग और लैंडिंग ऑपरेशंस के दौरान लंबी दूरी का सुरक्षित संचार सुनिश्चित होगा।

हिंद महासागर क्षेत्र में निरंतर निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को पट्टे पर लिया जाएगा।

वायुसेनाः एयरोस्पेस सुरक्षा और लंबी दूरी की मारक क्षमता

भारतीय वायु सेना के बेड़े को और अधिक घातक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण हथियारों और प्रणालियों की घोषणा की गई है। ये हैं- एस्ट्रा एमके-हवा से हवा में मार करने वाली इस उन्नत मिसाइल से लड़ाकू विमानों की दुश्मन को लंबी दूरी से नष्ट करने की क्षमता बढ़ेगी।

यह किट भारतीय वायुसेना की लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता को और मजबूत करेगी।

एलसीएतेजस के लिए सिमुलेटर पायलटों के प्रशिक्षण को अधिक किफायती, सुरक्षित और प्रभावी बनाएंगे।

वोल्टास और वोल्टास बेको के शानदार फेस्टिव ऑफर्स

मुंबई। इस फेस्टिव सीजन में भारत के पसंदीदा एयर-कंडीशनिंग ब्रांड, वोल्टास लिमिटेड ने अपने होम अप्लायंसेज़ जॉइंट वेंचर वोल्टास बेको के साथ मिलकर ग्राहकों के लिए धमाकेदार ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स को इस तरह तैयार किया गया है कि लग्जरी लाइफस्टाइल अब हर किसी की पहुंच में हो। साल के अंत के इन जश्न में ग्राहक एयर कंडीशनर से लेकर तमाम होम अप्लायंसेज़ पर आसान ईएमआई, फ्लेक्सिबल पेमेंट प्लान (लचीली भुगतान योजनाएं)और जबरदस्त कैशबैक का लाभ उठाकर अपने घर को आसानी से अपग्रेड कर सकते हैं।

इस कैंपेन के जरिए वोल्टास और वोल्टास बेको का मकसद देश के हर घर तक स्मार्ट कम्फर्ट पहुँचाना है। ग्राहक मॉडर्न टेक्नोलॉजी और शानदार परफॉर्मेंस वाले एनर्जी-एफिशिएंट एसी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव और डिशवॉशर की बड़ी रेंज में से अपना मनपसंद प्रोडक्ट चुन सकते हैं।

ग्राहक सिर्फ 1,088 रूपये से शुरू होने वाली फिक्स्ड ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी में चुनिंदा मॉडलों पर 'ट्रिपल ज़ीरो स्कीम' भी उपलब्ध है, जिसमें न तो ब्याज, न प्रोसेसिंग फीस और न ही डाउन पेमेंट देनी होगी।

फेस्टिव ऑफर्स में ज़ीरो डाउन पेमेंट और लो डाउन पेमेंट प्लान, प्रमुख फाइनेंसर्स के साथ 18 महीने तक की लंबी अवधि की स्कीमें और अतिरिक्त कैशबैक लाभ भी शामिल हैं। वोल्टास एयर कंडीशनर की खरीद पर ग्राहकों को 6,000 रूपये तक का कैशबैक मिलेगा, जबकि वोल्टास बेको अप्लायंसेज़ पर 8,000 रूपये तक का कैशबैक उपलब्ध है। यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन भी दिए जा रहे हैं, जिससे खरीदारी और भी आसान व फायदेमंद हो जाती है। ये ऑफ़र इस तरह तैयार किए गए हैं कि उपभोक्ताओं को अधिकतम मूल्य मिल सके, जिससे वे किफ़ायती दामों पर प्रीमियम उत्पादों का आनंद ले सकें।

रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद चांदी में भारी गिरावट

नई दिल्ली। भारतीय कमोडिटी बाजार में सोमवार को भारी उथल-पुथल देखने को मिली। पिछले कुछ सत्रों से जारी रिकॉर्ड तोड़ तेजी पर ब्रेक लगाते हुए निवेशकों ने जमकर मुनाफावसूली की। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी की कीमतें अपने अब तक के उच्चतम स्तर से करीब 3 प्रतिशत तक टूट गईं, वहीं सोने ने भी अपनी चार दिनों की तेजी का सिलसिला समाप्त कर दिया।

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन चांदी के वायदा कारोबार में जबरदस्त अस्थिरता रही। शुरुआती कारोबार में चांदी ने 2,54,174 रुपये प्रति किलोग्राम का नया लाइफटाइम हाई छुआ, लेकिन इस स्तर पर टिकने में नाकाम रही। ऊंचे स्तरों पर निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली किए जाने से कीमतें तेजी से नीचे आईं। एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव 7,124 रुपये यानी 2.97 प्रतिशत गिरकर 2,32,663 रुपये प्रति किलोग्राम के निचले स्तर पर आ गया।

केएल डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी के 15वे दीक्षांत समारोह में 5,000 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान कीं

केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने 15वे दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह समारोह वर्ष 2025 के 5,000 से अधिक स्नातक विद्यार्थियों के शैक्षणिक सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। विश्वविद्यालय के वड्डेस्वरम परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, विविधता और व्यापक उच्च शिक्षा प्रणाली की झलक देखने को मिली।इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. विनोद के. सिंह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (भारत) रहे, जिन्होंने दीक्षांत संबोधन दिया। वहीं डॉ. श्रीपद बनवल्ली, समन्वयक, टाटा मेमोरियल सेंटर - रूरल आउटरीच प्रोग्राम, ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई।इस दीक्षांत समारोह में कुल 184 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई, वहीं 700 से अधिक स्नातकोत्तर और 4,500 से ज्यादा स्नातक विद्यार्थियों को उनकी

डिग्रियाँ सौंपी गईं। ये छात्र इंजीनियरिंग, प्रबंधन, विज्ञान, विधि, फार्मेसी, कृषि, वास्तुकला और मानविकी जैसे विभिन्न विषयों से जुड़े थे।समारोह के दौरान शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतर बेहतर प्रदर्शन को सम्मानित किया गया। पिछले शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 44 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 40 विद्यार्थियों को रजत पदक के साथ नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। स्नातक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माननीय चांसलर एर. कोनेरू सत्यनारायण ने कहा, दीक्षांत समारोह के साथ शिक्षा समाप्त नहीं होती, बल्कि वहीं से इसकी वास्तविक शुरुआत होती है। सच्ची शिक्षा वही है, जिसे विद्यार्थी ईमानदारी, जिम्मेदारी और समाज के लिए मूल्य सृजन के भाव के साथ उपयोग में लाते हैं। कुलपति डॉ. जी. परधा सारथी वर्मा ने कहा कि पंद्रहवाँ दीक्षांत समारोह शिक्षा, अनुसंधान और समग्र सीखने में उत्कृष्टता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी अपने छात्रों को जिम्मेदार और सामाजिक नेतृत्व के लिए तैयार करने पर निरंतर ध्यान देती है।

टोयोटा इंडिया के ब्रांड एम्बेसडर ड्रम ताओ ने भारत में धूम मचाई

बैंगलोर। प्रसिद्ध जापानी परकशन एन्सेम्बल ड्रम ताओ, जो टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के ब्रांड एम्बेसडर हैं, ने अपनी जोशीली भारत यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह यात्रा शिलांग के चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल और कोहिमा के हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल से शुरू हुई, और इसके बाद ड्रम ताओ ने विजयवाड़ा, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, गुवाहाटी, वाराणसी, मुंबई, पुणे और अंडमान द्वीपसमूह जैसे शहरों में दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, तथा बैंगलोर में एक शक्तिशाली और यादगार फिनाले के साथ अपनी यात्रा समाप्त की। इस 40 दिवसीय भारत यात्रा में 15 परफॉर्मेंस हुए, जिनमें ड्रम ताओ ने ताइको ड्रमिंग की शक्ति, अद्भुत तालमेल और दृश्यात्मक रूप से आकर्षक मंच प्रस्तुति के माध्यम से लगभग 70 हजार उत्साही दर्शकों का दिल जीता। इस यात्रा ने भारत और जापान के बीच लंबे समय से चल रही सांस्कृतिक साझेदारी और कला को भी उजागर किया भारत यात्रा के समापन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, वरिंदर वधवा, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स-सर्विस-यूज़्ड कार बिज़नेस और प्रॉफिट एनहांसमेंट, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, हमें गर्व है कि हमने ड्रम ताओ और उनके विश्वस्तरीय कला प्रदर्शन को भारत भर के दर्शकों तक पहुँचाया। विभिन्न शहरों में प्राप्त अभूतपूर्व प्रतिक्रिया, विशेष रूप से युवाओं से मिली उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि लोग संगीत, कला और साझा अनुभवों के माध्यम से वैश्विक संस्कृतियों को अपनाने लगे हैं। इस यादगार यात्रा के समापन पर हमें एक ऐसा मंच तैयार करने पर गर्व महसूस हो रहा है, जो ताल और रचनात्मकता को जोड़ता है, और टोयोटा की 'मास हैप्पीनेस' की फिलॉसफी को साकार करता है। दर्शकों की इस अद्भुत प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, हम अगले वर्ष ड्रम ताओ के साथ और भी बड़े और महत्वाकांक्षी सहयोग की दिशा में उत्साहित हैं।÷टोयोटा का ड्रम ताओ के साथ सहयोग 'मास हैप्पीनेस' के ब्रांड दर्शन पर आधारित है, जहाँ जुड़ाव केवल शारीरिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विचार और रचनात्मकता के आदान-प्रदान तक बढ़ जाता है। जापानी विरासत और भारत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता वाली कंपनी के रूप में, यह सहयोग प्रदर्शन कला का जश्न मनाने के साथ-साथ सामंजस्य, नवाचार और समावेशिता के साझा मूल्यों को भी प्रतिबिंबित करता है, जो सीमाओं को पार कर पीढ़ियों को जोड़ता है।

प्रथम अथक अल्ट्रा स्टेडियम रन के आयोजन में खिलाड़ियों ने दिखाए दमखम

उम्र की बाधा को तोड़ते हुए बढ़ती उम्र के खिलाड़ियों ने अथक स्पोर्ट्द्वारा आयोजित प्रथम अथक अल्ट्रा स्टेडियम रन मे ऐतिहासिक दूरियां तय कर अपना दमखम दिखाया क्रमशः महिला वर्ग मे 55+ वर्ष आयु वर्ग से ऊपर आशा सिंह जी ने 101.380 किलोमीटर का कीर्तिमान स्थापित कर प्रथम स्थान पर कब्जा कर 31000/_ के नगद पुरस्कार राशि को प्राप्त किया, मीना चौधरी जी ने अपनी आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ 92.878 किलोमीटर की दूरी तय की इसी क्रम में हर्ष लता शाही जी ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 87.078 किलोमीटर दूरी तय किया, क्रमशः 12 घंटा लगातार दौड़ पुरुष वर्ग मे भारतीय सेना के सोनाराम हैसा ने आयोजन का नया कीर्तिमान स्थापित कर 132.250 किलोमीटर की दूरी तय की प्रथम स्थान के साथ 31000/_ रुपए के नगद पुरस्कार पर भी कब्जा किया दूसरा स्थान बादल तेवतिया 124.995 किलोमीटर , एवं तीसरा अंकित शर्मा ने 116.86 किलोमीटर 6 घंटे लगातार दौड़ में सूर्य

प्रकाश द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर 81.735 किलोमीटर की दूरी तय की गई साथ में 15000/_ का नगद पुरस्कार प्राप्त किया, इसी क्रम में सुमेश नेगी द्वारा 78.835 किलोमीटर की दूरी तय कर 7500/_ का नगर पुरस्कार प्राप्त किया, मनोहर निषाद तीसरे स्थान पर रहे, 3 घंटे की फास्ट रन मे कार्तिक कुमार प्रथम,अर्णव जोशी द्वितीय स्थान , सौरभ बलूनी तृतीय स्थान प्राप्त किया गया, 10 किलोमीटर की दौड़ में संजय राणा प्रथम 5000/_ सुनील सिंह द्वितीय 4000/_ तृतीय स्थान 3000/_ नगद पुरस्कार सभी खिलाड़ियों को एक बेहतर खेल का माहौल देते हुए टीम अथक स्पोर्ट्स काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

पांच विकेट से अयोध्या को हराकर प्रयागराज ने किया कप पर कब्जा

- स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 18वें वर्ष आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन
- टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में अयोध्या की टीम ने बनाए 137 रन
- जवाब में उतरी प्रयागराज की टीम पांच विकेट के नुकसान पर 15वें ओवर की गेंदबाजी में कर लिया जीत को हासिल
- प्रयागराज के खिलाड़ी अजय यादव का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, मैन ऑफ द सीरीज के रूप में मिली टीवीएस की बाइक

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। पडरौना शहर के उदित नारायण पीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा स्व.कृष्णा साहा और स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 18वें वर्ष आयोजित ऑल इंडिया क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को प्रयागराज और अयोध्या के बीच खेला गया। इसमें प्रयागराज की टीम ने अयोध्या को पांच विकेट से पराजित कर कप पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद और उप विजेता टीम को 31 हजार रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच अयोध्या के गौतम को एलईडी टीवी और शील्ड दिया गया। वहीं, पूर्व टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अजय यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टीवीएस की रेडर बाइक देकर पुरस्कृत किया।

अयोध्या टीम के कप्तान आशुतोष उपाध्याय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज के रूप में विकास और राहुल गुप्ता पहले खेलने आए। शून्य के स्कोर पर विकास के रूप में पहला विकेट गिरा तो राहुल गुप्ता भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके और 22 रन के स्कोर पर अयोध्या के शुरुआती तीन विकेट गिर गए। मध्यक्रम में खेलने आए गौतम ने पारी को संभाला और टीम को मजबूती प्रदान की। निर्धारित 20 ओवर के मैच में छह विकेट खोकर अयोध्या की टीम 137 रन बना सकी। इसमें गौतम ने 52 गेंदों में 68 रन, वैभव तिवारी ने 10 गेंदों में 16 रन, विजय साहनी ने 22 गेंदों में 10 रन और आशुतोष ने 10 गेंदों में 11 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को नहीं छू सका। वहीं, प्रयागराज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए प्रियांशु ने तीन, अजय, अंकित और गौरव ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम की शुरुआत ठीक रही। सलामी बल्लेबाज के रूप में अभिनव और गौरव ने रन गति में इजाफा करना शुरू किया, लेकिन 15 के स्कोर पर गौरव के रूप में जब पहला विकेट गिरा तो राहुल यादव ने पारी को संभाल लिया। 15वें ओवर की गेंदबाजी में पांच विकेट खोकर प्रयागराज की टीम ने जीत हासिल कर लिया। इसमें राहुल यादव ने 28 गेंदों में 37 रन, अभिनव ने 19 गेंदों में 32 रन, ऋषभ ने 18 गेंदों में 28 रन और प्रियांशु ने 11 गेंदों में 13 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। अयोध्या की तरफ से गेंदबाजी करते हुए धनंजय सिंह और आशुतोष ने दो-दो व वैभव तिवारी ने एक विकेट हासिल किया। अंपायर फिरोज राजू और अतुल राव रहे। कमेंट्री प्रिंस तिवारी, अरशद राज और पंकज पुरवइया ने किया। स्कोरिंग अभिषेक गैरी व जीतू कुशवाहा ने की।

इससे पूर्व लखनऊ के जिला एवं सत्र न्यायालय के एडीजे शिवेंद्र मिश्र, प्रसिद्ध समाजसेवी दीपनारायण अग्रवाल, डॉ. संदीप अरूण श्रीवास्तव, डॉ. वीके सिंह, उप निबंधक अजय सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे, सदर विधायक मनीष जायसवाल, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरूण कुमार गौतम, टीवीएस के ट्रैरटरी मैनेजर प्रोमिल कुमार, सौरभ वर्मा, मोंटी सालूजा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रियेश त्रिपाठी, मन्नू सिंह चंदेल और ऋषिकेश मिश्रा ने विजेता व उप विजेता टीम के साथ सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इसमें विजेता टीम प्रयागराज को 51 हजार और उप विजेता टीम अयोध्या को 31 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया।

वहीं, 68 रनों की शानदार पारी खेलने वाले अयोध्या के गौतम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एलईडी टीवी, मोबाइल फोन स्पोर्टस शूज और शील्ड दिया गया। पूरे प्रतियोगिता में आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले प्रयागराज के अजय यादव को मैन ऑफ द सीरीज के रूप में टीवीएस की रेडर बाइक देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सतीश साहा, समशेर मल्ल, पाली चौरसिया, सज्जाद अली, आजाद अली, वसीम खान, चंदन जायसवाल, गोविंद जायसवाल, समीर अग्रवाल, अनूप सिंह, अजय साहा, लिंकन सिंह, अभय प्रताप सिंह, गोल्डी जायसवाल, पिंटू शाह, मुन्ना अली, राजीव मिश्रा, टुनटुन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

जिले में धारा 163 लागू, 26 फरवरी तक रहेगा प्रभावी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। आगामी त्योहारों, नववर्ष, गणतंत्र दिवस, विभिन्न परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित आयोजन के साथ-साथ जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनपद की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि जिससे लोक व्यवस्था, शांति अथवा सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना हो, पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्गों को अवरुद्ध नहीं करेगा तथा किसी भी प्रकार से आवागमन बाधित नहीं किया जाएगा। बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन अथवा जनसभा का आयोजन प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी स्थान पर पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी, हालांकि पारंपरिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को इससे मुक्त रखा गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जनपद में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं, विश्वविद्यालय एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के आसपास किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मोबाइल फोन अथवा नकल से संबंधित साधनों के प्रयोग पर सख्त रोक रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी व्यक्ति द्वारा लाठी, डंडा, बल्लम, फरसा, धारदार हथियार, विस्फोटक सामग्री, ज्वलनशील पदार्थ अथवा ऐसी कोई भी वस्तु जिसका प्रयोग कर किसी को शारीरिक क्षति पहुंचाई जा सके, लेकर चलना पूर्णतः वर्जित रहेगा। इसके साथ ही किसी भी प्रकार के भड़काऊ भाषण, आपत्तिजनक नारेबाजी, साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने वाले कृत्य अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर कठोर प्रतिबंध रहेगा।

योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : सांसद

- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक को संबोधित करते सांसद विजय दुबे

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद विजय कुमार दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक पडरौना, रामकोला, फाजिलनगर, खड्डा, हाटा, तमकुहीराज तथा सचिव के रूप में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की उपस्थिति रही।

बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों, दिए गए निर्देशों एवं स्वीकृत कार्यों की अनुपालन आख्या की समीक्षा के साथ की गई। इसके उपरान्त विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, गोकुल मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाएं, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया, मिड-डे मील योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मानव दिवस सृजन, मनरेगा के अंतर्गत रोजगार सृजन, मिनी स्टेडियम, मनरेगा पार्क, अन्नपूर्णा स्टोर, पीएम खनिज कल्याण क्षेत्र अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति, समस्याओं एवं पूर्व एवं वर्तमान वर्ष की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई तथा लंबित कार्यों पर स्पष्टीकरण मांगते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करने हेतु लक्ष्य अवधि निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर सांसद ने कहा कि दिशा बैठक का उद्देश्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। वंचित पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर योजनाओं से आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि कुशीनगर जनपद विकास के पथ पर अग्रसर है तथा सड़क, कृषि विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एवं मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां जनपद को नई पहचान दे रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित होने तथा निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंत में अध्यक्ष द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत एवं अधिशासी अभियंता जल निगम को अपने-अपने विभागों के कार्यों में सुधार लाने एवं समस्त योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा जिला प्रशासन पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु कार्य करेगा।

नए साल के स्वागत को कुशीनगर और पनियहवा तैयार, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। नए वर्ष के आगाज को लेकर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल कुशीनगर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। देश-विदेश से आने वाले सैलानियों की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। बुद्ध स्थली कुशीनगर, रामा भार स्तूप, माथा कुंवर मंदिर समेत प्रमुख स्थलों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी, वहीं पनियहवा, कुलकुला और नारायणी नदी के टापुओं पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।

नववर्ष पर कुशीनगर आने वाले पर्यटकों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। कसया सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि इसे देखते हुए पुलिस विभाग ने ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर भीड़ नियंत्रण तक की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाए गए हैं और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है। सादे वेश में पुलिसकर्मी भी भीड़ में नजर रखेंगे। कसया और पर्यटन थाना के अलावा 12 थानों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

वहीं छह वाहन पार्किंग चिन्हित किया गया है। अभी और तीन वाहन पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करने में पुलिस जुटी है। नए साल के दिन कुशीनगर मुख्य गेट के अंदर वाहनों के प्रवेश वर्जित रहेगा। पैदल ही लोगों को जाना पड़ेगा।

कुशीनगर में भगवान बुद्ध की मंदिर

पनियहवा में मछली भुजा की तैयारी

मछली भुजा के लिए दूर-दूर तक मशहूर है पनियहवां

नव वर्ष के स्वागत के लिए पनियहवा रेल पुल के नीचे पिकनिक भी अपने अंतिम चरण में है। नए साल के जश्न में सैलानियों का जत्था भ्रमण कर नए साल का शुरूआत अपने अंदाज में करते है। पनियहवा चौराहे पर मछली की दुकान व बगहा-पनियहवा पुल के नीचे पिकनिक के लिए बैठने वाले नाव से नदी में भ्रमण, स्नान के बाद धूप सेकने की व्यवस्था हुई है। मछली भुजा के लिए दूर-दूर तक मशहूर पनियहवा में लोग जायका लेने जुटेंगे। इसके लिए सैकड़ों की संख्या में मछली की दुकान सज गई है। गंडक नदी की ताजी मछली और भुजा का स्वाद लेने के लिए सीमावर्ती जनपद महराजगंज, देवरिया, गोरखपुर व बिहार के हजारों लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं। गंडक नदी की चेपुआ, मांगुर, टेंगर आदि प्रजाति की मछलियां दूर दूर तक प्रसिद्ध है। वही पिकनिक मनाने आए सैलानी वीटी आर व बगहा का भी भ्रमण कर आनंद लेते है।

डीएम ने राजनैतिक पार्टियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बस्ती । जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने राजनैतिक पार्टियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

इस मौके पर संबंधित अधिकारी व राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

पुलिस को मिला सीसीटीएनएस योजना के संचालन में सराहनीय कार्य हेतु प्रदेश में प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता, बस्ती। प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रगति डैशबोर्ड में प्रत्येक माह जनपदों की रैंकिंग के क्रम में माह नवम्बर 2025 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग में सीसीटीएनएस योजना के संचालन, सफल क्रियान्वयन व पर्यवेक्षण में सराहनीय कार्य के प्रगति में जनपद बस्ती को सर्वोच्च प्रदर्शन करने के कारण प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। जनपद पुलिस की इस उपलब्धि पर अपर पुलिस महानिदेशक टेक्निकल नवीन अरोरा द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, अपर पुलिस अधीक्षक(नोडल सीसीटीएनएस) श्यामकान्त व कम्प्यूटर आपरेट ग्रेड बी (जिला समन्वयक) इफ्तिखार अहमद को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया है।

नाना के घर रह रही युवती फंदे से लटक कर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

मृतका खुशी की फाइल फोटो

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

अवधनामा संवाददाता

- बचपन से ही अपने नाना के घर लखिमा में रहती थी खुशी

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखिमा में एक 19 वर्षीय युवती फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

प्राप्त सूचना के मुताबिक खुशी सिंह पुत्री शिवप्रताप सिंह निवासी रछवापार थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर बचपन से ही अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के लखिमा में अपने नाना बेगलाल सिंह के वहां रहती थी। बेगलाल का गांव में दो जगह मकान है एक गांव के बाहर एक अंदर वाले घर पर कोई नहीं रहता था। सोमवार को दोपहर लगभग दो बजे वह अंदर वाले घर मोबाइल लेकर पहुंची और अंदर से शटर में ताला बंद कर पंखे के कुंडी से दुपट्टे का फंदा बनाकर उससे लटक कर खुदकुशी कर ली। उसके नाना वहां पहुंचे तो काफी समय तक शटर बंद था तो ताला तोड़कर देखें तो अंदर पंखे के कुंडी से लटकी हुई मिली तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना मिलते ही स्थानीय थाने के थानाध्यक्ष प्रविंद्र राय, उपनिरीक्षक गिरजेश यादव, अविनाश, कांस्टेबल अनिल यादव, मनोज कुमार, महिला कांस्टेबल निरमा एवं फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका के पिता रोजगार के लिए विदेश में हैं। मृतका दो बहन एक भाई हैं। वह सबसे बड़ी थी, बचपन से ही अपने नाना के घर पर रहतीं थीं।

रोजगार मेला -11 कम्पनियों ने 349 अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट किया

अमेठी। निषादराज अखंडानंद महाविद्यालय में सोमवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।मेले का उद्घाटन विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार युवाओं को रोजगार देने के गंभीर है। प्राइवेट कम्पनियों में जाब देने के साथ रोजगार के मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत ऋण दिए जा रहे हैं।

रोजगार मेले में कॉलेज के प्रबंधक शिव प्रसाद कश्यप द्वारा भी अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मेले में कुल 11 प्रतिष्ठित कंपनियों के मानव संसाधन प्रतिनिधियों (एचआर) द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 547 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 349 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई जगदीशपुर के प्रधानाचार्य अजय सिंह, अनुदेशक भारत भूषण मिश्रा, कौशल विकास मिशन से मृत्युंजय तिवारी सहित जिला सेवायोजन कार्यालय के स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

बिजली बिल राहत योजना का अधिक लाभ लेने को 31 दिसम्बर तक पंजीयन कराएं : अधीक्षण अभियंता

अवधनामा संवाददाता

- 1 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक 31110 रजिस्ट्रेशन हुए, 26.39 करोड की धनराशि जमा हुई, दो सौ करोड़ है लक्ष्य

अमेठी। बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत अवकाश के दिनों में भी कैम्पों का आयोजन जारी है। रविवार को कुल 55कैम्प आयोजित किए गए। 1 दिसम्बर, से 28दिसम्बर तक 31110 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराया है। 26.39 करोड रु धनराशि जमा हुई है।

रविवार को गौरीगंज डिवीजन में 15, अमेठी डिवीजन में 15, जगदीशपुर में 11 और तिलोई में 14 कैम्प आयोजित किए गए। 55 कैम्पों में कुल 1046 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। 91.58 लाख रु की धनराशि जमा हुई है। पटल सहायक और वरिष्ठ लिपिक दुर्गेश सिंह ने बताया कि जब से योजना शुरू हुई है, पंजीकरण संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। लक्ष्य पूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन की ओर से रोज समीक्षा की जा रही है। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर अरूण कुमार ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना, बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए पावर कारपोरेशन की ओर से एक उपहार है। माननीय ऊर्जा मंत्री स्वयं इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं। 31दिसम्बर तक पंजीयन कराने वाले उपभोक्ताओं को छूट का लाभ अधिक मिलेगा।

अधीक्षण अभियंता ने सोमवार को जगदीशपुर डिवीजन के कैम्पों का निरीक्षण किया। उनके साथ अधिशासी अभियंता भी मौजूद रहे।

मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली, कर करेत्तर एवं विकास कार्यो की गई समीक्षा

बृजेश कुमार शुक्ल

बस्ती । आयुक्त सभागार में आज मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में दो बैठक की गई। पहली बैठक कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक थी। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लायें। उन्होने प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाय तथा निजी वाहनों को व्यवसायिक प्रयोग में लाने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतरतीब खड़े वाहनों, ड्रिंक एवं ड्राइव मामलें में कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

उन्होने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर सैम्पलिंग की कार्यवाही की जाय। उन्होने न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा 34 और 67 से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार शीघ्रअतिशीघ्र निस्तारित करें। उन्होंने राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति में पिछड़े विभागो को कार्ययोजना बनाकर निरन्तर अभियान चलाने और आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन तथा शासन से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा में करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण ससमय और गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया।

कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधिया ना होने पायें और समय-समय पर अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। बैठक का संचालन अपर आयुक्त प्रशासन मनोज कुमार तिवारी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी.एन., संतकबीरनगर आलोक कुमार, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। दूसरी बैठक विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा की थी जिसमें मण्डल के अन्तर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की विभागवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के प्राथमिकता वाले योजनाओं का क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाय।

मनमानी ड्यूटी कर रहे हैं उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कर्मचारी मनमानी ड्यूटी कर रहे हैं। मुंशीगंज रोड पर स्थित यह कार्यालय अक्सर बंद रहता है।

राजकीय बिक्री केंद्र उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग सरकारी कर्मचारियों की उदासीनता के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। सोमवार को दोपहर 12ः47 पर संवाददाता ने राजकीय बिक्री केंद्र उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण अमेठी का जायजा लिया। कार्यालय पर ताला बंद था । वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि यहां पर मौजूद प्रसंस्करण विभाग के रंजीत हफ्ते में दो दिन ही आते हैं और प्रायः ड्यूटी कार्यालय अमेठी से नदारद रहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय ना समय से खुलता है और ना ही बंद होता है। यहां के कर्मचारी भगवान भरोसे ही कार्यालय का काम देखते हैं। कार्यालय भवन को देखने से पता चलता है कि जैसे कई वर्षों से भवन की रंगाई पुताई नहीं हुई है। भवन की हालत जर्जर बनी हुई है। नाम न छापने की शर्त पर प्राइवेट कर्मचारियों ने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष रंगाई पुताई व मरम्मत कार्य के लिए पैसा दिया जाता है लेकिन यह पैसा कहां खर्च होता है। इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है। अर्थात सारा पैसा कागजों पर ही खर्च कर दिया जाता है।विभाग की व्यवस्था व उसके संचालन के लिए जमीनी स्तर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्य नहीं किया जाता।

ठंड के कहर पर नगर पंचायत का फिसड्डी इंतजाम अलाव न के बराबर, लोग कांपते रह गए

अवधनामा संवाददाता

मथौली, कुशीनगर। भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। लगातार पारा गिरने से जहां लोगों की दिनचर्या ठप हो गई है, वहीं मथौली नगर पंचायत में अलाव जलाने की व्यवस्था का भी पोल खुल गया। नगर के चार किमी की दूरी पर मात्र छह जगह ही अलाव की व्यवस्था देखी गई, जबकि वार्डों में कुछ जगहों को छोड़ दें तो अलाव जली ही नहीं।

सार्वजनिक स्थलों पर अलाव गायब, लाखों के बिल बन रहे : सोमवार को सर्द हवाओं के साथ गलन बढ़ने लगी। ठंड को देखते हुए लोग आवश्यक कार्य के लिए बाहर निकल रहे हैं। ऐसे में सार्वजनिक स्थलों पर प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था कराई गई है, लेकिन नगर पंचायत मथौली में मुख्य चौराहे व लोहेपार चौराहे तक कुल 4 किमी की दूरी में मात्र छह जगहों पर ही अलाव देखी गई। वार्डों में नाम मात्र का था। सीएचसी परिसर, पशु अस्पताल, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूपी बड़ौदा बैंक, कृषि रक्षा इकाई सहित कई सार्वजनिक स्थलों पर नगर प्रशासन द्वारा अलाव का इंतजाम नहीं किया गया था। दूर-दराज से आवश्यक कार्य के लिए आए लोग कांपते नजर आए। हालांकि अलाव के नाम पर प्रतिदिन लाखों रुपए की स्टीमेट बनाई जा रही है। ताज्जुब की बात यह है कि मथौली चौराहे पर गिराए गए लकड़ी का ढेर पिछले दस दिनों में भी जल नहीं पाया है।

मथौली में पाथवे प्रकाश पर खुले आसमान के बीच पड़े दो निराश्रित

रैन बसेरा का पता नहीं, चौराहे पर लेटे निराश्रित

सर्द भरी हवाओं के बीच खुले आसमान के नीचे मुख्य चौराहे पर बने पथवे प्रकाश पर दो अज्ञात लोग सोते मिले। ठंड से कांप रहे थे, लेकिन इनका कोई सुधि लेने वाला नहीं था। प्रचार-प्रसार के अभाव में लोगों को पता नहीं है कि मथौली में कहां रैन बसेरा बना है। दोनों निराश्रित खुले आसमान के बीच पड़े रहे, लेकिन नगर के किसी भी जिम्मेदार की नजर इन निराश्रित पर नहीं पड़ी।

जांच रिपोर्ट में देशी घी व गाय के घी के सभी नमूने मिले अधोमानक व असुरक्षित

■ जनपद में 20 दिसम्बर की रात्रि में की गई थी छापामारी की कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. अमर सिंह वर्मा ने बताया कि 20 दिसम्बर 2025 की रात को मोहल्ला सालारपुर, निकट महम्दा रेलवे क्रासिंग, बहराइच स्थित एन.आर. डिस्ट्रीब्यूटर्स के गोदाम पर विभाग द्वारा की गई छापामारी की कार्रवाई में वेरोना प्रोडक्ट्स प्रा.लि. राजकोट गुजरात द्वारा ब्रजवासी ब्राण्ड के देशी घी एवं गाय के घी के जो नमूने जांच हेतु खाद्य विश्लेषक लखनऊ को प्रेषित किये गये थे उसकी रिपोर्ट प्राप्त हो गई है।

डॉ. सिंह ने बताया कि ब्रजवासी ब्राण्ड के बैच संख्या वीजी-010 देशी घी 500 मि.ली के पैक में, बैच संख्या वीजी-011 देशी घी 15 कि.ग्रा. टिन पैक, बैच संख्या वीजी-012 गाय का घी 500 मि.ली. के पैक में, बैच संख्या वीजी-011 गाय का घी 500 मि.ली. पैक में तथा बैच संख्या वीजी-012 देशी घी 500 मि.ली. पैक में भेजे गये थे। खाद्य विश्लेषक लखनऊ की जांच रिपोर्ट में सभी नमूने अधोमानक व असुरक्षित श्रेणी के पाये गये हैं। सहायक आयुक्त डॉ. सिंह ने बताया कि उपरोक्त खाद्य पदार्थ को मानव उपभोग हेतु जनपद में तत्काल प्रभाव से विक्रय/निर्माण/पैकेजिंग को अगले आदेशों तक प्रतिबन्धित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में उक्त खाद्य पदार्थ का विक्रय करते पाये जाने पर सम्बन्धित विक्रेता/खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-26 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

ग्राम सचौली में संपन्न हुई ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत न्याय पंचायत सोहरियावां की ग्राम सचौली में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रगतिशील कृषक ओम प्रकाश मिश्र के अमरूद फार्म पर ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्यान विभाग, गन्ना विभाग, जैविक उत्पाद, कृषि यंत्रीकरण से सम्बन्धित स्टाल भी लगाये गये। विधायक श्री त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला की दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन आवश्यक जानकारी प्राप्त की। किसान पाठशाला को सम्बोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि किसान केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। हमारी सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सोलर पंप, नेचुरल फार्मिंग, कृषि यंत्रीकरण, बीज वितरण के साथ साथ अन्य योजनाएं संचालित कर डीबीटी के माध्यम से कृषकों अनुदान का लाभ दे रही है। इसके अतिरिक्त कृषक उत्पादक संगठनों को भी व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान काटकर सीधे किसानों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री त्रिपाठी ने कृषकों का आहवान किया कि विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपनी आय को दोगुना करें। गोष्ठी को विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा,जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ,भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ0 सौरभ वर्मा,वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ए कुलदीप वर्मा, व प्रगतिशील कृषक मुन्ना लाल वर्मा, राम कुमार तिवारी, श्री मौर्या सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए प्राकृतिक खेती व उनमें प्रयोग होने वाले घटक (जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत,) मृदा स्वास्थ्य, एकीकृत कीट प्रबंधन जैसे-लाइट ट्रैप, स्टिकी ट्रैप व फेरामोन ट्रैप इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषक तथा कृषि एवं एलायड विभागों के क्षेत्रीय अधिकारी

प्रदेश में सुदृढ़ हुई कृषि योजनाओं से किसानों का बढ़ा आर्थिक आधार

बहराइच। प्रदेश में किसानों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश सरकार का मानना है कि हमारा अन्नदाता किसान समृद्ध होगा, तो प्रदेश समृद्ध बनेगा। प्रदेश समृद्ध होगा तो देश भी समृद्ध होगा। यहां के किसानों को विगत 08 वर्षा से एम0एस0पी0 का लाभ लगातार प्राप्त हो रहा है। आज किसान या खेती करने वाला व्यक्ति ही अपनी उपज को क्रय केन्द्र में बेच सकता है। प्रदेश में किसानों को स्वॉयल हेल्थ कार्ड और फसल बीमा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। गन्ना मूल्य का भुगतान ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त कर चुका है। कृषि मण्डियों और गांवों तक सड़क नेटवर्क का विस्तार, वैल्यू चेन स्टोरेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश को आगे बढ़ाने, किसानों को बाजार और निर्यात से जोड़ने का प्रयास, स्टार्टअप्स आधारित फसल और मूल्य संवर्धन आदि से सम्बन्धित योजनाएं प्रदेश में दिखाई दे रही हैं। जिसका भरपूर लाभ सीधे किसानों को मिल रहा है।

सीएमओ कार्यालय परिसर में ठिठुर रहे दिव्यांग

■ विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जुटी थी भारी भीड़

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में सोमवार को विभाग की लापरवाही सामने आई जहां सोमवार को अपने-अपने कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारी हीटर का सहारा लेकर मौज कर रहे थे तो वही विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पहुंचे विकलांग जनों को कड़ाके की शीत लहर के बीच ठिठुरते देखा गया शाहजहांपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में ही सोमवार को विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भारी संख्या में विकलांग पहुंचे थे जिन्हें ठिठुरते हुए देख रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर विजय जौहरी द्वारा एक बड़ी समस्या मानते हुए इस समस्या का जल्द समाधान कराए जाने की मांग उठाई गई विकलांगों की जनसुनवाई करते हुए उन्होंने कहा वर्तमान मौसम और अत्यधिक ठंड के चलते दिव्यांग जनों और उनके साथ आए उनके सहयोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है अलाव ना जलने पर दिव्यांग जनों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने अपने कार्यालय में दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनी और निराकरण कराए जाने हेतु विभाग से अलाव जलाने का निवेदन किया है इस मौके पर जिला आपदा मित्र कमांडर इंद्रजीत लोधी ने कहा ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था करने की मांग उचित है आपदा मित्र कमांडर ने जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में वार्ता करके समाधान कराने का वादा किया है।

राजनीति से ऊपर उठकर गांव के विकास के लिए करें कार्य : श्रीकृष्ण गौतम

टूंडला। तहसील क्षेत्र के गांव बछगांव स्थित महादेव मंदिर पर समाजसेवियों द्वारा असहाय व जरूरतमंद लोगों को 300 कंबलों का वितरण किया गया। साथ ही महिलाओं को शॉल एवं कंबल तथा बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों को जात-पात एवं राजनीति से ऊपर उठकर गांव के विकास के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह द्वारा कराए गए मंदिर सौंदर्यीकरण और आरसीसी एवं इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक कन्या पाठशाला बाउंड्री वॉल एवं अन्य कार्यों से भी जनता को अवगत कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बछगांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवर्तित करने के लिए पर्यटनमंत्री ने जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामबदन राम को पत्र लिखकर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटनमंत्री का निरंतर हमारे गांव के विकास में पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। श्रीकृष्ण ने कि कोल इंडिया से वरिष्ठ अधिकारी के रूप में सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि आज लोगों में श्रमदान की भावना खत्म हो गई है। ग्राम वासियों के सहयोग से लगभग 35 वर्ष पूर्व बछगांव चौराहे से महादेव मंदिर तक एक किलोमीटर लंबाई में श्रमदान से सड़क बनाई थी। ग्राम वासियों ने रात-रात भर मिट्टी डालने का कार्य किया था। हम लोगों को सरकार पर आश्रित ना रहते हुए छोटे-मोटे काम स्वयं करने की आदत बनानी होगी। उन्होंने गांव के युवा उत्साही कार्यकर्ताओं की तारीफ की जिनमें मुख्य रूप से सौरभ गोस्वामी, प्रवीण शर्मा, सुनील कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख नारखी प्रतिनिधि सुशील चक, नारखी थाना प्रभारी राकेश गिरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नारखी पदम सिंह, सुभाष गोस्वामी, मुकेश गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र दिवाकर, मनोज गोस्वामी, रिंकू जादौन, गौरव प्रताप सिंह, गौरव गोस्वामी, त्रिमोहन लाल सेठ, संजीव शर्मा, पुष्पेंद्र, महेश मिश्रा, दयाशंकर मिश्र आदि उपस्थित रहे।

पयागपुर में जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी आयोजित

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजनान्तर्गत विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम पयागपुर में आयोजित जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला उद्यान दिनेश चौधरी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर वर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा, उद्यान निरीक्षक (योजना प्रभारी) ओम प्रकाश मिश्रा व अन्य अधिकारियों, अतिथियों एवं प्रगतिशील कृषकों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने अतिथियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिले के किसानों की आय बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में कृषक उत्पादक संगठन गठित कराए गए हैं, जो अपनी आय वृद्धि हेतु अच्छा कार्य कर रहे हैं। कृषकों को खेती किसानी में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए 40 से 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, सिंगल यंत्रों का वितरण ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया के तहत कराया जा रहा है जिसका अनुदान सीधे किसान के खाते के माध्यम से भेजा जा रहा है। विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि जनपद में विस्तृत पैमाने पर सब्जी, केला, अमरूद शिमला मिर्च तथा मत्स्य उत्पादन की खेती कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कृषको का आहवान किया सहफसली तथा औद्यानिक खेती को अपनाकर अपनी आय में बढ़ोत्तरी करें।

प्रमुख सचिव ने किया शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। सोमवार को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग/तथा नोडल अधिकारी जनपद शाहजहांपुर मनीष चौहान शाहजहांपुर पहुंचे इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति कानून व्यवस्था तथा राजस्व कार्यों के क्रियान्वयन के निर्देश दिए ,प्रमुख सचिव ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालय परिसर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी कार्य शासन की मंशा के अनुरूप होने चाहिए किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इस दौरान प्रमुख सचिव ने मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण करने के साथ क्रिटिकल केयर ब्लॉक के संबंध में जानकारी प्राप्त की ,लंबित निर्माण कार्यों की वजह जानी और ओपीडी का भी भ्रमण किया प्रमुख सचिव रोजा मंडी पहुंचे जहां उन्होंने संचालित धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान धान खरीद की प्रक्रिया किसानों को मिलने वाली सुविधाएं भुगतान की स्थिति के बारे में विधिवत जानकारी ली, इस दौरान उनके साथ जिला खाद्य विभाग अधिकारी भी मौजूद रहे प्रमुख सचिव ने जनपद की समस्त धान खरीद संस्थाओं के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाली समस्या का शीघ्र समाधान करते हुए केंद्रों पर अवशेष धान का प्रेषण सुनिश्चित करें ,इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ,नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा ,अपर जिला अधिकारी रजनीश कुमार ,जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडे सहित तमाम आला अधिकारी उपस्थित रहे।

देर रात रैन बसेरों व अलावों का निरीक्षण करने पहुंचे एडीएम अरविंद कुमार

शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता) जनपद में भीषण शीत लहर के बीच मानवीय संवेदना और प्रशासनिक सक्रियता की एक सराहनीय मिसाल उस समय देखने को मिली, जब देर रात्रि एडीएम वित्त अरविंद कुमार अचानक शहर के विभिन्न रैन बसेरों और अलाव स्थलों के निरीक्षण के लिए निकले। उनका उद्देश्य ठंड में खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर मजदूर वर्ग, बेसहारा और बेघरों की वास्तविक स्थिति जानना था। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त ने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और स्वयं कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचाव का भरोसा दिलाया। रेलवे स्टेशन पर भी उन्होंने ठंड से बचाव के इंतजामों का जायजा लिया तथा बुजुर्गों और दिव्यांगो को कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने रोडवेज बस अड्डा स्थित नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए साफ-सुथरे बेड-बिस्तर, पेयजल, गैस हीटर और केयर टेकर की व्यवस्थाओं को देखा उन्होंने बताया ठिठुरन भरी रातों में राहगीरों और निराश्रितों को राहत पहुंचाने के लिए शहर के 50 से अधिक प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं और रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है।

मन्दिर को नुकसान पहुंचाने पर पुलिस ने मानवेन्द्र को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता) थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा हनुमान जी मन्दिर पर क्षति किये जाने की सूचना पर 01 अभियुक्त मानवेन्द्र को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के पर्यवेक्षण में थाना रजावली पुलिस टीम द्वारा ग्राम चिलासनी से हनुमान मन्दिर पर क्षति किये जाने की सूचना पर 01 नफ्र अभियुक्त मानवेन्द्र पुत्र अमृतपाल निवासी चिलासनी थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बृजकिशोर सिंह, उ.नि. राघवेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी तजापुर, का. 702 अक्षय कुमार, का. 59 गिरीश कुमार थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर सईद बंजारा गिरफ्तार

शाहजहाँपुर (अवधनामा संवाददाता) जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व नकदी बरामद की गई है। मुठभेड़ में घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया , 28 दिसंबर की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना निगोही क्षेत्र का एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी मोहल्ला मघईटोला के पीछे दूध की डेयरियों के आसपास पशु चोरी की रेकी कर रहा है और उसके पास अवैध असलहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने क्षेत्र में घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक से जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह बाइक छोड़कर भागने लगा पुलिस द्वारा रुकने की चेतावनी देने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

नेशनल हाईवे पर स्टंटबाजी में आठ अभियुक्तगण गिरफ्तार, दो कारें सीज

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा नेशनल हाइवे पर कार से स्टंटबाजी करने वाले 8 अभियुक्तगण गिरफ्तार किए एवं दो कारों को सीज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा स्टंट करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा नेशनल हाईवे पर कार हुण्डई क्रेटा रजिस्ट्रेशन संख्या P83AW8018 व कार महेन्द्रा ग्न्ट 700 रजिस्ट्रेशन संख्या UP83BN6393 से नेशनल हाइवे पर स्टंटबाजी कर शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 08 अभियुक्तगण विनायक उर्फ ईशू पुत्र स्नेह उर्फ सतेन्द्र निवासी ग्राम नागऊ, मनोज उर्फ हैडन पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी अली नगर कैंजरा, मोहित पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी शंकरपुर, पंकज पुत्र भूरी सिंह निवासीगण अली नगर कैंजरा थाना टूण्डला, अभिषेक पुत्र रुपकिशोर निवासी सुहागनगर, आशीष पुत्र राजकुमार निवासी सुहागनगर, निखिल पुत्र शिवराज सिंह निवासी नंगला गुलाल, यशू पुत्र यतेन्द्र निवासीगण सुहागनगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया जिनके वरूद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस में कार्यवाही की जा रही है एवं स्टंटबाजी में प्रयुक्त दोनों कारों को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उ.नि. शैलेन्द्र शर्मा, उ.नि. सावन कुमार, है. का. 43 महेन्द्र सिंह कटियार, का. 1565 भूरी सिंह, का. 893 मौ. फरमान, का. 554 गौरव कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

ठन्ड को लेकर सीएमओ ने जारी की एडवाइजरी

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भरत भूषण ने बताया कि अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, हृदय रोग और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से जनहित में विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी के अनुसार ठंड से बचाव के लिए एक भारी कपड़े के बजाय कई परतों में ढीले और गर्म कपड़े पहनने चाहिए। सिर, हाथ और कान को ढकने के लिए टोपी, दस्ताने और मफ्लर का प्रयोग अनिवार्य बताया गया है। शरीर का तापमान संतुलित रखने के लिए ताजा, गर्म और पौष्टिक भोजन करें। साथ ही पर्याप्त पानी पिएं और सूप, चाय, दूध जैसे गुनगुने तरल पदार्थों को आहार में शामिल करें। छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों का विशेष ख्याल रखने पर जोर दिया गया है। यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक कपकपी, सुस्ती, भ्रम या बोलने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें, तो यह हाइपोथर्मिया के संकेत हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने चेताया है कि कमरे में उचित वेंटिलेशन अवश्य रखें, ताकि कार्बन मोनोआक्साइड जैसी जहरीली गैस का जमाव न हो। शराब के सेवन से बचने की भी सलाह दी गई है, क्योंकि यह शरीर को गर्म रखने की भ्रांति पैदा करती है और वास्तव में शरीर का तापमान कम कर देती है।

निराश्रित गोवंश को बचाने हेतु व्यापक इंतज़ाम

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद की समस्त गौशालाओं में शीत लहर और बढ़ती ठंड से निराश्रित गोवंश को बचाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पुख्ता रणनीति अपनाई गई है। सभी गौशालाओं में ठंडी हवाओं को रोकने के लिए बाड़े के चारों ओर मोटे तिरपाल और टाट-पट्टी के पर्दे लगाए गए हैं। साथ ही गोवंशों की सुरक्षा हेतु ''काउ-कोट'' की व्यवस्था की गयी है। फर्श पर नमी और ठंड से बचाने के लिए पुआल और भूसे की मोटी परत बिछाई गयी है। रात्रि के समय गौशाला परिसरों में सुरक्षित स्थानों पर अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि तापमान अनुकूल बना रहे। पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए चारे के साथ गुड़ और चोकर का मिश्रण दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि डॉक्टरों की टीम प्रतिदिन गौशालाओं का भ्रमण कर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि गौवंश की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधानों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि ''निराश्रित गौवंश की सेवा और संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। ठंड के कारण किसी भी पशु को क्षति नहीं पहुँचनी चाहिए।'' आम जनमानस से भी अपील की गई है कि यदि कहीं कोई निराश्रित पशु खुले में ठंड से पीड़ित दिखे, तो तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें।

शहर में रौदा जा रहा हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर, खुलेआम खेल रहे भूमाफिया

■ मूक दर्शक की भूमिका में नगर कोतवाली पुलिस व सदर तहसील का राजस्व महकमा

■ चिर निद्रा में एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स, भूमाफियाओं की बल्ले-बल्ले

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां भूमाफिया सरवर खां सुत तौफीक निवासी कोटवा तहसील सदर और फरमान खां पुत्र तौहीद निवासी कस्बा पांचो पीरन ने हाईकोर्ट के स्थगन आदेश की धज्जियां उड़ा दी हैं। दुबई में रहने वाले जमीन के मालिक मोहम्मद समीर पुत्र महफूज अली, निवासी दरियापुर, कोतवाली नगर की जमीन गाटा नंबर 604/1 और 604/2 पर अवैध कब्जा कर फैजाबाद रोड आस्था हॉस्पिटल के सामने पर भारी निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ये भूमाफिया अपने गाटा नंबर 590 को आधार बनाकर पड़ोसी जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। अराजक तत्वों की मदद से फौजदारी करने की धमकी दे रहे हैं। समीर के मैनेजर शिवकुमार तिवारी ने इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 26 दिसंबर 2025 को अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक से मिलने पर दोनों अधिकारियों ने तत्काल उपजिलाधिकारी सदर को फोन कर मामले का संज्ञान लेने के निर्देश दिए। इसके बावजूद निर्माण रुका नहीं। हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर, सिविल कोर्ट में चल रहे मुकदमे और इस्तगासा (स्टे) के बावजूद ये भूमाफिया खुलेआम निर्माण कर रहे हैं। यहां तक की सीमांकन तक निर्माण रोकना जरूरी है, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्या प्रशासन अब भी चुप रहेगा या पीड़ित की आवाज सुनी जाएगी? यह मामला भूमाफिया की मनमानी और कानून की अवहेलना का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। जबकि जमीनों की अवैध कब्जेदारी को लेकर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसे चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर अवैध कब्जों की पहचान कर तुरंत हटाएं जाने का फरमान सीएम योगी की तरफ से दिया गया है। ये निर्देश जनता दर्शन, विधानसभा सत्र और विकास समीक्षा बैठकों में बार-बार दोहराए जाते हैं। बावजूद इसके सीएम योगी का फरमान केवल फ़ाइलों तक ही सीमित रह गया है।

हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है बाबा जलाल शाह का मेला

बल्दीराय/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले की बल्दीराय तहसील के बघौना कस्बे में सदियों पुराना ऐतिहासिक मेला पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। यह मेला हर साल 25 दिसंबर (क्रिसमस) से शुरू होता है और क्षेत्र की सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मेले का मुख्य आयोजन बाबा जलाल शाह की मजार परिसर में होता है। यहां दूर-दराज के इलाकों से हजारों श्रद्धालु और जायरीन पहुंच रहे हैं। मेला प्रबंधक जुबेर अहमद ने बताया कि बाबा जलाल शाह की दरगाह पर हिंदू-मुस्लिम सहित सभी समुदायों के लोग गहरी आस्था रखते हैं। यह मेला आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। मेले में बघौना और आसपास के क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी जिलों से भी बड़ी संख्या में दुकानदार आए हैं। लकड़ी से बने घरेलू सामान, जैसे कुर्सियां, मेजें, दरवाजे और तख्त, यहां विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अतिरिक्त, खिलौने, कपड़े, खान-पान और रोजमर्रा की जरूरतों का सामान बेचने वाली दुकानों पर भी दिनभर भीड़ रहती है।

जिले में कानून का राज या राजनीतिक मेहरबानी

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। एक साल से फरार हत्यारोपी भाजपा नेताओं संग गुलदस्ता थामे मुस्कुराता दिख रहा है, और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जनपद में कानून व्यवस्था का आईना उस वक्त सामने आ जाता है, जब दिनदहाड़े हत्या का मुख्य आरोपी एक साल बाद भी खुलेआम घूमता है वो भी सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के साथ फोटो खिंचवाते हुए। संतराम अग्रहरि हत्याकांड का कथित मुख्य आरोपी अर्जुन पटेल भाजपा नेताओं की गोद में बैठा नजर आ रहा है, लेकिन सुलतानपुर पुलिस की नजरों से कोसों दूर। एक ओर आम आदमी पर पुलिसिया कहर, तो दूसरी ओर तथाकथित भाजपा नेताओं पर रहम। क्या यही है डबल इंजन सरकार की कानून व्यवस्था? दिनदहाड़े अंडा व्यवसायी संतराम अग्रहरि की निर्मम हत्या के बाद परिजनों ने जब शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार किया था, तब प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए थे। मंत्री-विधायक पहुंचे, भरोसे दिए गए, कहा गया अपराधी चाहे जो हो, बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन एक साल बीतने के बाद भी वही अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। मामला तब और शर्मनाक हो गया जब आरोपी प्रदीप वर्मा खुलेआम अपने घर पहुंचा और इसकी सूचना खुद मृतक के बेटे ने थाना प्रभारी को दी। आरोप है कि थाना प्रभारी का जवाब था कि गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से आदेश लाओ। यानी अब हत्या के आरोपी को पकड़ने के लिए भी पीड़ित परिवार को न्यायालयों के चक्कर काटने होंगे? सवाल यह है कि जब आरोपी खुलेआम घूम रहा है तो गिरफ्तारी क्यों नहीं? क्या राजनीतिक रसूख अब कानून से ऊपर हो गया है? थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह पर पुलिस कप्तान की मेहरबानी कब तक? आखिर कब घोषित होगा इनाम, या वो भी सिर्फ आम अपराधियों के लिए है? यह मामला अब सिर्फएक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि सुलतानपुर की कानून व्यवस्था की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बन चुका है। जहां आरोपी बेखौफ पीड़ित बेहाल और पुलिस बेबस नजर आ रही है। अगर यही कानून का राज है, तो फिर सवाल उठना लाज़मी है कि सरकार चला कौन रहा है कानून या कनेक्शन?

एक जनवरी, 2026 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले निर्वाचकों के भी आवेदन स्वीकार किये जायेगे: डीएम

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली के वृहद पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि आयोग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत की अनन्ति मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 23.12.2025 को कर दिया गया है। तत्क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत निर्वाचन नामावली में छूटे हुये मतदाताओं के नाम परिवर्धन के लिए प्रपत्र-2 संशोधन के लिए प्रपत्र-3 विलोपन के लिए प्रपत्र-4 पर भरकर दिनांक 30.12.2025 तक बी0एल0ओ0 को उपलब्ध कराकर अपना नाम पंचायत निर्वाचक नामावली में जुड़या सकते हैं। उक्त के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त बी0एल0ओ0 को निम्नलिखित निर्देश दिये जाते हैं- (1) समस्त बी0एल0ओ अपने आवंटित मतदान केन्द्र/स्थल पर उपस्थित रहकर त्रिस्तरीय पंचायत मतदाता सूची से सम्बन्धित दावा आपत्ति दिनांक 30.12.2025 तक प्राप्त करें। (2)01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी आवेदन स्वीकार किये जायेगे। (3) अनुपस्थित पाये जाने कार्य की लापरवाही करने या किसी प्रकार की शिकायत पायी जाने पर सम्बन्धित बी0एल0ओ0/पर्यवेक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

वाद विवाद प्रतियोगिता में संत विवेकानंद की अंशिका राठौर एवं वैशाली चौहान ने बाजी मारी

इटावा। प्रदर्शनी पंडाल में पण्डित शिवदत्त चतुर्वेदी वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्राएं अव्वल रहीं। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अंशिका राठौर एवं वैशाली चौहान पक्ष एवं विपक्ष वक्ता के रूप में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.जय कृष्ण तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा निखारती हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम शरण गुप्त ने कहा कि बाद विवाद से तार्किक क्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रख्यात साहित्यकार डॉ पदम सिंह यादव पद्म ने पंडित शिव दत्त चतुर्वेदी का स्मरण करते हुए कहा कि वह साहित्य संसार के गौरव स्तंभ थे। वयोवृद्ध कवि सुरेश भाई मिश्र ने कहा कि इस प्रतियोगिता से उनका भावनात्मक लगाव है। उन्होंने अपनी दिवंगत पुत्री गरिमा मिश्रा की स्मृति में विजई प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह वितरित किए। आर्यकन्या इण्टर कॉलेज की शिक्षिका सावित्री कंकन की स्मृति पुरस्कार भी वितरित किए गए। इसके लिए डॉ कुश चतुर्वेदी ने भावना कंकन तथा निशांत गौरव का आभार जताया।

सुमेरपुर ब्लॉक में मनरेगा का 'डिजिटल डाका'

हाज़िरी में हेराफेरी, नियमों की धज्जियाँ

हिफजुर्रहमान



हमीरपुर। मनरेगा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया NMMS (नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम) ऐप हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर ब्लॉक में भ्रष्टाचार का नया हथियार बनता दिखाई दे रहा है। मोबाइल एप के जरिये हाजिरी दर्ज कर कागजी मजदूर खड़े किए जा रहे हैं और सरकारी धन पर खुलेआम डिजिटल डाका डाला जा रहा है। दिनांक 29 दिसंबर 2025 को सुमेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुंडेरा और चंदौखी में दर्ज की गई मनरेगा हाजिरी की जांच में चौंकाने वाली विसंगतियां सामने आई हैं। मस्टर रोल में दर्ज श्रमिकों की संख्या और लिंग अनुपात, NMMS एप पर अपलोड की गई ग्रुप फोटो से मेल नहीं खाते, जिससे फर्जी उपस्थिति और भुगतान की आशंका और गहरी हो गई है।

संख्या और जेंडर में बड़ा अंतर- मस्टर रोल में दोनों पंचायतों में 10-10 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की गई है, लेकिन अपलोड की गई तस्वीरों में या तो लोगों की संख्या अधिक दिखाई दे रही है या फिर महिला-पुरुष का अनुपात पूरी तरह गड़बड़ है। इससे यह संकेत मिलता है कि वास्तविक मजदूर मौके पर कम और कागजों व एप में अधिक दिखाए जा रहे हैं।

ग्राम पंचायत व कार्य विवरण

ग्राम पंचायत : मुंडेरा

मस्टर रोल संख्या : 9642

कार्य : जल रोक बांध / चकमार्ग निर्माण

स्थान : कल्लू के खेत से मरघट तक

स्थिति : मस्टर रोल में 10 श्रमिक दर्शाए गए,

जबकि NMMS पर अपलोड ग्रुप फोटो में 11 लोग (6 महिलाएं व 5 पुरुष) साफ नजर आ रहे हैं।

ग्राम पंचायत : चंदौखी

मस्टर रोल संख्या : 9615

कार्य : पाना सत्ती तालाब खुदाई / सिल्ट कार्य

हाजिरी विवरण : मस्टर रोल में 10 श्रमिक (5 पुरुष, 5 महिलाएं) दर्ज

वास्तविक स्थिति : ग्रुप फोटो में 6 महिलाएं दिखाई दे रही हैं, जो मस्टर रोल में दर्ज लिंग अनुपात से मेल नहीं खाता।

नियमों की खुली अवहेलना

मनरेगा के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य स्थल पर सुबह और शाम दोनों समय फोटो अपलोड करना अनिवार्य है, लेकिन दोनों पंचायतों के रिकॉर्ड में साफ दर्ज है–

दूसरी फोटो अपलोड नही

शाम की फोटो का जानबूझकर अपलोड न किया जाना इस बात की ओर इशारा करता है कि यह फर्जी उपस्थिति बनाए रखने और भुगतान सुनिश्चित करने की सुनियोजित प्रक्रिया हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला केवल दो पंचायतों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे सुमेरपुर ब्लॉक में रोजाना सैकड़ों फर्जी हाजिरी लगाई जा रही हैं। मनरेगा जैसे रोजगार गारंटी कानून को कागजों और मोबाइल एप तक सीमित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और तकनीकी स्टाफ से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों तक सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि मनरेगा की साख और गरीब मजदूरों का हक सुरक्षित रह सके।

नगर पंचायत गठन के बाद कोटा के कई टोले मताधिकार से वंचित

सोनभद्र/डाला। चोपन विकास खंड के ग्राम पंचायत कोटा को विभाजित करके नगर पंचायत में शामिल किए जाने की प्रक्रिया के दौरान कई छोटे टोले ना तो ग्राम पंचायत में सम्मिलित हुये और ना ही नवसृजित नगर पंचायत में और ना कहीं के मतदाता बन पाये। ग्राम प्रधान प्रहलाद चेरो ने इस संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनभद्र को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कोटा के कई टोला–कजरहट, धोटा टोला, चुनियरा, खटखर, गोरादह–के सैकड़ों मतदाताओं के नाम नगर पंचायत की मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2015 की ग्राम पंचायत मतदाता सूची में इन टोलों के नाम वार्ड 09, 14 व 15 में दर्ज थे। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव के दौरान भी इन टोलों के मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत मतदाता सूची से गायब मिला। बावजूद इसके, नगर पंचायत गठन के समय इन टोलों को सटे हुए न मानते हुए मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया, जिससे लगभग 450 500 मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

चार फीट लंबा अजगर, हड़कंप

दो बहादुर बच्चों की सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम (हरदोई)। क्षेत्र के रहुला गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आबादी के पास शहीद मर्द बाबा की मजार के निकट करीब चार फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर के निकलते ही गांव में दहशत फैल गई और लोग भय के कारण अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। कुछ देर के लिए पूरा इलाका सहम सा गया।

इसी बीच गांव के दो बहादुर बच्चे मोहम्मद शोएब और फहद ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए स्थिति को संभाल लिया। बिना घबराए दोनों बच्चों ने अजगर को काबू में किया और सावधानीपूर्वक उसे एक बोरी में बंद कर दिया। बच्चों की इस बहादुरी से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और संभावित हादसा टल गया।

सूचना मिलने पर पकड़े गए अजगर को सुरक्षित रूप से वन विभाग को सौंप दिया गया, जिसके बाद उसे प्राकृतिक आवास में छोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस साहसिक कार्य को लेकर पूरे गांव में मोहम्मद शोएब और फहद की जमकर प्रशंसा हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की हिम्मत और समझदारी से बड़ा खतरा टल गया।

कोहरे में फैली गिट्टी बनी खतरा, 'रक्षक' बनकर आगे आए अरविंद यादव व अमन सिंह

हरदोई (अवधनामा संवाददाता) बिलग्राम नगर के कानपुर बाईपास से पटेल डिग्री कॉलेज तक उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक डंपर सड़क पर गिट्टी फैला कर निकल गया। घना कोहरा, ऊपर से सड़क पर बिखरी गिट्टी हालात ऐसे कि ज़रा सी चूक और बड़ा हादसा तय! लेकिन कहते हैं ना–जब जिम्मेदारी साथ चलती है, तो हादसे रास्ता बदल लेते हैं। इसी दौरान वहां से गुजर रहे उपनिरीक्षक अरविंद यादव और उनके साथी अमन सिंह की नजर सड़क पर फैली गिट्टी पर पड़ी। दोनों तुरंत रुके और हालात को भांपते हुए नगर पालिका को फोन घुमा दिया। पालिका टीम तो आई, मगर ड्यूटी ऑफ है कहकर हाथ खड़े कर दिए। जहां आम लोग निराश हो जाते, वहां अरविंद यादव और अमन सिंह ने कहा जब तक रास्ता साफ नहीं, हम नहीं जाएंगे। दोनों सीधे कस्बे के प्रजापति गेस्ट हाउस पहुंचे, बात की और वहां से लेबर व ट्रैक्टर की व्यवस्था कर सड़क पर फैली पूरी गिट्टी किनारे करवा दी। कुछ ही देर में सड़क साफ, यातायात चालू और लोगों के चेहरे पर सुकून लौट आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते गिट्टी न हटाई जाती तो कोहरे में कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। अब पूरे कस्बे में उपनिरीक्षक अरविंद यादव और अमन सिंह की जिम्मेदारी, तत्परता और जज्बे की जमकर तारीफ हो रही है। लोग कह रहे हैं ऐसे पुलिसकर्मी हों तो शहर खुद-ब-खुद सुरक्षित हो जाए।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

मौदहा (हमीरपुर)(अवधनामा संवाददाता) कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उर्दना निवासी युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ब्रजराज (28) पुत्र रामेश्वर बाइक से बांदा से लौट रहा था। गांव के पास बाइक खड़ी कर वह सड़क किनारे खड़ा था, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कल्टीवेटर लगे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। तीन वर्ष पूर्व उसके एक भाई की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है।

अटल स्मृति सम्मेलन में दी गई एसआईआर की जानकारी

सुमेरपुर (हमीरपुर)(अवधनामा संवाददाता) कस्बे के एक गेस्ट हाउस में अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति ने विधानसभा स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों और एसआईआर से जुड़ी जानकारी दी। सम्मेलन में अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर वक्ताओं ने विचार रखे। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यापारी नेता पर बहू से मारपीट का आरोप

सुमेरपुर (हमीरपुर)(अवधनामा संवाददाता) कस्बे के एक व्यापारी नेता पर पड़ोस में रहने वाली बहू के साथ मारपीट का आरोप लगा है। पीड़िता कल्पना गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भवन निर्माण के दौरान नाली टूटने की शिकायत करने पर व्यापारी नेता कृष्ण कुमार गुप्ता व उसके परिजनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक सप्ताह बाद शुरू हुई ज्वार की तौल, किसानों को राहत

कुरारा (हमीरपुर) (अवधनामा संवाददाता) कृषि उत्पादन मंडी समिति में एक सप्ताह से बंद पड़ी ज्वार की तौल सोमवार से शुरू हो गई। पहले चरण में छोटे किसानों की ज्वार की तौल कराई गई। किसानों की शिकायत पर प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद तौल शुरू हुई। 35 किसानों को क्रमवार नंबर देकर तौल की जा रही है। ज्वार खरीद की अंतिम तिथि नजदीक होने से किसानों ने राहत की सांस ली।

यूरिया खाद पहुंचते ही केंद्र पर उमड़ी किसानों की भीड़

कुरारा (हमीरपुर)। पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र पर यूरिया खाद पहुंचते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में लाइन लगाकर खाद का वितरण कराया गया। केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि आधार कार्ड व खतौनी के आधार पर खाद वितरित की गई। देर शाम तक वितरण चलता रहा।

हर दिव्यांग बच्चें तक पहुचें शासन की सुविधा: सी.डी.ओ.

वहाज अली ख़ान (निहाल)

उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरें खिलें

इटावा। ब्लांक संसाधन केन्द्र सैफई में समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के अन्तर्गत 6 से 14 वर्ष के विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग), जिन्हें चलने, उठने बैठने में तथा दृष्टि से समस्या ग्रस्त बच्चों के लिए तथा सुनने में अक्षम(श्रवणबाधित)बच्चों के लिए सोमवार को सहायक उपकरण/यन्त्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक(समेकित शिक्षा)श्रीमती अर्चना सिन्हा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा के द्वारा तथा एलिम्को कानपुर से आये दिव्यांगता विशेषज्ञ पिन्टू कुमार तथा ऑडियालाजिस्ट विशेषज्ञ और कैलीपर्स विशेषज्ञ द्वारा उपकरण के लिए चिन्हित बच्चों को उपकरण वितरित किये गए। मुख्य अतिथि अजय कुमार गौतम मुख्य विकास अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी तथा गौरव पुरोहित खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती मॉ पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा व खण्ड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा के द्वारा मुख्य अतिथि को एवं रिसोर्स टीचर प्रहलाद कुमार द्वारा विशिष्ट अतिथियों को बुके व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और प्रहलाद कुमार, अवधेश सिंह, अनिल कुमार व खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को आशीर्बचन देते हुए कहॉ कि आपको स्कूल आने व जाने में जो असुविधा हो रही थी आज इस उपकरण के प्रयोग से आपको शिक्षण-प्रशिक्षण में काफी सुविधा होगी और इस उपकरण के सहारे आप शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकेगें। दिव्यांगता अभिशाप नही है। कितना अच्छा है आज स्कूल न जा सकने वाले बच्चें भी उपकरण पाकर सुगमता पूर्वक रैम्प के माध्यम से स्कूल के कक्षा कक्ष तक पहुँच सकेगें। हमें बहुत खुशी हो रही है कि समेकित शिक्षा के अन्तर्गत आप सभी बच्चों को उपकरण/उपस्कर (ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कैलीपर्स ब्रेलस्लेट, स्टाइलस, छड़ी, रोलेटर तथा एमआर शिक्षण सामग्री) आदि उपकरण और कान की मशीन प्रदान कियें जा रहें है। 05 वर्ष से कम उम्र वाले मूकबधिर दिव्यांग बच्चों के लिए विकास भवन में कॉक्लियर इम्प्लायमेन्ट के लिए पंजीकरण किया जाता है इस पंजीकरण के उपरान्त बच्चों को 04 लाख से ऊपर की कान की मशीन ऑपरेशन के माध्यम से लगाया जाता है। इस सुविधा के लिए आप निःशुल्क विकास भवन में पंजीकरण करायें। कैम्प के लिए समेकित शिक्षा से अर्चना सिन्हा व उनके समस्त विशेष शिक्षक बधाई के पात्र है। जो इन दिव्यांग बच्चों को सुदूर ब्लाकों से लाकर उपकरण उपलब्ध करा रहे है और शैक्षिक सपोर्ट प्रदान कर रहे है। कार्यक्रम में उपस्थित लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के द्वारा दिव्यांगजन विभाग में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गयी। अन्त में जिला समन्वयक श्रीमती अर्चना सिन्हा द्वारा यह जानकारी दी गयी कि यहॉ पर कुल पंजीकृत 258 बच्चों में से कुल 203 बच्चों को उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया, जिसमें 27 व्हीलचेयर, 08 एल्ब्रोक्रच, 20 कैलीपर्स, 05 ट्राईसाइकिल, 25 रोलेटर, 09 ब्रेलकीट, 05 सुगम्य केन, 04 सी0पी0 चेयर, एमआर टीएलएम कीट प्राइमरी- 43 व एमआर टीएलएम कीट सेकेण्डरी- 72 और कान की मशीन हेतु 20 सुनने में अक्षम बच्चों को 40 कान की मशीन के साथ बैटरी भी प्रदान किया गया और यह भी जानकारी दी कि कुछ बच्चों को एक अथवा दो और तीन उपकरण भी प्रदान कियें जा रहें जिससें बच्चा ट्राईसाईकिल से विद्यालय तक पहुँच कर बैसाखी के माध्यम से या रोलेटर के सहारे कक्षा-कक्ष में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर सके। कैम्प में दिब्यांग बच्चों को उपस्थित होने की हार्दिक शुभकामनायें दी गयी। कैम्प में समस्त स्पेशल एजूकेटर्स अनिल कुमार, अवधेश कुमार, जितेन्द्र मौर्य, रामकुमार यादव, यशवन्त सिंह, अवधेश सिंह, अतुल कुमार, नीलेश कुमार, ओम प्रकाश, अवधेश कुमार, सच्चिदानन्द पाण्डेय साधना मिश्रा, आकृति गौर, अम्बिका गौर, राजेश कुमार, सनेश कुमार, साधना, दिलीप सिंह, कु.अंशिका विशेष सहयोग रहॉ।

महिला खेलकूद प्रतियोगिता 'निरामया 2.0' का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सीईटीआई परिसर में सोमवार को दो दिवसीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 'निरामया 2.0' का शुभारंभ हुआ। एनसीएल परिवार की महिलाओं की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सिलोस प्रेसिडेंट एवं कृति महिला मंडल की अध्यक्षा बी.के. दुर्गा ने वीसी के माध्यम से किया। इस अवसर पर कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह, शीला द्विवेदी, रूबी जायसवाल सहित महिला मंडल की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। 'निरामया 2.0' के अंतर्गत बैडमिंटन, कैरम, लूडो, 50 मीटर दौड़, कबड्डी, रिले रेस, रस्साकशी एवं बैलेंस द ग्लास जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पाँच टीमों के लगभग 45 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यह खेलकूद प्रतियोगिता गृहिणियों एवं एनसीएल परिवार की महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण एवं महिला चेतना की दिशा में एनसीएल के सतत प्रयासों को भी रेखांकित करती है।

सोनांचल इंटर कॉलेज घोरावल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

घोरावल/सोनभद्र। सोनांचल इंटर कॉलेज घोरावल का वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय सांसद छोटेलाल खरवार ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। उक्त अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए सांसद श्री खरवार ने अनुशासन से ही देश महान बनता है, उन्होंने छात्रों को अनुशासन एवं कर्तव्य पालन की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति का विकास संभव है। उन्होंने वंदे मातरम पर चर्चा करते हुए आजादी की लड़ाई में पूरे देश के लोगों का देश की आजादी के लिए अपना तन मन धन अर्पण करने तथा वंदे मातरम के माध्यम से पूरे देश में जन जागरण की बात कही। देश के लिए एक शिक्षा और एक समान चिकित्सा की बात कही। विद्यालय के छात्रो ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य, एकांकी का प्रदर्शन किया जो अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों, गत दिनों हुए खेलकूद में अव्वल छात्रों, हाईस्कूल की परीक्षा मे विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा श्रद्धा उमर, मुस्कान एवं धीरज सिंह तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा मे विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रिया कुमारी, अभ्युदय सिंह, मुकेश कुमार को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं भारतीय संविधान की कॉपी भेंट की गई। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने भी छात्रों को संबोधित किया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से जिला स्काउट कमिश्नर सुनील सिंह, प्रबोध कुमार सिंह, गणेश देव पांडेय, कामता कुशवाहा, चंद्रभान मौर्य, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार, कन्हैया लाल सेठ, अमरनाथ सिंह, अंजली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य काशी प्रसाद मौर्य ने किया। संचालन दिनेश पाठक ने किया।

दो दिवसीय मीना मंच सुगमकर्ता कार्यशाला संपन्न

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संचालित समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के तहत मीना मंच सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता विकास विषय पर आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य समापन आज ब्लॉक संसाधन केंद्र, बिलग्राम (हरदोई) में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में बालिकाओं के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता एवं नेतृत्व क्षमता के विकास को प्रभावी रूप से बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी श्री गिरिजेश कटियार के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन राज्य पुरस्कार प्राप्त संदर्भदाता श्रीमती मंजू वर्मा एवं श्रीमती बीना वर्मा द्वारा किया गया। सत्रों में मीना मंच की अवधारणा, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को मीना मंच के गठन, हाफ एवं फुल कॉमिक सहित छह प्रकार की पुस्तकों से परिचित कराया गया। इन कॉमिक पुस्तकों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि इनका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मूल्यबोध, समानता के प्रति संवेदनशीलता एवं सकारात्मक सोच का विकास करना है। प्रशिक्षण में बच्चों के साथ चर्चा, गतिविधियाँ एवं प्रश्नोत्तर की महत्ता पर विशेष बल दिया गया। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षण प्रक्रिया में व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि आंतरिक गुणों को महत्व दिया जाए और रूढ़िवादी सोच (स्टीरियोटाइप) से बचते हुए बालिकाओं को निर्णय लेने एवं नेतृत्व के अवसर प्रदान किए जाएं। सत्रों में यह भी बताया गया कि शिक्षक स्वयं कक्षा में बच्चों के साथ कॉमिक बुक का निर्माण करवा सकते हैं, जो संवाद का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। इसके अतिरिक्त नवाचार एवं प्रगति के पंख कार्यक्रम (टूल-10), अरमान मॉड्यूल, अभिभावक सहभागिता, एसएमसी, तथा वीरांगना पोर्टल की उपयोगिता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के दौरान पॉक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 181, 102 आदि की जानकारी सुगमकर्ताओं को दी गई। प्रतिभागियों से आगामी कार्ययोजना भी तैयार कराई गई, जिससे विद्यालय स्तर पर मीना मंच की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। कार्यशाला के समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उन्होंने मीना मंच को बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, रूढ़िवादिता को तोड़ने और सपनों को साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देश सकील अहमद, अरविंद कुमार राठौर, रीता रानी मौर्य, स्वयंका बौद्ध, मंजीता श्रीवास्तव, अब्दुल मोहिद अंसारी, आशुतोष कुमार, अवधेश कुमार, सुभाष चंद्र आर्य, बदले कुमार, विनीत पाल, अमित श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा स्वेटर वितरण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। रेनूपावर प्राथमिक पाठशाला, रेनूसागर में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा शीतकालीन सहायता के अंतर्गत स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदू सिंह ने विगत वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरित किए।कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा-3 के लगभग 120 छात्र-छात्राओं तथा शिशु कक्षा के 65 छात्र-छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए गए। कड़कड़ाती ठंड में ऊनी स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर इंदू सिंह के साथ निशा पांडेय, कविता श्रीमाली, तूलिका श्रीवास्तव, विभा मनीष सहित महिला मंडल की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंदू सिंह ने ÷सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय÷ के विचार को आत्मसात करने का संदेश दिया तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल देश के विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि व्यक्ति के आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में सहायता मिलती है। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा दुबे ने दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या एवं सभी सदस्याओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

ठंड से किसी गोवंश की मृत्यु न हो : धर्मपाल

- पशुचिकित्साधिकारी गौआश्रय स्थल जाकर चिकित्सा व औषधि की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करें
- राज्य सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध: पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश के गौ आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देश दिये कि गो आश्रय स्थलों पर गोवंश के ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जनपद के नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी प्रकाश आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

श्री सिंह ने पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित बजट शत प्रतिशत व्यय किया जाए और उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाए। किसी भी मद का बजट सरेंडर न होने पाए। योजनाओं हेतु आवंटित बजट के व्यय में लापरवाही व उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। सभी अवस्थापना संबंधी कार्य माह फरवरी 26 तक पूर्ण कर लिए जाए। कार्यदाई संस्था द्वारा मानक के अनुरूप तथा लेआउट के अनुसार कार्य किया जाए। अवस्थापना संबंधी कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। निर्धारित अवधि में वृहद गौसंरक्षण केन्द्रों का कार्य पूर्ण कराया जाए। गोवंश शेड, पानी पीने की चराहिया, खडंजा आदि मजबूत एवं व्यवस्थित तरीके से निर्मित कराया जाए। जिन गौ आश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल संबंधी कोई भी शिकायत संज्ञान में आए वहां तत्काल सुधार किया जाए।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए और निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जाए। इन कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। उन्होंने दुग्ध विकास के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पराग के उत्पादों की मार्केटिंग को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए और पराग के उत्पादों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का कोई समझौता न किया जाए। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने मंत्री जी को विभाग की योजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोआश्रय स्थलों पर गौवंश के ठंड से बचाव के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। अवस्थापना संबंधी कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी योजनाओं में आवंटित बजट का पूर्ण सदुपयोग किया जाए।

बैठक में पीसीडीएफ के एमडी वैभव श्रीवास्तव, पशुपालन विभाग के निदेशक (प्रशासन एवं विकास) डा0 मेम पाल सिंह, निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सहित पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मॉब लिंचिंग पर सख्त कानून बनाया जाये : शिया पर्सनल लॉ बोर्ड

- युवाओं से अधिकारों के लिए संगठित होने की अपील

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के ऐतिहासिक आसिफी इमामबाड़े में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में देश में बढ़ती मॉब लिंचिंग पर सख्त कानून बनाने और सच्चर कमेटी की तर्ज पर कमेटी गठित कर देश में शिया समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की समीक्षा कर शियों को अलग से आरक्षण दिये जाने की मांग की गयी। इससे पहले अधिवेशन का आगाज तिलावते कलामे पाक से हुआ। अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष मौलाना साएम मेहदी ने भीषण ठण्ड के बावजूद अधिवेशन में शामिल होने के लिए देश-प्रदेश के विभिन्न कोनों से आए उलमा, खुतबा, बुद्धिजीवियों और अंजुमनों के पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बोर्ड गठन की जरूरत के बारे में बताया। बोर्ड महासचिव व प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि हजरत अली ने फरमाया कि जिस दिन लोग अपने हक की लड़ाई लडना छोड़ देंगे उस दिन से जुल्म शुरू हो जाएगा। इसलिए अपने हक की लड़ाई लड़ते रहना चाहिए और सरकार के सामने अपनी मांगें रखना चाहिए। अधिवेशन में की गयी अन्य मांगें अधिवेशन के जरिए सरकार से यूनिफार्म सिविल कोड पर पुनर्विचार करने, वक्फ बोर्डों विशेष कर उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार और कीमती सम्पत्तियों की अवैध बिक्री की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने और रखरखाव को विशेष कानून बनाने, हुसैनाबाद ट्रस्ट में व्याप्त भ्रष्टाचार और ऐतिहासिक इमारतों की जर्जर स्थिति को तुरंत सुधारने, बेटियों की शिक्षा और हिजाब के संविधान प्रदत्त अधिकार को पूरी तरह लागू करने और सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना स्थित जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और इमामों की मजारों के पुनर्निर्माण कराने के लिए सऊदी हुकूमत पर दबाव बनाने की मांगें शामिल हैं।

काशी में नफरत कतई बर्दाश्त नहीं : अजय राय

- बदसलूकी वालों की पहचान कर कठोर कानूनी कार्रवाई हो

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वाराणसी में गंगा घाट पर जापानी पर्यटकों के साथ हुई अभद्र घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे निंदनीय बताते हुए प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था की भयावह तस्वीर बताया है। उन्होंने कहा कि अतिथि देवो भवः की भूमि काशी में नफरत कतई बर्दाश्त नहीं है। काशी में घाट पर जापानी पर्यटकों के साथ हुई अभद्रता की घटना की निंदा करते हुए श्री राय ने सरकार से बदसलूकी करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। श्री राय ने कहा कि यह घटना उस शहर में घटी है जो देश के प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है और जिसे पूरी दुनिया आध्यात्म, संस्कृति और सहिष्णुता के केन्द्र के रूप में जानती है। जब सत्ता के संरक्षण में गुण्डों और असामाजिक तत्वों को खुली छूट दी जाती है तो वे क्या करेंगे यह तय नहीं किया जा सकता। श्री राय ने कहा कि पहले मुसलमानों और ईसाइयों को निशाना बनाया गया और अब विदेशी पर्यटक भी सुरक्षित नहीं हैं। केवल सांता क्लॉज की कैप पहनने पर जापानी पर्यटकों के साथ बदसलूकी दर्शाता है कि प्रदेश में कानून का डर समाप्त और भीड़तंत्र हावी हो चुका है। वाराणसी और सारनाथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध टूरिस्ट सर्किट के प्रमुख केन्द्र हैं, जहां हर वर्ष हजारों विदेशी पर्यटक आते हैं। ऐसी घटनाएं न केवल प्रदेश बल्कि देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाती हैं।

एलजेपी ने कंबल वितरण व तहरी भोज का किया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए दुर्गागंज स्थित मुस्कान लॉन में कंबल वितरण एवं विशाल तहरी भोज का भव्य आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों जरूरतमंद बुजुर्गों और महिलाओं को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल भेंट किए गए। इस दौरान कंबल पाकर बुजुर्गों की आंखें छलक आई और उन्होंने पार्टी की प्रगति के लिए अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला कुमारी एवं विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष (मध्य) राजेंद्र प्रसाद रावत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी अपने संस्थापक दिवंगत रामविलास पासवान के सिद्धांतों पर चलते हुए हमेशा गरीबों और वंचितों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत है।

पार्टी पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लोक जनशक्ति पार्टी का मिशन केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़ा रहना ही पार्टी की प्राथमिकता है। आयोजक नीलम सरोज ने सभी उपस्थित लोगों को पार्टी का झंडा वितरित करते हुए निवेदन किया कि वे इसे अपने घरों पर लगाएं और पार्टी के विस्तार में अपना सहयोग प्रदान करें। इस सेवा शिविर में मलिहाबाद विधानसभा के कुसमौरा, हलुआपुर, मंडौली, मौलवी खेड़ा, रानियां मऊ और दुर्गागंज सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम कुमार भारती, राजेश रावत, नागेंद्र पासवान, कमाल अहमद, दिनेश वर्मा और संतोष रावत सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी उपाध्यक्ष ने विश्वास दिलाया कि समाज सेवा की यह मुहिम भविष्य में भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगी।

नए साल का जश्न मनाए को लेकर मौलाना सैफ अब्बास मौलाना रजबी आमने सामने

लखनऊ। नए साल को मनाने और इसका जश्न मनाने को लेकर मौलाना सैफ अब्बास और मौलाना शहाबुद्दीन अपने अपने ब्यान को लेकर आमने सामने आ गए हैं मौलाना शहाबुद्दीन रजबी ने इसे जहां शरई तौर से नाजायज़ बताया वहीँ मौलाना सैफ अब्बास ने कहा की इस्लाम न तो नए साल की पार्टी मनाने का हुक्म देता है। शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी बरेली की नए साल के जश्न को नाजायज करार देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस्लाम न तो नए साल की पार्टी मनाने का हुक्म देता है और न ही इसे मना किया है। इसे नाजायज ठहराना इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं से मेल नहीं खाता। मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि इस्लाम में फूहड़पन, फिजूलखर्ची और नाच-गाने से हमेशा मना किया गया है। लेकिन नए साल के स्वागत को किसी मजहबी ऐतराज की बुनियाद पर हराम या नाजायज कहना सही नहीं है।

फ़र्ज़ी आयुष्मान कार्ड बनाने वालों पर गैंग्स्टर की तयारी

- लगभग चार हज़ार से ज़्यादा जाली आयुष्मान कार्ड बनाने की चर्चा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। फ़र्ज़ी आयुष्मान कार्ड बनाने वाले गैंग के पकडे गए सदस्यों पर एसटीएफ गैंगस्टर की तैयारी कर रही है वहीं फरार लोगों की तलाश में दबिश भी दी जा रही है। दूसरी तरफ अस्पताल कर्मचारियों की मिली भगत के बगैर असम्भव इस काण्ड में अस्पताल इस काम में शामिल कर्मचारियों की भी भूमिका के साथ कार्रवाई की तैयारी है। इस गिरोह लगभग चार हज़ार से ज़्यादा जाली आयुष्मान कार्ड बनाने की चर्चा है।

एसटीएफ का मानना है कि बिना अस्पताल कर्मियों की मिलीभगत के इतने बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा संभव नहीं था। जल्द ही और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

एसटीएफ ने बीते दिनों गोमतीनगर विस्तार से जाली आयुष्मान कार्ड बनाने वाले गिरोह के सरगना समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ और जांच में सामने आया था कि इस पूरे नेटवर्क का मुखिया दिल्ली में बैठकर संचालन कर रहा है। उसी तक पहुंचने और पूरे गिरोह का राजफाश करने के लिए एसटीएफ ने अब अस्पतालों में तैनात आयुष्मान मित्रों, एजेंसी के कर्मचारियों और अन्य संबंधित कर्मियों की भूमिका की गहन पड़ताल शुरू की है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आयुष्मान कार्ड बनाने वाले जालसाजों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में सेंटर तक्सीम

लखनऊ। अंबर फाउंडेशन की तरफ से जारी ठंड में रहत के उद्देश्य से स्वेटर वितरण कार्यक्रम का कारवां आज इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में पंहुचा। जहां गरीबों को स्वेटर वितरित किया गया। कार्यक्रम में ईदगाह के इमाम मौलाना ख़ालिद रशीद फ़िरंगी महली साहब, इस्लामिक सेंटर ऑफ़ अमेरिका के प्रमुख मौलाना तारिक़ रशीद फ़िरंगी महली साहब विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही मौलाना नईम-उर-रहमान क़िदवई अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। अम्बर फ़ाउंडेशन की ओर से संस्थापक वफ़ा अब्बास स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवाब अली अकबर (उतरौला स्टेट), पूर्व पार्षद प्रत्याशी ऐनुद्दीन अहमद, ऑल इंडिया जमाअतुल क़ुरैशी के शहाबुद्दीन क़ुरैशी, अम्बर फ़ाउंडेशन के सलाहकार ज़मानत अली, समर मेहंदी, अम्बर एजुकेशन हेड शाज़िया हसन, तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुजाहिद क़िदवई साहब ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

हजरत अली का जन्मदिन तीन को नज़्रों व महफिलों की तैयारियां शुरू

- खरीदारियों में जुटे लोग, इबादतगाहों में होगी भव्य सजावट

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) के दामाद और शियों के पहले इमाम अमीरउल मोमेनीन हजरत अली (अ.स) की यौमे विलादत मनाने की तैयारियों में लोग जुट गया हैं। हजरत अली (अ.स.) का जन्मदिन 3 जनवरी को बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर होने वाली महफिलों और नज़्रों की तैयारियां शुरु हो गयी हैं। इस मौके पर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाये जायेगे और बाजार से विभिन्न प्रकार की मिठाईयां खरीद कर विशेषकर खीर पर नज़्र दी जाएगी। इस मौके पर बच्चों के लिए नज़्र के दिन पहने के लिए नये-नये कपड़े, जूते-चप्पल आदि की खरीदारियां भी शुरु कर दी हैं। विलादत की खुशी में आतिशबाजी भी की जायेगी।

जश्ने मौलूदे हरम 2 को

इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में इदारा-ए-खुद्दामे मौलूदे हरम की ओर से जश्ने मौलूदे हरम शीर्षक से महफिल का आयोजन 2 जनवरी को रात 9 बजे किया जाएगा। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। महफिल को अली मुत्तकी जैदी खिताब व संचालन नय्यर मजीदी करेंगे। इस मौके पर भव्य सजावट की जायेगी और ड्रा के जरिये लोगों को उपहार भी दिये जायेंगे। इसी तरह कटरा बिजन बेग स्थित अजाखाने नवाब अजमल हुसैन में दोपहर 1.30 बजे महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास 150 भेड़ों की मौत, कई भेड़ें बचाई गयी

- 75 को इलाज उपरांत बचा लिया गया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बसंत कुंज योजना स्थित प्रेरणा स्थल के पास घैला गांव में लगभग 150 भेड़ों की ज़हरीला पदार्थ खाने से मौत हो गयी वहीं लगभग 75 भेड़ों को खबर मिलते ही बचा लिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा को फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इस खबर से आस पास के क्षेत्रों में दहशत फ़ैल गयी और खबर जंगल में आग की तरह फ़ैल गयी। भेड़ पालक का कहना है कि रविवार सुबह वह भेड़ों को लेकर फतेहपुर से लेकर लखनऊ आए थे और बड़ा मैदान (राष्ट्र प्रेरणा स्थल) को देकर रुक गए, जहां बहुत सारा खाना पड़ा था। भेड़ चरने चली गई और वहां पड़े भोजन को खा रही थीं। शाम बाद वह भेड़ों को लेकर पास में ही घैला गांव पहुंचा था, जहां पर खाली जमीन पर डेरा बनाया था। रात होते होते अचानक भेड़ों का पेट फूलने लगा, जिससे वह मरने लगीं। सोमवार सुबह पशुपालन विभाग की टीम जांच करने पहुंची, जबकि अधिकांश भेड़े मर चुकी थीं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार का कहना है कि 150 भेड़ों की मौत हो गई है, जबकि 75 को इलाज उपरांत बचा लिया गया है। सूचना पाकर पशुपालन विभाग की टीमें और भारी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा। बीमार भेड़ों को बचाने के लिए आनन-फानन में मेडिकल कैंप लगाया गया है और डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है, हालांकि कई भेड़ों की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। इस पूरे मामले में पुलिस ने कठोर रुख अपनाते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ जीव-जंतुओं के प्रति क्रूरता और उन्हें नुकसान पहुंचाने से संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कानून के मुताबिक, यदि कोई व्यक्ति किसी जानवर को जानबूझकर जहर देता है, उसे मारता है या उसे ऐसी स्थिति में छोड़ देता है जिससे उसकी जान को खतरा हो, तो यह एक गंभीर दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें अपराधी को जेल की सजा और भारी आर्थिक दंड दोनों भुगतने पड़ सकते हैं।

महामंत्री बने बसंत चतुर्वेदी

- एनई रेलवे मजदूर यूनियन का 65वां अधिवेशन संपन्न
- केएल गुप्ता बने केंद्रीय अध्यक्ष, वीएन सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। एनई रेलवे मजदूर यूनियन का 65 वां वार्षिक अधिवेशन में ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में मजदूर यूनियन का महामंत्री बसंत चतुर्वेदी निर्विरोध चुना गया। अधिवेशन एआईआरएफ के द्वारा नामित आब्जर्वर एलएन पाठक की नेतृत्व में हुआ। केएल गुप्ता को केंद्रीय अध्यक्ष और वीएन सिंह को केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

अधिवेशन में कर्मचारियों के हित में प्रस्ताव पारित किये गए। जिसमें मुख्य रूप से 8वां वेतन आयोग में मल्टिप्ल फैक्टर, कर्मचारियों की रि-स्ट्रक्चरिंग, ग्रेड पे 1800 के 30 प्रतिशत पदों को ग्रेड पे 1900 में अपग्रेड किये जाने, पदों के सरेंडर व निजीकरण का विरोध, रिस्क और हार्डशिप भत्ता के लिए गठित हो।

कमेटी की सिफारिशों को शीघ्र लागू करने व अन्य प्रस्ताव रहे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम केंद्रीय वाराणसी मंडल मंत्री एन बी सिंह, लखनऊ मंडल मंत्री आर एन गर्ग, इज्जतनगर मंडल मंत्री कामरान अहमद, कारखाना मंडल अध्यक्ष परवेज, शाखा मंत्री मनोज सिँह, सफदर हुसैन, ए के रावत, नैय्यर अहमद, सूरज पाण्डेय, राजन सक्सेना फकरे आलम मौजूद रहे।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 142 मरीजों को मिला लाभ

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। एमएसजी फाउंडेशन द्वारा स्वर्गीय पुष्पा टंडन की स्मृति में ÷प्रेम और सेवा की विरासत को समर्पित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोयजत हुआ। चिकित्सा शिविर शाही खैरात खाना, विक्टोरिया स्ट्रीट, सुन्नी इंटर कॉलेज के पासदोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 142 मरीजों की चिकित्सीय जांच की गई, जिन्हें डॉक्टरों द्वारा आवश्यक निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान की गईं। शिविर में रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), मधुमेह (शुगर) एवं वजन की जांच के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही पोषण, परिवार नियोजन एवं सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता पर भी मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलीम हुसैन (कतर सेंट्रल बैंक में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ एवं प्रसिद्ध उर्दू शायर) रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सीए सैयद नय्यर हुसैन अल्वी (सहायक प्रबंधक जोखिम परामर्श, केपीएमजी एश्योरेंस एंड कंसल्टिंग सर्विसेज एलएलपी) उपस्थित रहे।अतिथि के रूप में रबाब जाफ़री (वरिष्ठ क्लाउड इंजीनियर) तथा ज़हीर मुस्तफ़ा (वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता) उपस्थित रहे। चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने वाली डॉक्टरों की टीम में मुख्य रूप से डॉ. शिवा गुप्ता (एमबीबीएस), डॉ. सलीम (एमबीबीएस), डॉ. सानिया सुब्हान, डॉ. तमजीद आरिफ, डॉ. युसरा, डॉ. जुबिया आयशा ,अक्सा एवं डॉ. साद खान शामिल रहे।

जश्ने अली असगर व जश्ने शीर खारे कर्बला कल

लखनऊ। हजरत इमाम हुसैन (अ.स) के छह महीने के मासूम बेटे हजरत अली असगर (अ.स) की विलादत के सिलसिले में 31 दिसम्बर को शाम 7 बजे कर्बला दियानुतउद्दौला बहादर, काजमैन रोड, में एक महफिल व नज़्र का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन कदीम मासूम-ए-असगर ने किया है। महफिल का आगाज तिलावते कुराने पाक से होगा। महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद खिताब करेंगे। इसके बाद शायर अपने कलाम पेश करेंगे। इस मौके पर गहवारे अली असगर (अ.स) की जियारत भी करायी जायेगी। जश्न का संचालन शान आब्दी करेंगे। इसी तरह दरगाह हजरत अब्बास (अ.स) में 31 दिसम्बर को रात 9 बजे जश्ने शीर खारे कर्बला का आयोजन किया जायेगा। इस जश्न में मौलाना रजा हुसैन की तकरीर होगी। इसके बाद शायर अपने कलाम पेश करेंगे। इसी तरह मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी को ईरान में पहला इमाम खुमैनी अवार्ड मिलने की खुशी में बुधवार दरगाह हजरत अब्बास में 9.30 बजे जलसा-ए-इस्तकबाल का आयोजन किया जायेगा।

मौरावां में मिला चोरी हुआ जुलजनाह

- सय्यद फ़ैज़ी ने 50 हजार रुपये का इनाम देने की बात कही गई थी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। गत दिवस कर्बला तालकटोरा से चोरी हुआ ईरानी नस्ल का घोड़ा उन्नाव के मौरावां गाँव से बरामद कर लिया गया है घोड़े के मिलने से शिया समुदाय में खुशी देखी गयी औरतों बच्चों ने विशेषरूप से जुलजनाह चोरी होने पर गम का इज़हार किया था और इसके मिलने की लगातार दुआ की थी। जुलजनाह ढूंढने के लिए पुलिस ने सौ से ज़्यादा सीसीटीवी कमरे खंगाले थे और मुखबिरों को सक्रीय किया था। एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है।

सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी घोड़े को साथ ले जाता दिखा था। घोड़े को ले जा रहे शख्स का चेहरा क्लियर होने के बाद तालकटोरा पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। काफी जांच पड़ताल के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने घोड़े को मौरावां में बेच दिया है।

तालकटोरा पुलिस ने 3 बजे रात को मौके पर पहुंचकर घोड़े को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सलमान उर्फ छोटू के रूप में हुई है जबकि उसका एक साथी फरार है। घोड़े को पीड़ित पक्ष के सुपुर्द कर दिया गया है। पीड़ित ने मीडिया और तालकटोरा पुलिस का शुक्रिया अदा किया है। घोड़े की सुरक्षा को लेकर बताया कि वहां पर सीसीटीवी फुटेज लगना चाहिए। साथ ही गार्ड तैनात हो जो दिन रात घोड़े की सुरक्षा करे। इनाम की राशि किसे देना है, वो पुलिस तय करेगी। सय्यद फ़ैज़ी ने घोड़े को ढूंढने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने की बात कही गई थी। सय्यद फ़ैज़ी का कहना है अब इस रक़म का फैसला पुलिस ही करेगी क्यूंकि घोड़े को ढूंढने में सिर्फ पुलिस की ही भूमिका है । जानकारी के मुताबिक, इसे उत्तराखंड से साढ़े 4 लाख रुपये में लाया गया था। घोड़ा के गायब होने के बाद से शिया समुदाय के लोग मायूस थे। आरोपी पहले घोड़ा मालिक के वहां काम करता था। उसने घोड़े को डेढ़ लाख रुपये में बेच दिया था।

164वां सृजन समारोह आयोजित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से 164वां सृजन समारोह का आयोजन यूपी प्रेस क्लब में किया गया। समारोह मां पर केन्द्रित रहा और कवियों ने मां पर अपनी कविताएं पेश की। मधु पाठक मांझी के संयोजन, योगी योगेश शुक्ला के संचालन और सच्चिदानंद शलभ की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी और विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश प्रकाश उमेश, राजीव मिश्र और गिरधर खरे मौजूद थे। समारोह में सृजन के संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने घोषणा की कि विशेष विषय पर आधारित सृजन का हर संकलन प्रकाशित कराया जाएगा।

नववर्ष की हार्दिक शभकामनाएं

डॉ. वी.के. वर्मा
आयुष विकित्साधिकारी
प्रबंधक

गौतम बुद्ध मुरारी देवी बालिका इंटर कॉलेज, गोटवा, बस्ती (उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त)
गौतम बुद्ध कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गोटवा-बस्ती
श्री श्यामलाल वर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लोहरौली, तिलकपुर-बस्ती
गौतम बुद्ध विद्या मन्दिर, गोटवा-बस्ती
संरक्षक
पटेल एसएमएस और पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट गोटवा- बस्ती
DR. V.K. VERMA EDUCATIONAL GROUP